आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
शबरी जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 24 | उज्जैन, रविवार 08 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com


# अमेरिका ने पीओके-अक्साई चीन को भारत का हिस्सा बताया

## ट्रेड डील के बाद इंडियन मैप शेयर किया, सोशल मीडिया पर वायरल

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन/नई दिल्ली

भारत और अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने इंडियन मैप शेयर किया।

इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और अक्साई चीन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।




- **1947:** भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं।
- **1947-48:** पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है।
- **भारत का दावा-** भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है।
- **पाकिस्तान का दावा-** पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए। पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है।

## देश विदेश

### बालिगों को शादी के लिए परिवार या समाज की मंजूरी जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि लड़का-लड़की यदि अपनी स्वतंत्र इच्छा और आपसी सहमति से विवाह करना चाहते हैं, तो इसके लिए न तो परिवार और न ही समाज की मंजूरी आवश्यक है। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी चुनना व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता का हिस्सा है, जिसमें किसी भी तरह का हस्तक्षेप असंवैधानिक है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की एकल पीठ ने कहा कि विवाह करना व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और आजादी से जुड़ा विषय है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित अधिकार है। कोर्ट ने दोहराया कि जब दो वयस्क अपनी मर्जी से शादी करते हैं, तो उनके इस निर्णय का सम्मान किया जाना चाहिए और इसमें राज्य, समाज या परिवार को दखल देने का कोई अधिकार नहीं है।

### सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है। यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिए दायर जवाब में सोनिया ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी।

### हेरा फेरी 3 एक बार फिर मुश्किल में



**प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला के पास राइट्स नहीं साउथ के प्रोड्यूसर ने कोर्ट में लगाई याचिका**

**मुंबई।** बॉलीवुड की प्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी 3 फिर से सुर्खियों में आ गई है, लेकिन इस बार वजह है कानूनी झगड़ा और राइट्स विवाद। साउथ फिल्म निर्माता सेवन आर्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने दावा किया है कि फिल्म के राइट्स असल में उनके पास हैं, न कि निर्माता फिरोज नाडियाडवाला के पास। इस बात को लेकर उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एचटी सीटी में छपी खबर के मुताबिक, साउथ निर्माता जीपी विजयकुमार ने 2022 में मलयालम फिल्म रामजी राव स्पीकिंग के ओरिजिनल निर्माताओं से हेरा फेरी फ्रैंचाइजी के अधिकार खरीद लिए थे। उनका कहना है कि फिरोज नाडियाडवाला को केवल इस मूल फिल्म का एक हिंदी रीमेक बनाने की अनुमति दी गई थी, जो 2000 में रिलीज हुई। लेकिन नाडियाडवाला ने 2006 में फिर हेरा फेरी भी बना दी और अब तीसरे भाग के अधिकार तक बेच दिए हैं, जो कि उनके पास बनाने का कोई वैध अधिकार नहीं था। सेवन आर्ट्स के एमडी विजयकुमार के अनुसार, फिर हेरा फेरी के समय पर किसी ने इस अधिकार उल्लंघन को पकड़ा नहीं था क्योंकि पहली फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन से उनके अच्छे रिश्ते थे। लेकिन अब जब हेरा फेरी 3 की योजना बनी तो असल मालिकों को एहसास हुआ कि नाडियाडवाला ने सीक्वल और किरदारों का इस्तेमाल बिना अनुमति किया है। उन्होंने यह भी बताया कि नाडियाडवाला ने वही अधिकार अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस कैप ऑफ गुड फिल्म्स को बेचे, जिसके खिलाफ उन्होंने लीगल नोटिस भेजा और कोर्ट का सहारा लिया।

### इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं। दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है।

### बांग्लादेश को 30 साल बाद नया प्रधानमंत्री मिलेगा

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा : कंटेनर ने 15 को कुचला

# 6 लोगों की मौत, कई घायल गंभीर

एजेंसी ▸▸ मथुरा

यूपी के मथुरा जिले में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली से कानपुर जा रही एक बस के कुछ यात्री लघुशंका के लिए एक्सप्रेस-वे पर उतरे थे। बस चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस रोकने के बजाय सड़क किनारे ही वाहन खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले बस को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े यात्रियों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया।

हादसे में सोनू (औरैया), देवेश (बस्ती), असलम (कन्नौज), संतोष (दिल्ली) समेत छह लोगों की मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।





- घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेस-वे पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारू कर दिया गया। पुलिस कंटेनर चालक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।
- प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस को असुरक्षित स्थान पर खड़ा किया जाना हादसे का प्रमुख कारण हो सकता है। एक्सप्रेस-वे पर केवल निर्धारित ग्रीन जोन में ही वाहनों को रोकने के निर्देश हैं। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत राहत एवं बचाव कार्य तेज करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर कांग्रेस का हमला

# पटवारी ने मोदी सरकार पर लगाया किसानों के हितों की बलि देने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में भारतीय किसानों के हितों से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि इस डील के तहत अमेरिका से आने वाले कई कृषि और खाद्य उत्पादों पर टैरिफ और नॉन-टैरिफ बाधाएं घटाई गई हैं, जिससे भारतीय बाजार अमेरिका के लिए और खुल जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे पहले से संकट झेल रहे भारतीय किसानों पर विदेशी प्रतिस्पर्धा का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

भारत और अमेरिका के बीच घोषित अंतरिम व्यापार समझौता जारी होने के बाद कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में भारतीय किसानों के हितों की बलि दे दी है। उन्होंने संयुक्त बयान का हवाला देते हुए कहा कि जैसा अंदेशा था वही ही हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते में अमेरिका से भारत आने वाले कई कृषि और खाद्य उत्पादों पर टैरिफ हटाने या कम करने की बात साफ तौर पर लिखी गई है। इसमें अमेरिका के फल, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ड्राई फ्रूट और अन्य कृषि-आधारित उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों पर लगे नॉन-टैरिफ बैरियर घटाने पर भी सहमति जताई है, जिसका अर्थ है कि भारतीय बाजार अमेरिका के लिए और अधिक खोला जा रहा है।

## इंदौर में टीचर्स के मीम्स बनाए तो स्कूल से निकाला

# सुप्रीम कोर्ट ने आईसीएसई बोर्ड और एमपी सरकार से 13 तक मांगा जवाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंस्टाग्राम पर शिक्षकों के मीम्स साझा करने के आरोप में इंदौर के एक प्रतिष्ठित स्कूल से निकाले गए 14 वर्षीय छात्र को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी उम्मीद जगी है। इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि बच्चे की शिक्षा किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होनी चाहिए।

जस्टिस बी.वी. नागरथना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने मध्य प्रदेश सरकार, आईसीएसई बोर्ड और स्कूल प्रबंधन सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 13 फरवरी 2026 तक जवाब मांगा है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह मामला केवल स्कूल के अनुशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बच्चे के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा है। अदालत ने प्रशासन से पूछा है कि छात्र को बोर्ड परीक्षा में शामिल कराने के लिए क्या व्यावहारिक रास्ता निकाला जा सकता है? कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित अथॉरिटी अपने जवाब में यह स्पष्ट करें कि छात्र की शिक्षा जारी रखने के लिए किस संस्था की क्या जिम्मेदारी होगी।

### यह है पूरा मामला



यह विवाद इंदौर के लिटिल वंडर्स कॉन्वेंट स्कूल का है। आरोप है कि 9वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर एक प्राइवेट अकाउंट बनाया और वहां शिक्षकों से जुड़े कुछ आपत्तिजनक मीम्स शेयर किए। स्कूल प्रबंधन को जब इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने इसे घोर अनुशासनहीनता मानते हुए छात्र को स्कूल से निष्कासित कर दिया। इंदौर हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद छात्र के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## किसानों का हंगामा प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़कर निकले केंद्रीय मंत्री

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

वाराणसी में केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान प्रेस कॉन्फ्रेंस छोड़कर निकल गए। वो 1 फरवरी को पेश हुए मोदी सरकार के बजट पर चर्चा के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे। इस इस दौरान किसानों ने विरोध कर दिया। जमकर नारेबाजी की। काशी द्वार आवासीय योजना के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर सवाल किए।

किसानों ने केंद्रीय मंत्री को घेर लिया। मंच के करीब आकर बहस करने लगे। मंत्री की उनसे कहासुनी भी हुई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। हालात बिगड़ते देखकर मंत्री कमलेश पासवान मंच से उतरे और बाहर चले गए। मंत्री के जाने के बाद भी हंगामा होता रहा। स्थानीय नेताओं ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे 10 किसानों को हिरासत में ले लिया।

## मलेशिया पहुंचे मोदी को रिसीव करने खुद पीएम इब्राहिम आए

### पीएम बोले- ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम, यहां जल्द यूपीआई लॉन्च करेंगे

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया।

इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा, यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पेमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा- पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।

## अलीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन से 1200 करोड़ का फ्रॉड टला

# 7 राज्यों से 12 साइबर ठग अरेस्ट

### रिटायर बैंक अफसर से एक करोड़ वसूले

एजेंसी ▸▸ अलीगढ़

अलीगढ़ में रिटायर्ड बैंक अफसर से 1.10 करोड़ रुपए की ठगी की गई। इसमें शामिल 12 साइबर ठगों को 7 राज्यों से अरेस्ट किया गया है। ये शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लोगों को 200 प्रतिशत मुनाफे का लालच देते थे। फिर वाट्सएप ग्रुप पर जोड़कर पूरी जानकारी हासिल कर लेते थे।

पुलिस ने समय रहते शातिर ठगों को गिरफ्तार कर 1200 करोड़ की ठगी को रोक लिया। इसके बाद 600 फर्जी वाट्सएप ग्रुपों को बंद कराया। इनमें 1.5 लाख लोग मुनाफे के लालच से जुड़े हुए थे। इन आरोपियों पर कई राज्यों में 13 से अधिक साइबर ठगी की शिकायतें पहले से दर्ज हैं।

### 45 दिन तक झांसे में रखकर 1.10 करोड़ ठगे



दिनेश कुमार शर्मा स्वर्ण जयंती नगर में रहते हैं। वह पंजाब नेशनल बैंक से डिप्टी जनरल मैनेजर पद से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया- साइबर ठग 2 नवंबर से मुझे झांसे में लिए हुए थे। ठगों ने शुरूआत में वाट्सएप पर एक लिंक भेजा। इसके जरिए शेयर मार्केट में पैसे लगाने को कहा। 35 से 40 प्रतिशत का मुनाफे का लालच दिया। पहले यह बात मेरे समझ में नहीं आई। फिर 16 दिसंबर, 2025 को थोड़ा पैसे इंवेस्ट की बात कहने पर मैंने पांच हजार रुपए लगा दिए। हमें एसआईपी प्रॉफिट क्लब जैसे आकर्षक नाम वाले दो वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया।

### 200 परसेंट मुनाफे का लालच दिया

ये ठग ग्रुप में खुद को एक्सपर्ट बताते थे। रोजाना शेयर मार्केट में भारी मुनाफे के स्क्रीनशॉट और वीडियो शेयर करते थे। इसे देखकर मैं भी लालच में आ गया। अब कोई चीज रोज-रोज देखो, तो उसका कुछ फर्क तो पड़ता ही है। मैं वहीं मात खा गया। शातिर ठगों ने इसी का फायदा उठाकर 200 प्रतिशत तक रिटर्न का लालच दिया। अलग-अलग किश्तों में उनसे कुल 1,10,70,000 रुपए निवेश करा लिए। इस दौरान मुनाफे की कोई भी रकम उनके पास नहीं आई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# नगर निगम के पीछे नजर अली मिल कैंपस से हटा मजार के आसपास का अतिक्रमण

भारी संख्या में पुलिस बल एवं नगर निगम के कर्मचारी रहे उपस्थित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के पीछे स्थित नजरअली मिल (जूना मिल) कैंपस से शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां पर मजार और उसके आसपास कई लोगों ने कब्जा कर लिया था। देर शाम तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी थी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे। यहां वर्ग विशेष के लोग भी अच्छी संख्या में जुटे हुए थे।

नगर निगम जोन 2 के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर के अनुसार ये पूरा नगर निगम परिसर ही है। इसमें एक स्थान पर करीब 8-10 हजार वर्ग फीट जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। इसे लेकर नोटिस दिया गया था। साल 2000 से यहां मजार और आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण किया गया । अतिक्रमण हटाने के दो नोटिस दिए जा चुके हैं। संतोषप्रद जबाव नहीं मिलने के बाद अब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे नगर निगम की टीम 3 जेसीबी, दो डंपर और 50 से अधिक कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीएसपी कोतवाली राहुल देशमुख (आईपीएस) के नेतृत्व में तीन थानों का पुलिस बल भी मौके पर तैनात है।









### जेसीबी से हटाकर पूरा इलाका मैदान किया

मुहिम के दौरान वर्ग विशेष के लोग भी पहुंचे और मजार नहीं हटाने की मांग की थी। निगम की टीम ने पहले मजार के आसपास का अतिक्रमण हटाया। घनी झाड़ियों और पेड़-पौधों को जेसीबी से हटाकर पूरा इलाका मैदान किया गया। दिन में कार्रवाई रोक दी गई थी। इसके बाद अपराह से एक बार फिर कार्रवाई अंजाम दी गई । इस दौरान वर्ग विशेष के लोग वहां जमा हो गए थे। पुलिस ने परिसर खाली करवाया और नगर निगम की गैंग कार्य कर रही थी। एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर के अनुसार एहतियात के बतौर पुलिस बल तैनात किया गया है। नगर निगम काम कर रहा है।

**सप्त सागरों पर विशेष सफाई कार्य प्रारंभ किया गया-** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा सप्तसागरो एवं जलस्त्रोतों को साफ, स्वच्छ रखे जाने तथा आस पास से अतिक्रमण हटाए जाने के सम्बंध में निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को समीक्षा बैठक में निर्देशित किया था कि सप्त सागरो पर सफाई कार्य किया जाए इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा क्षीरसागर, विष्णु सागर, पुरुषोत्तम सागर एवं दो तालाब पर विशेष सफाई अभियान कार्य प्रारंभ किया गया

## पूरी सडक पर जश्न

सडकों पर जमकर बैंड बज रहा हैझ बारात के आगे झ आगे डीजे का माडिफाईड वाहन सडक को पूरा कवर करके चल रहा है। पीछे झपीछे जाम लग रहा है और वाहन चालक कसमसा रहे हैं। पीछे बैठी महिला सवारी और आगे बैठा बच्चा डीजे की अंधाधुध आवाज में दिल बैठाने वाली आवाज को सहन कर रहे हैं। कान अंदर से चिल्ला रहे हैं अब फटू या तब फटू। संवेदनशीलता किसी में नजर नहीं आ रही है। नाचने वाले अपनी मस्ती में मस्त हैं और डीजे वाला उन्हें नचाने में। शहर में अमूमन पिछले दो दिनों में शाम से रात तक यही आलम देखने को मिला है। शुक्रवार रात को नए शहर के फ्रीगंज में तो पूरी सडक पर ही टेंट तंबू तना हुआ रहा। आवागमन करने वाले मुहाने पर पहुंचकर मार्ग बदलते रहे। अनुमति के नाम पर बस कागज जारी हो रहा है। न तो इसकी निगरानी की जा रही है और न ही अनुमति की शर्तों का पालन ही कहीं देखने में आ रहा है। सब कुछ मनमानी पर चल रहा है। कानून झकायदे ,नियम सब कुछ हवा हो गए हैं। खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब शहर में बारातों एवं बैंड को लेकर नियम जारी किए गए थे। सडक के फूटपाथ पर ही निकाला जाए। सडक अगर पूरी जाम मिली या दिखी तो ऐसे में बैंड वर्दी केंद्र पर जमा हो जाएगा। अनुमति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी। तत्कालीन अधिकारियों ने बोला ही नहीं करके भी दिखाया । बाद में बहुत अधिक दबाव आया तो आधी सडक तक ही बारात ओर बैंड निकालने पर स्वीकृति दी । उसमें भी शर्तों के तहत आयोजनकर्ता एवं बैंड पार्टी को बाध्य कर दिया गया। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी लगाम लगाई गई। हालिया स्थिति में सब कुछ गौण होता नजर आ रहा है। विवाह मुहूर्त दिवसों पर आमजन बेचारा कसमसा रहा है। डीजे वाला भैया इतने डेसीबल पर गाना बजा रहा है कि नाचने वाला ही थर्रा रहा है। डीजे में लगे साउंड सिस्टम बजने के दौरान ऐसे कांपते है जैसे बर्फ बारी के बीच किसी को नग्न खडा कर दिया गया हो।




## वार्ड 38 में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण एवं एजिंग कार्य का भूमि पूजन संपन्न किया

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता के प्रयासों से क्षेत्र में सीमेंट कांक्रीट रोड एवं एजिंग कार्य का भूमि पूजन शनिवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता, महामंत्री कमलेश बैरवा, आनंद खींची की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

# लापरवाही का आलम देखिए..

## उखड़कर पुलिस चौकी के ऊपर गिरा कई किलो वजनी साईन बोर्ड अभी भी खतरनाक स्थिति में..

### कभी भी हो सकता है धराशाही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग श्रद्धालुओं के लिए कितने सुरक्षित है उसका एक ताजा उदाहरण हरीफाटक पुल के समीप देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों हरीफाटक पुल के नीचे रोटरी के समीप लगा एक साईन बोर्ड अचानक उखड़कर गिर गया। कई किलो वजनी यह बोर्ड सीधा पुलिस चौकी के ऊपर गिरा। गनीमत यह रही की उस दौरान चौकी पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। उस समय पुलिस चौकी के आसपास कुछ श्रद्धालु जरूर खड़े थे लेकिन किसी को भी कोई चोंट नहीं आई। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस बोर्ड को उखड़ कर गिरे काफी समय हो गया है। लेकिन अभी भी यह खतरनाक स्थिति में है और सिर्फ पुलिस चौकी के सहारे टिका हुआ है। किसी भी दिन यह वापस नीचे गिर सकता है और यहां फुटपाथ पर खड़े रहने वाले लोगों को नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन लापरवाही देखिए पिछले कई समय से यह कई किलो वजनी टूटा साईन बोर्ड पुलिस चौकी के सहारे टिका हुआ है ना तो इस बोर्ड को हटाया जा रहा है ना ही रिपेयर करवाकर वापस लगवाया जा रहा है। अभी भी यह टूटा हुआ बोर्ड हरिफाटक पुल के पास चौकी के ऊपरी हिस्से के सहारे टिका हुआ है जो कभी भी गिर सकता है और यहां खड़े रहने वाले लोगों को नुकसान पहुंचा सकता है।




### श्रद्धालुओं की जान जोखिम में

हरिफाटक पुल के समीप जिस जगह साइन बोर्ड टूट कर पुलिस चौकी के ऊपर गिरा हुआ है और चौकी के सहारे टिका हुआ है। वहां के फुटपाथ पर हमेशा महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु खड़े रहते हैं। और मंदिर जाने के लिए रिक्शे का इंतजार करते हैं। उखड़कर चौकी के ऊपर गिरे वजनी बोर्ड की वजह से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



**पुलिस चौकी भी हुई क्षतिग्रस्त-** सूचना बोर्ड टूटकर सीधा पुलिस चौकी के ऊपर गिरा इस कारण पुलिस चौकी भी क्षतिग्रस्त हो गई और चौकी के ऊपर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण पुलिसकर्मी भी चौकी में नहीं बैठ पा रहे हैं।खास बात यह है कि गिरने के बाद इस सुचना बोर्ड को चौकी के ऊपर से भी नहीं हटाया गया है। इस कारण पुलिसकर्मी चौकी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

शिव नवरात्र दूसरे दिन

# मुकुट, मुण्ड माला, नागकुंडल एवं फलों की माला के साथ दिव्य श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शिव नवरात्र के दुसरे दिन भगवान श्री महाकालेश्वर को मुकुट,मुण्ड माला, नाग कुंडल एवं फलों की माला के दि०?य श्रृंगार किया गया। भगवान के दिव्य दर्शन इस दौरान श्रृद्धालुओं ने किए हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि का उत्सव बड़ी धूम-धाम व उल्हास के साथ मनाया जा रहा है। शिव नवरात्रि के दूसरे दिन संध्या पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर ने दिव्य रूप में भक्तों को दर्शन दिये। भगवान श्री महाकालेश्वर को के नवीन वस्त्र के साथ मेखला, दुप्पटा, मुकुट, मुंड-माला, छत्र आदि से सुसज्जित कर भगवान जी का भांग, चंदन व सूखे मेंवे से श्रृंगार किया गया। साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर को मुकुट, मुण्ड माला, नागकुंडल एवं फलों की माला के साथ दिव्य श्रृंगार किया गया ।रविवार 8 फरवरी को श्री महाकालेश्वर भगवान का चन्दन व भांग का श्रृंगार कर बाबा को शेषनाग धारण करवाया जायेगा।

शिव नवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिवस का प्रारम्भ श्री महाकालेश्वर मंदिर कोटितीर्थ कुण्ड पर प्रातः 08 बजे से श्री गणेश पूजन व श्री कोटेश्वर महादेव भगवान का पूजन-अभिषेक-आरती के साथ हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राम्हाणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान जी का अभिषेक एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ से किया गया । पूजन का यह क्रम 14 फरवरी तक प्रतिदिन चलेगा । अपराह्न में 3 बजे संध्या काल पंचामृत पूजन के पश्चात श्री महाकालेश्वर भगवान का दिव्य श्रृंगार किया गया।

परिवार और शुभचिन्तकों की ओर से
जन्मदिन की नवीं वर्षगांठ
पर प्रेम और स्नेहपूर्ण शुभाशीष




कुंवर प्रखरसिंह तोमर
(सबका प्यारा सबका दुलारा)
आशीर्वाददाता
समस्त तोमर परिवार हरिओम विहार, उज्जैन

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

पानी के लिए ज्ञापन , चक्काजाम आंदोलनक किया था किसानों ने

# कालीसिंध में आया नर्मदा का पानी, किसानों के चेहरों पर रौनक लौटी

### करीब 30 गांव के किसानों की गेहुं, प्याज,लहसून की फसल की बहार लौटेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अंततः किसानों के आंदोलन पर उनकी सुनवाई हुई है। फसलें प्यास के मारे सूखने लगी थी इसी की सिंचाई के लिए किसानों ने कालीसिंध नदी में नर्मदा का पानी छोडने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया था। पानी को अन्य स्थान पर रोकने की स्थिति में किसानों ने इंदौर-झालावाड नेशनल हाईवे जाम किया था। किसानों की मांग पर कालीसिंध में नर्मदा का भरपूर पानी आ गया है। करीब 6 स्टापडेम भरे जा रहे हैं। 30 गांव के लाभांवित होने वाले किसानों ने चुनरी ओढाकर अपनी खुशी का ईजहार किया है।

माकडौन क्षेत्र के करीब 30 गांव में फसल पानी के अभाव में सूखने जैसे हालात में आने लगी थी। काली सिंध नदी के खाली होने पर किसानों ने नर्मदा की पाईप लाईन से पानी छोडने की मांग उठाई थी। भारतीय किसान संघ के बैनर तले इसे लेकर ज्ञापन दिया गया था। नर्मदा से पानी छोडने के दौरान बैराज बंद करने पर किसानों ने नाराजगी जताते हुए नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया था। इसके उपरांत प्रशासन एवं नर्मदा घाटी के अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठकर मामले में चर्चा करते हुए पानी छोडा है। पानी रविवार को पाट स्टाप डेम तक पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है।

### 4 जगह से खोले वाल्व

नर्मदा की पाईप लाईन के क्षेत्र में बिसमखेडी, नोगामा, खाकरी सुल्तानपुर,कचनारिया में 4 स्थानों पर वाल्व हैं। गत दिवस कंपनी के सीएमडी देवेन्द्र पटेल की उपस्थिति में ये वाल्व कर्मचारियों ने किसानों के सामने खोले एवं इससे जमकर पानी की आवक हुई है। किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार करीब 6 स्टापडेम में पानी भरेगा। अंतिम स्टापडेम पाट का है जो ऋषिकेश धाम पिपल्या बाजार गांव से 30 किलोमीटर दूर है। ऐसे में हजारों किसानों को इस पानी से लाभ होगा।

**चुनर यात्रा निकाल महाआरती की-** भारतीय किसान संघ जिला उज्जैन ने जीवनदायनी मां नर्मदा का पानी छोटी कालीसिंध में छोड़े जाने पर चुनर यात्रा एवं महाआरती का आयोजन रखा गया। इस दौरान ऋषिकेश धाम पिपल्या बाजार गांव में पूजन एवं आरती करते हुए मां नर्मदा को चुनर ओढाई गई। इस यात्रा में क्षेत्रीय किसानों ने बडी संख्या में हिस्सेदारी की। इसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, माकड़ौन तहसील अध्यक्ष सोनू बना आदि कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवचरण शर्मा जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला उज्जैन ने किया।

**किसानों की मोटरें उगलने लगी पानी-** जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार जैसे-जैसे स्टापडेमों में पानी भरते जा रहा है किसानों के पानी लेने का क्रम शुरू हो गया है। खेतों में गेंहु की फसल को नई जान मिल सकेगी। अभी सिंचाई के अभाव में पौधे कमजोर पडने लगे थे। प्याज एवं लहसून में भी पानी की मांग के अनुसार सिंचाई की शुरूआत हो गई है।

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

उज्जैन | रविवार, 08 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



# ट्रक कटिंग गैंग का आतंक: बड़े और सुनसान रूट पर हर हफ्ते एक ट्रक से लूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास-इंदौर-खंडवा रोड और राऊ-सेंधवा बायपास पर सक्रिय ट्रक कटिंग गैंग ने ट्रांसपोर्ट कारोबार को दहशत में डाल दिया है। हर हफ्ते किसी एक ट्रक को गैंग लूट रही है। पुलिस की लापरवाही के चलते अभी तक बदमाशों को पकड़ा नहीं गया। ट्रक कटिंग पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। लगातार हो रही वारदातों से ट्रांसपोर्टर और वाहन मालिकों में भारी गुस्सा है।

शिप्रा पुलिस ने अनुज यादव निवासी जिला एटा की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। घटना 18 जनवरी को सर्विस रोड अर्जुन बड़ौदा के पास की है। फरियादी ने बताया, घटना के वक्त कोई बदमाश खड़े कंटेनर का ताला तोड़कर मारुति कार के स्पेयर पार्ट्स के 35 बॉक्स चुराकर ले गया। पुलिस ने दो हफ्ते बाद केस दर्ज किया।



### गैंग पहले देखती है कि चेकिंग तो नहीं चल रही

ट्रांसपोर्टर जगदीश वर्मा का कहना है, गैंग बेहद चालाकी से काम कर रही है। पहले रूट की रैकी करती है कि वहां पुलिस चेकिंग तो नहीं चल रही। फिर सुनसान रोड देखकर ट्रक को निशाना बनाती है। कुछ महीनों में लाखों रुपए का माल चोरी हो चुका है। कई मामल में बीमा कंपनियां भी दावा निपटाने में टालमटोल कर रही हैं, जिससे ट्रांसपोर्टर और ट्रक मालिक दोहरी मार झेल रहे हैं।

### इससे पहले रिंग रोड पर होती थी ऐसी वारदातें

इसी तरह लसूड़िया पुलिस को दिलशाद मंसूरी निवासी हाट पिपलिया ने बताया कि 2 फरवरी की रात वे डकाच्या से पार्सल लेकर खंडवा जा रहे थे। बायपास पहुंचे तो ट्रक का पिछला गेट खुला होना पता चला। चेक किया तो उसमें पार्सल के 18 बोरे नही थे। पहले यह गैंग रिंग रोड पर वारदातें कर चुकी है। बदमाश अंधेरे में ट्रक का तिरपाल काटकर या ताले तोड़कर माल निकाल रहे हैं।

## अमानवीय चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ: नगर निगम रिमूवल गैंग की बर्बरता

# ठेले छुड़ाने पहुंचे व्यापारियों से मारपीट, वीडियो वायरल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की रिमूवल गैंग का अमानवीय चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्रवाई करने वाली इस टीम के प्रभारी मोनू थनवार ने अपनी मयार्दा लांघते हुए फुटकर व्यापारियों के साथ सरेआम मारपीट की। मामला तब बिगड़ा जब लगभग 30 छोटे व्यापारी अपने जब्त किए गए ठेले वापस लेने की गुहार लगाने फायर ब्रिगेड परिसर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बातचीत के दौरान गैंग प्रभारी ने अपना आपा खो दिया और एक व्यापारी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों और महिलाओं ने मौके पर जमकर हंगामा किया और चक्काजाम का प्रयास भी किया। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है, लेकिन किसी गरीब की रोजी-रोटी छीनकर उन पर हाथ उठाना सरासर गुंडागर्दी है। मारपीट की इस घटना के बाद पुलिस ने गैंग प्रभारी की शिकायत पर तीन व्यापारियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। यानी बात साफ है निगम ने व्यापारियों की गुमटी भी जप्त कर ली व्यापारियों ने भी मारपीट की और प्रकरण भी दर्ज करवा दिया।





### यह है पूरा मामला

घटनानुसार शुक्रवार को हरिसिद्धि मंदिर के पीछे हाथ ठेला व्यापारी महिलाओं के साथ अपने जब्त ठेले छुड़वाने के लिए आगर रोड स्थित निगम कार्यालय पहुंचे। उन्हें निगम के गैंग प्रभारी मोहन थनवार और अन्य साथियों ने समझाईश दी कि निगम कमिश्नर के आदेश पर ही ठेले छूट पाएंगे, लेकिन वह तुरंत ठेले छोड़ने पर अड़ गए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर थनवार ने व्यापारी को पीट दिया। बीच सड़क पर विवाद के कारण काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी। वहीं, घटना से महिला और अन्य व्यापारियों भड़क गए और चक्काजाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप पर वह सफल नहीं हो पाए। इस दौरान कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिसमें तू तू मैं मैं के बाद गेंग प्रभारी व्यापारी को पीटते हुए नजर आ रहे हैं।

### यह बोले नगर निगम गैंग प्रभारी

नगर निगम के गेंग प्रभारी मोहन थनवार ने बताया कि नगर निगम कमिश्नर के आदेश पर झालरिया मठ के पास कार्रवाई करते हुए कुछ अवैध ठेले जब्त किए थे। ये ठेले फायर ब्रिगेड परिसर में रखे गए थे। आज संजय चौहान, कालू चौहान और अर्जुन कहार अपने साथ कुछ महिलाओं को लेकर आये और ठेले छोड़ने की बात कही। उन्हें समझाया कि कमिश्नर के आदेश पर ही ये छूट पाएंगे, लेकिन वो जबरदस्ती करने लगे जब हमने उन्हें रोका तो मारपीट पर उतारू हो गए और गाली-गलौज करने लगे। संजय, कालू और अर्जुन के खिलाफ मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया गया है। इन लोगों के खिलाफ मारपीट, एट्रोसिटी एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा के मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है।

# 5 हजार से ज्यादा कैश नहीं ले सकेंगे पदाधिकारी

## सहयोग निधि में पारदर्शिता के लिए बनाई गाइड लाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा ने आजीवन सहयोग निधि अभियान में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब 20 हजार रुपये से अधिक की सहयोग राशि देने वाले दानदाताओं से पैन कार्ड लेना अनिवार्य होगा, जबकि 5 हजार रुपये से अधिक की राशि नकद स्वीकार नहीं की जाएगी। पांच हजार से ऊपर की राशि केवल चेक या बैंकिंग माध्यमों से ही ली जाएगी।

प्रदेश भाजपा का यह आजीवन सहयोग निधि अभियान 11 फरवरी से शुरू होकर करीब दो महीने तक चलेगा। अभियान को पूरी तरह टारगेट आधारित बनाया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले को अलग-अलग राशि जुटाने का लक्ष्य दिया जाएगा, जिसे जिले के संगठनात्मक ढांचे, गतिविधियों और सालाना खर्च के अनुमान के आधार पर तय किया जाएगा। जिन जिलों में संगठन बड़ा और गतिविधियां अधिक हैं, वहां लक्ष्य भी उसी अनुपात में ज्यादा रखा जाएगा। अभियान के संचालन के लिए जिलों में जिला प्रभारी और जिला सह-प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। राज्य स्तर पर भी प्रभारी और सह-प्रभारी बनाए गए हैं। प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी पूर्व विधायक गोपी कृष्ण नेमा को सौंपी गई है, जबकि पूर्व सांसद आलोक संजर और सतना के महापौर योगेश ताम्रकार को सह-प्रभारी बनाया गया है।

**राशि का उपयोग जिला कार्यालयों के संचालन के लिए** -भाजपा संगठन ने स्पष्ट किया है कि आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से जुटाई गई राशि का उपयोग जिला कार्यालयों के संचालन, संगठन विस्तार, प्रशिक्षण शिविरों, बैठकों, नियमित प्रशासनिक खर्चों और कार्यकताओं के प्रवास आदि पर किया जाएगा।

# महाकाल की शरण में पहुंचे प्रसिद्ध गायक मीका सिंह

## भस्म आरती में हुए शामिल, बोले- मैं बहुत भाग्यशाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक मीका सिंह ने आज बाबा महाकाल के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने उज्जैन स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक, भगवान महाकालेश्वर की प्रातः कालीन भस्म आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ लिए। आरती के दौरान मीका भक्तिभाव में डूबे नजर आए।

मंदिर पहुंचने पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने मीका सिंह का आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया। इस अवसर पर उन्हें बाबा महाकाल का प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। दर्शन के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए मीका सिंह ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे आज महाकाल के दर्शन हुए। आरती का अनुभव अद्भुत था।

गायक ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और भव्य माहौल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां का वातावरण बहुत ही शांतिपूर्ण और प्यारा है। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने परिवार और प्रशंसकों की सुख-समृद्ध के लिए प्रार्थना करने आए हैं और जब भी मौका मिलता है, यहां जरूर आते हैं।



## बजट के पूर्व विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा की गयी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश का बजट आगामी 18 फरवरी को प्रस्तुत किया जायेगा। बजट के पूर्व आम जनता के सुझाव लिये गये। साथ ही बजट के संबंध में विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा की गयी। इस बार का बजट अच्छा और जन हितैषी आयेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा नायता मुण्डला इंदौर स्थित ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सुमित मिश्र सहित अनिल गुप्ता, सौरव राठी, उत्तम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी की सराहना करते हुये कहा कि यह एक अच्छा और बेहतर आयोजन है। इस आयोजन से दाल मिल मालिकों और व्यापारियों को एक नई दिशा मिलेगी। प्रदर्शनी में ताईवान,कनाड़ा, इग्लैण्ड आदि देशों की आधुनिकतम मशीनों को प्रदर्शित किया गया।

## विष्णु भटनागर स्मृति आदरांजलि में चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# कलाकार का सृजन सदा जीवित रहता है : महामंडलेश्वर डॉ स्वामी सुमनानंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध चित्रकार, साहित्यकार, पुराविद् एवं कला समीक्षक डॉ विष्णु भटनागर के 20 वें स्मृति दिवस पर राजस्व कालोनी स्थित क्लब फनकार में आदरांजलि कार्यक्रम तथा चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ स्वामी सुमनानंद पीठाधीश्वर मौनतीर्थ पीठ ने कहा कि कला सृजन में कला और कलाकार एकाकार होते हैं। कलाकार के न रहने पर भी उसका सृजन सदा जीवित रहता है।




कला परंपरा में शिष्य की पहचान गुरु से होती है ।डॉ विष्णु भटनागर ने योग्य गुरु से कला को ग्रहण कर अपने शिष्यों को योग्य बनाया। उनका काम आज भी उन्हें जीवित बनाए हुए है। कार्यक्रम में मूर्तिकार राधा किशन वाडिया ने चित्रकार विष्णु भटनागर के साथ बिताए संस्मरणों को साझा किया।

माधव कॉलेज चित्रकला विभाग की अध्यक्ष प्रो अल्पना उपाध्याय ने कहा कि कला गुरु डॉ भटनागर ने अपने सादगी भरे व्यवहार से आसानी से कला के गुर सिखाए। अध्यक्षीय उद्बोधन में सम्राट विक्रमादित्य वि वि के पुराविद् डॉ रमण सिंह सोलंकी ने कहा कि डॉ भटनागर चित्रकार, साहित्यकार उत्कृष्ट दर्जे के पुरातत्व वेत्ता थे। उन्होंने डोंगला आब्जर्वेटरी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा भटनागर ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। साहित्यकार डॉ पुष्पा चौरसिया एवं संतोष सुपेकर ने क्लब फनकार की निदेशक सुश्री वसु गुप्ता का शाल श्रीफल से सारस्वत सम्मान किया। इस अवसर पर नगर की प्रतिभावान चित्रकार श्रीमती सुनील खंडेलवाल के चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ तथा उनका सारस्वत सम्मानअतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया।

## नए ब्रिज की लेन को लेकर तकरार: निगम की मांग लाइट-ड्रेनेज भी रेलवे देखे

# जनप्रतिनिधि बोले-फोर नहीं सिक्स लेन बने

### रेलवे खुद खर्च से फोरलेन से ज्यादा नहीं बना सकता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रतलाम मंडल इंदौर रेलवे स्टेशन के विस्तार के लिए शहर की लाइफलाइन शास्त्री ब्रिज को नए स्वरूप में बनाने को तैयार है, प्रस्ताव भी भेजा चुका है। लेकिन इस मामले में दो उलझने आ गई हैं। जनप्रतिनिधि इस ब्रिज को सिक्सलेन बनवाने के प्रयास में है, जबकि रेलवे खुद के खर्च पर फोरलेन से अधिक का ब्रिज नहीं बना सकता। इंदौर नगर निगम ब्रिज निर्माण सहित अन्य यूटिलिटी का जिम्मा उठाने को तैयार नहीं है। भविष्य में यहां मेट्रो स्टेशन भी आना है। ऐसे में प्रोजेक्ट की प्लानिंग दोनों एजेंसी को मिलकर करनी होगी।

रेलवे ने जो प्रोजेक्ट स्वीकृति के लिए भेजा है, उसमें यहां बनने वाले मेट्रो स्टेशन से कनेक्टिविटी का बिंदु भी है। रतलाम मंडल डीआरएम अश्वनी कुमार ने बताया, फाइनल डीपीआर बनाते समय ध्यान रखा जाएगा कि मेट्रो स्टेशन निर्माण में दिक्कत न हो। ऊंचाई बढ़ने पर एमजी रोड, रीगल की ओर भुजाएं बढ़ेंगी। सांसद शंकर लालवानी ने कहा- फोर लेन के बजाय सिक्स लेन बनाना चाहिए।



**डीआरएम बोले- मेट्रो और रेलवे स्टेशन के बीच कनेक्टिविटी होगी**

### निगम ने ही बनाया था माणिकबाग आरओबी

शास्त्री ब्रिज मामले में निगम भले ही राशि खर्च नहीं करना चाहता, लेकिन 2002झ2003 में निगम ने माणिकबाग ब्रिज का पूरा खर्च वहन किया था। दूसरी ओर रेल मंत्रालय ने कॉस्ट शेयरिंग के आधार पर नियम तय किए है। इसमें रेलवे टूलेन व फोरलेन ब्रिज ही बना सकता है, सिक्सलेन नहीं।

### महापौर ने कहा- यूटिलिटी भी पूरी दें

शास्त्री ब्रिज को लेकर रेल और निगम अफसरों के बीच दो से तीन बैठकें भी हो चुकी हैं। निगम चाहता है कि रेलवे पहले टूझलेन ब्रिज बनाए, इसके बाद मौजूदा ब्रिज को तोड़कर टूझलेन ब्रिज बनाए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, जब रेलवे खुद की ड्राइंग डिजाइन के साथ ब्रिज बना रहा है तो यूटिलिटी भी पूरी करके दे।

### डेढ करोड़ रुपये की लागत से सांवेर को विकास कार्यों की सौगात मिली

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा की 33 ग्राम पंचायतों में लगभग डेढ करोड रुपये की राशि से अनुसूचित ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, ड्रेनेज और नाली निर्माण, छात्रावासों में नलकूप खनन,शौचालय निर्माण के कार्य होंगे। जिससे क्षेत्र का विकास होकर सैकडों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए सामाजिक,आर्थिक और शैक्षणिक विकास तथा उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा लगभग डेढ करोड रुपये की लागत के सीसी रोड, ड्रेनेज और नाली निर्माण के साथ छात्रावासों में नलकूप एवं शौचालय आदि के निर्माण कार्यों की सौगातें दी है।

## प्रशासनिक न्यायाधिपति ने की सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशासनिक न्यायाधिपति ने सामुदायिक स्तर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान में सामुदायिक मध्यस्थता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता से न केवल न्यायालयों पर भार कम होता है, बल्कि समाज में आपसी समझ, सहयोग एवं शांति भी सुदृढ़ होती है। बैठक में न्यायाधिपति ने जनसामान्य में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं पोटेंशियल ट्रेनर डॉ. मोहम्मद शमीम, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री नीरज मालवीय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर के अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न समुदायों से प्रशिक्षित किए गये सामुदायिक मध्यस्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सामुदायिक मध्यस्थों को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से उपलब्ध कराई डायरी भी प्रदान की गई।

## न्यूज-कॉलम



### ठाकुर श्री श्रीसीताराम दास ओंकारनाथ देव का 135 वां प्रादुर्भाव दिवस मनाया

**मंडलेश्वर**।स्थानीय जूना श्रीराम मंदिर में ठाकुर श्री श्रीसीताराम दास ओंकारनाथ देव जी का 135 वां प्रादुर्भाव दिवस ओंकार पञ्चमी के पावन पर्व के रूप में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर के संस्थापक पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में गुरुपादुका का विधिवत अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। इसके उपरांत ठाकुर जी की जन्म आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।कार्यक्रम के क्रम में भक्तों द्वारा नाम "हरे राम हरे कृष्णा" संकीर्तन किया गया तथा नगर में भक्ति भाव से परिपूर्ण नाम फेरी निकाली गई, जिससे पूरा वातावरण राममय हो उठा। इसके पश्चात गुरुदेव की भव्य महाआरती संपन्न हुई।समारोह के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। संपूर्ण आयोजन भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम उदाहरण बना।

### पेंशनरों की चिंता, जिला स्तर पर बंद हो रहे पेंशन कार्यालय




**बुरहानपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बुरहानपुर ने मध्यप्रदेश शासन के उस फैसले का विरोध किया है, जिसमें १ अप्रैल 2026 से जिला स्तर पर कार्यरत पेंशन कार्यालय बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले के विरोध में आज जिला बुरहानपुर में कलेक्टर महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि इस फैसले से सेवानिवृत्त होने वाले प्रदेश के कर्मचारीयों, अधिकारियों के पेंशन प्राप्ति प्रकरणों में उन्हें भोपाल के चक्कर लगाना होंगे, जिससे पेंशनरों (सिनियर सिटिजन) को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना होगा। साथ ही कुछ माह पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त नहीं होने की दशा में आर्थिक कठिनाइयों एवं परिवार का भरण पोषण की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अतः ज्ञापन के माध्यम से शासन से निवेदन किया गया है कि जिला स्तरीय पेंशन कार्यालय एवं संभागीय स्तरीय पेंशन कार्यालय पूर्व की तरह यथावत रहे। ज्ञापन देते समय प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला बुरहानपुर के सभी सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन प्रकाश मराठे उपाध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन

**बड़वानी** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवती में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मार्गदर्शन सह प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की प्रभावी तैयारी, ओएमआर शीट भरने की सही विधि, उत्तर लेखन की रणनीति तथा समय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। सत्र के दौरान शिक्षकों ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में विषय ज्ञान के साथ-साथ उत्तर प्रस्तुति और समय का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को नमुना ओएमआर शीट उपलब्ध कराई गई तथा उसे सही तरीके से भरने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### जनपद पंचायत पाटी की सामान्य सभा की बैठक होगी 11 फरवरी को

**बड़वानी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष पाटी श्री थानसिंह सस्ते की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पाटी की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत पाटी के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जनपद पंचायत पाटी के सीईओ श्री पराग पंथी से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग पाटी एवं बोकराटा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल विभाग पाटी की समीक्षा की जावेगी।

### उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा

**बड़वानी।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल संयुक्त चयन प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 का आयोजन 8 फरवरी रविवार को किया जायेगा। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षार्थी मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट के पोर्टल से स्वयं व आनलाईन कियोस्क पर जाकर प्रवेश पत्र निकालकर निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हो सकते है।

### कॉलेज स्तर पर मानव अधिकार विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत -राजपूत

**मंडलेश्वर** ।भारतीय समाज में मां अपनी बेटी को घर के सारे कार्य सिखा देती है। उसके बाद भी स्कूल कॉलेज में होम साइंस को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।होम साइंस के साथ जब स्कूल कॉलेज में बच्चों को मानव अधिकार एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा तो इस देश की उन्नति में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा लोग अपने अधिकारो को लेकर जागरूक होंगे तब लोगो के मानव अधिकारों का हनन बंद होगा और एक सुसभ्य संस्कृत और सम्पन्न समाज का निर्माण होगा जिससे हम विकसित भारत का लक्ष जल्दी प्राप्त कर लेंगे।

# मध्य प्रदेश में इंडियन डेरी एसोसिएशन के मध्य प्रदेश स्टेट चैप्टर बनाने की पहल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ इंदौर





दुग्ध संघ के कार्यालय में दिनांक 5 फरवरी को इंडियन डेयरी एसोसिएशन के मध्य प्रदेश स्टेट चैप्टर के गठन के लिए एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन डेयरी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्री सुधीर कुमार सिंह जी, इंदौर दुग्ध संघ के सीईओ श्री बलबीर शर्मा, इंडियन डेरी एसोसिएशन के सदस्य श्री मिलन मिश्रा, श्री जे आर दारूवाला, श्री श्रीनंदन शर्मा , श्री सुभाष दुबे, श्री योगेन्द्र मोहन शर्मा, इंदौर दुग्ध संघ के अधिकारी / कर्मचारी तथा डेयरी उद्योग के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया ।

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा 13.04.2025 से एमपी सीडीएफ तथा संबद्ध सभी दुग्ध संघो (भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बुंदेल खंड, जबलपुर, ग्वालियर) के प्रबंधन संभालने के साथ ही प्रबंध संचालक महोदय श्री संजय गोवाणी जी के मार्गदर्शन अनुसार सभी दुग्ध संघो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आईडीए के सदस्य श्रीनन्दन शर्मा जी, श्री जे आर दारूवाला जी इत्यादि, इंडियन डेयरी एसोसिएशन के मध्य प्रदेश स्टेट चैप्टर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे है तथा इस पहल के सूत्रधार है।

श्रीनन्दन शर्मा जी ने बताया कि इंडियन डेरी एसोसिएशन के 4 जोन और 13 चैप्टर है लेकिन मध्य प्रदेश में कोई चैप्टर नहीं है जबकि मध्य प्रदेश भारत वर्ष में दूध उत्पादन में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बाद तीसरे नंबर पर है और उत्तम क्वालिटी के दूध उत्पादन में अग्रणी है लेकिन अभी तक कोई पहल चैप्टर बनाने के लिए नहीं की गई थी !

आईडीए प्रेसिडेंट श्री सिंह जी ने अपने उदभोदन में बताया कि प्रति वषार्नुसार, अगले वर्ष छ्ढ्ष्ट का आयोजन इंदौर में किया जाएगा जिसके लिए एक कॉन्फ्रेंस हॉल और एक्सहिबिशन सेंटर की खोज हो चुकी हैं और सभी सदस्यों तथा हितग्राहियों को प्रेरित किया जाना है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

बैठक के बाद श्रीनंदन शर्मा ने प्रेसिडेंट श्री सुधीर सिंह जी का तथा सीईओ इंदौर दुग्ध संघ को अपने व्यस्त कार्यक्रमों से समय निकालकर बैठक को संबोधित करने हेतु अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया और डेयरी उद्योग के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# नेपा मिल के लिए दिल्ली में जोरदार प्रयास, केंद्रीय मंत्रियों से मिले प्रतिनिधिमंडल

## सांसद पाटिल के नेतृत्व में एचडी कुमारस्वामी और रामदास आठवले से हुई महत्वपूर्ण चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर/दिल्ली



नेपा मिल को लेकर दिल्ली में पहल तेज हो गई है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात कर मिल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने नेपा मिल को सतत रूप से चालू रखने, स्थानीय स्तर पर रोजगार बनाए रखने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण का विषय प्रमुखता से रखा। चर्चा के दौरान बताया गया कि नेपा मिल के अधिकारी और कर्मचारी पिछले 14 माह से वेतन भुगतान से वंचित हैं, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही 2007 एवं 2017 से लंबित वेतनमान लागू किए जाने की मांग भी रखी गई।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि नेपा मिल से संबंधित प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इसी कड़ी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से हुई मुलाकात में नेपा मिल के पुनरुद्धार, उत्पादन प्रक्रिया को गति देने तथा कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि नेपा लिमिटेड भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जिसके पुनरुद्धार के लिए पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा 512 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि नेपा मिल लगभग 140 गांवों की अर्थव्यवस्था से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है और हजारों परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार रही है। ऐसे में मिल का नियमित संचालन क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केशरी, सचिव संजय पवार, कर्मचारियों के प्रतिनिधि किशन चौधरी सहित नेपा लिमिटेड के सेवानिवृत्त प्रबंधक प्रशांत कुमार बैथालू शामिल रहें।

# बोरले हॉस्पिटल की लूट, गरीब का इलाज बना कमाई का जरिया




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नेपानगर के निवासी नरबदा प्रसाद यादव ने कलेक्टर से शिकायत में बताया कि उनके पुत्र नरसिंह यादव का इलाज बोरले हॉस्पिटल बुरहानपुर में 29 मई 2025 को इलाज के लिए गए थे। जिसके लिए हमने आयुष्मान कार्ड पर इलाज करने को कहा परन्तु हॉस्पिटल वालो ने आयुष्मान कार्ड पर इलाज करने से मना कर दिया। तब हमको इलाज जल्दी करवाने को कहा और पैसे जल्दी भरने को कहा गया।

तब हमने तत्काल इधर उधर से 50 हजार की व्यवस्था कर हॉस्पिटल में पैसा जमा कराया। इसके साथ ही दवाइयां, ब्लड एवं एमआरआई के रुपए अलग से दिए गए। वही हॉस्पिटल से 4 जून 2025 को छुट्टी दी गई जिसपर हमसे 45 हजार रु ओर मांगे गए, तब बताया गया कि सर्जरी पैकेज के 1 लाख रु लगते है। तब हमने 15 हजार कैश और 30 हजार ऑनलाइन पेमेंट किया, पैसे भरने के बाद हमको छुट्टी दी गई।

इसके बाद हमने 5673 रुपये की दवाइयां लेकर घर गए। हॉस्पिटल से आने के बाद बच्चे को तकलीफ ज्यादा होने पर 14.6.25, 28.6.25, 10.7.25 को ओर बताया गया। इसके बाद 9.9.25 को फिर बताया गया जहाँ एक और एमआरआई कराई गई और दवाइयां देकर घर भेज दिया गया।

हॉस्पिटल में बार बार बताने के बाद बच्चे का दर्द कम ना होने पर हम 31.11.25 को दोबारा बोरले हॉस्पिटल गए जहाँ उन्होंने फिर से ऑपिरेशन करने का बोला गया। तब हमने बोला साहब फिर ऑपिरेशन होगा और पैसा लगेगा हम गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे। तब उन्होंने कहा आपका आयुष्मान कार्ड बताओ, हमने कार्ड बताया तब जाकर आयुष्मान पर इलाज किया गया जिसका एसएमएस भी हमको ६५ हजार का आया है।कलेक्टर महोदय से हामारी यही गुजारिश है कि हम गरीब लोग बहुत परेशान हुए है अगर इलाज नही हो रहा था तो हम दूसरे हॉस्पिटल चले जाते और आयुष्मान कार्ड पर इलाज हो रहा था तो हमसे पहले पैसे क्यो लिए गए ? हम लोगो को मानसिक आर्थिक और शारिरिक रूप से परेशान किया गया है जिसके लिए हॉस्पिटल पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# बैराज निर्माण से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ेगी : मंत्री श्री चौहान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है जल संरक्षण एवं सिंचाई परियोजनाएं किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। मंत्री श्री चौहान गुरुवार को आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा ब्लॉक के ग्राम मोरिया में मोरिया गांव बैराज निर्माण कार्य के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन दोनों जल संरचनाओं से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ेगी, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी और किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। इससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय बढ़ने की प्रबल संभावना है। जिले के हर विकासखंड से लेकर ग्राम और फलियों तक विकासकार्यों में निरंतर कार्यरत हैं। सड़क पानी बिजली मकान, हर सुविधाएं निरंतर पूरे विधानसभा क्षेत्र में कोने कोने तक पहुंच रही।

मंत्री श्री चौहान द्वारा कट्ठीवाड़ा ब्लॉक के ग्राम मोरिया गांव बैराज के निर्माण कार्य जिसकी लागत 326.32 लाख रुपये है तथा कट्ठीवाड़ा ब्लॉक के ही ग्राम बिजोरिया में सुक्ता बैराज के निर्माण कार्य जिसकी लागत 362.92 लाख रुपए है का विधिवत भूमि-पूजन किया गया। इन दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। ग्रामीणों ने बैराज निर्माण की सौगात मिलने पर मंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्य जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले की 11 पंजीकृत सहकारी संस्थाओं को आयुक्त सहकारिता ने जारी किया कारण बताओं सूचना पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में पंजीकृत ११ सहकारी संस्थाओं को संयुक्त आयुक्त सहकारिता इन्दौर संभाग द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क (1) के अतंर्गत कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। पत्र में यह उल्लेखित किया गया है कि पदाधिकारियों एवं समस्त संबंधित पक्षकार सूचना पत्र का प्रतिउत्तर 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक समक्ष में उपस्थित होकर दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में नियमानुसार कार्यवाही कर संस्था के पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।

**इन संस्थाओं को जारी किया गया कारण बताओं सूचना पत्र**

सहायक आयुक्त सहकारिता श्री सुरेश सांवले से प्राप्त जानकारी अनुसार सदस्यों के हित संवर्धन के प्रति पूर्णतः उपेक्षावान होने से तथा संस्थाओं द्वारा संचालक मंडल की बैठको की सूचना नहीं देने, वार्षिक साधारण सभा का आयोजन नही करने, नियमानुसार निर्वाचन नही कराने के कारण जिले की मजदुर शिल्पी साख सहकारी संस्था मर्यादित औझर, सम्पूर्ण सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, विशाल साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सर्वांगीण नगर विकास साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़, माँ वैष्णोदेवी साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, बंकिम साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सरस्वती साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, माँ कालका महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, गंगेश्वर महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, चौकी माता बीज उत्पाद सहकारी संस्था मर्यादित चौकी, माँ रेवा क्रय-विक्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उक्त संस्थाएं विगत कई वर्षों से अकार्यशील होकर संपरीक्षक द्वारा वित्तीय पत्रकों की पुनरावृत्ति कर सतत रूप से च्च्दच्च वगीर्कृत किये जाने से तथा संस्था प्रशासक/प्रभारी अधिकारियों को कोई रेकार्ड/अभिलेख उपलब्ध नही कराये, तथा संस्था जिस उद्देश्य/प्रयोजन से पंजीकृत की गई थी।

# सांसद सोलंकी ने मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विपक्ष को दिया करारा जवाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए विस्तृत रूप से भारत सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को सदन के सामने रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनका लाभ सीधे देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में देश की प्रगति, आत्मनिर्भर भारत के विजन, जनकल्याणकारी योजनाओं और विश्व पटल पर भारत की बढ़ती भूमिका को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को प्रेरणादायी और राष्ट्र की दिशा तय करने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। वर्ष 2014 से अब तक 4.5 करोड़ से अधिक गरीब परिवार पक्के घरों में रह रहे हैं और अब 3.5 करोड़ नए घरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष भी 32 लाख से अधिक घर बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह वह कार्य है, जिसकी कल्पना कांग्रेस सरकारें कभी नहीं कर सकीं।

उज्ज्वला योजना की चर्चा करते हुए डॉ. सोलंकी ने कहा कि आज 10 करोड़ से अधिक माताओं और बहनों को धुएँ से मुक्ति मिली है। पहले चूल्हे के धुएँ से महिलाएं आंखों की रोशनी तक खो देती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके दर्द को समझा और उज्ज्वला योजना के माध्यम से उनके जीवन में प्रकाश लाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पारदर्शिता का परिणाम है कि आज छ्ढक्र्ञ से पैसे सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँचते हैं। 2014 के बाद कोई बड़ा घोटाला सामने नहीं आया, जबकि 2014 से पहले अखबार घोटालों से भरे रहते थे।

आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में 62 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। बीते वर्ष 11 करोड़ से अधिक लोगों ने इलाज कराकर स्वास्थ्य सुरक्षा पाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में गरीबों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब को सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों तक पहुँचाने का काम किया। निमाड़ क्षेत्र के आदिवासी समाज में फैली सिकल सेल बीमारी पर बोलते हुए डॉ. सोलंकी ने कहा कि यह समस्या सदियों से थी, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब तक ६.५ करोड़ आदिवासी भाइयों-बहनों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत देशभर में लगभग एक लाख अस्सी हजार केंद्र खोले गए हैं। मध्यप्रदेश में १३ हजार और बड़वानी जिले में 400 से अधिक आरोग्य मंदिर स्थापित हुए हैं।

# नर्मदा परिक्रमा करने वालों की देवता भी करते हैं मदद फिल्म नर्मदे हर में आस्था और चमत्कार का चित्रण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

पतित पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा का महत्व प्राचीन काल से चला आ रहा है। विशेष रूप से महाराष्ट्र के श्रद्धालु नर्मदा परिक्रमा में सदैव अग्रणी रहे हैं और आज भी यह परंपरा पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ निभाई जा रही है। नर्मदा परिक्रमा की इसी दिव्यता, संघर्ष और चमत्कारिक अनुभवों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मराठी फिल्मों के ख्यात अभिनेता व टीवी कलाकार चिन्मय उदगिरकर सोहम हमसा प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म नर्मदे हर का निर्माण कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग पवित्र नगरी मंडलेश्वर में चल रही है।फिल्म का निर्देशन मराठी सिनेमा के नामचीन निर्देशक एवं लेखक निशांत धापसे कर रहे हैं, जिन्हें महाराष्ट्र स्टेट अवॉर्ड के साथ ही राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाने वाला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिल चुका है। स्वदेश से चर्चा में निर्देशक निशांत धापसे ने बताया कि च्नर्मदे हरज् मराठी के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी बनाई जा रही है, ताकि नर्मदा परिक्रमा का महत्व देशभर तक पहुंच सके।

उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी का विचार अभिनेता एवं निमार्ता चिन्मय उदगिरकर के मन में आया, जिसके बाद गहन शोध और कई परिक्रमा वासियों से संवाद कर स्क्रिप्ट तैयार की गई। फिल्म की कहानी मंडलेश्वर में घटित होती है, जहां एक परिक्रमा वासी घायल होकर मंदिर के सामने अचेत अवस्था में मिलते हैं। उसी समय एक बालक, जो हनुमान जी का रूप माना गया है, उसकी सहायता कर उसे एक वैद्य के घर पहुंचाता है। यहीं से कहानी आगे बढ़ती है। फिल्म की नायिका इसी वैद्य परिवार से जुड़ी हुई है।

# सिहंस्थ 28 के निमार्णाधीन कार्यो में सुरक्षा संबंधी सभी उपाय किए जाएं- सिंहस्थ मेला अधिकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

सिहंस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में गुरूवार को सिहंस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में श्री सिंह ने सिहंस्थ कार्यो को करने वाली सभी एजेंसियों को कार्य के दौरान सुरक्षा के उपाय किए जाने और निमार्णाधीन कार्य की गति बढ़ाने और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर आयुक्त उज्जैन संभाग श्री रत्नाकर झा, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने विभागवार कार्यो की समीक्षा की। बैठक में सेतु विभाग द्वारा प्रचलित विभिन्न ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में पीएचई की पाईप लाइन शिफ्टिंग का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए।

सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सिंहस्थ मेला अधिकारी ने निर्माण कार्य करने वाली सभी एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पूरे उपाय करने के निर्देश दिए। सेतु विभाग के माध्यम से किए जा रहे फ्रीगंज आरओबी, वाकणकर ब्रिज, श्री मंगलनाथ मंदिर से कमेड, कर्कराज से भूखीमाता, केडी गेट से दुगार्दास की छत्री, छोटा पुल, पीपलीनाका से भैरवगढ़ मार्ग, श्री कालभैरव से सिद्धवट, श्री कालभैरव से गढ़कालिका, लालपुर के ब्रिज निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एमपीआरडीसी द्वारा सिहंस्थ बायपास, इंगोरिया से देपालपुर और उज्जैन से मक्सी मार्ग की प्रगति की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी कार्यों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि छत्रीचौक पर पीएचसी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ के अंतर्गत निमार्णाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने करें।

खास न्यूज

## फुटेज दिखाने पर तोडी बाइक, फोडे खिडकी के कांच

**उज्जैन।** अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में 4 फरवरी को ब्रजनगर में रहने वाले लखन कछावा अपने साथी जीतू यादव के साथ खडा था। उस दौरान रोहन पटेल, सुरेश पटेल से विवाद हो गया था। विवाद वहां लगे विपिन चौहान के घर पर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। लखन 2 दिन बाद विपिन के घर कैमरे के सीसीटीवी फुटेज देखने पहुंचा, इस दौरान पूर्व में विवाद करने वाले रोहन पटेल, सुरेश पटेल, अभिषेक उर्फ भय्यू और लालू मुनिम भी पहुंच गये और विपिन से फुटेज दिखाने की बात पर विवाद करते हुए उसकी बाइक क्रमांक एमपी 41 एमए 7463 में तोडफोड करते हुए पथराव कर खिडकी के कांच फोड दिये। चारों आरोपियों ने विपिन को जान से मारने की धमकी दी। लखन को फुटेज दिखाने पर अपने घर हुई घटना की शिकायत विपिन ने चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में लखन भी मारपीट की शिकायत दर्ज करा चुका था।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हालत गंभीर

**उज्जैन।** पानबिहार से सचिन पिता गोरधन 23 साल को शनिवार शाम परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सचिन ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया। सचिन ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इस संबंध में परिवार कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई।

## कार सवारों ने खिलचीपुर पुलिया के पास युवक को पीटा

**उज्जैन।** आगररोड पर खिलचीपुर पुलिया के पास कमल कालोनी में रहने वाला योगेश उर्फ भोला पिता रामसिंह ठाकुर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान लाल रंग की कार में चालक और उसके 2 साथियों ने कार रोक योगेश के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अज्ञात कार चालकों द्वारा की गई मारपीट में चोंट लगने पर योगेश ने चिमनगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और बताया कि वह मारपीट करने वालों को नहीं पहचानता है, उसका किसी से कोई विवाद भी नहीं है। पुलिस ने कार सवारों की क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर पहचान के प्रयास शुरू किये है। उनके गिरफ्त में आने पर ही मारपीट का कारण सामने आ पायेगा।

## ठक-ठक गैंग के बदमाश से महाकाल पुलिस करेगी पूछताछ

**उज्जैन।** कारों के कांच फोडकर रूपयों और कीमती सामान के बेग उडाने वाली ठक-ठक गैंग के बदमाश कार्तिकेय शेरवे को केन्द्रीय जेल से महाकाल थाना पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर 2 दिन बाद पूछताछ के लिये लेकर आयेगी। पूर्व में बदमाश के साथी नित्यानंथम को प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा चुकी है। दोनों ने हरसिद्धी पाल पार्किंग में खडी पूणे के श्रद्धालु की कार का कांच फोडकर बेग उडाया था। जिसमें हजारों रूपये नगद और मोबाइल के साथ कपडे और कीमती सामान रखा था। कार्तिकेय को नानाखेडा थाना पुलिस ने गैंग के आदिथन शेरवे, करवनन, शशिकुमार, नित्यानंथम, किरण और हरीश के साथ गिरफ्तार किया था। पूरी गैंग तमिलनाडू के चिरूचिरापल्ली से दिसंबर माह में उज्जैन आई थी और नानाखेडा, महाकाल, माधवनगर थाना क्षेत्र में कारों के कांच फोडकर बेग उडाये थे। नानाखेडा से गैंग ने प्रापर्टी कारोबारी की कार से 20 लाख से भरा बेग उडा था। गैंग श्रद्धालु बनकर आई थी और महाकाल क्षेत्र की होटल में रूककर वारदातों को अंजाम दिया था।

## मक्सी आउटर के पास से हिरासत में आया मोबाइल चोर

**उज्जैन।** जीआरपी ने मक्सी आउटर के पास से संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ कर तलाशी ली तो उसके पास से 2 मोबाइल बरामद हुये। मोबाइल संबंधित जानकारी लेने पर दोनों मोबाइल चोरी के सामने आये है। थाने लाकर सख्ती की गई तो उसने एक मोबाइल इंदौर-भोपाल ट्रेन से चोरी करना कबूल किया। जीआरपी ने उक्त मोबाइल का पता लगाया तो सामने आया कि कुछ दिन पहले झांसी के रहने वाले योगेश गौतम ने उक्त मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। एसआई बीएल कुशवाह ने बताया कि दूसरे मोबाइल के संबंध में जानकारी जुटाई जा रहा है। हिरासत में आया मोबाइल चोर पिंकेश रायसेन का रहने वाला है। उससे ट्रेनों में हुई अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है और अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| कल्याण नाइट | 127-0 | 237-2 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |
| मधुर डे | 379-9 | 445 -3 |
| मधुर नाइट | 477-8 | 557-7 |
| शुभांक | 1 8 | 0 |

### उज्जैन रेलवले स्टेशन पर यात्री सुविधा में व्यापक बदलाव, 10 फरवरी से प्रभावी होंगे ...

# उज्जैन स्टेशन पर 30 से अधिक ट्रेनों के प्लेटफार्म में परिवर्तन

**अधिकांश सुपर फास्ट एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों के प्लेटफार्म में परिवर्तन किया गया**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अगर आप मंगलवार को उज्जैन रेलवे स्टेशन से गांधी धाम एक्सप्रेस में बैठने जा रहे हैं तो सजग हो जाएं , यह ट्रेन सोमवार से 01 नंबर प्लेटफार्म की बजाय 5 नंबर पर आएगी। ऐसा न हो कि आप पूर्व प्लेटफार्म पर खडे रह जाएं और ट्रेन आकर निकल जाए। गांधी धाम ही नहीं ऐसी 30 ट्रेनों के प्लेटफार्म में पश्चिम रेलवे ने उज्जैन स्टेशन पर परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन 10 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा।

पूर्व की तरह एक नंबर यात्रियों की सुविधा, सुगम आवागमन तथा सभी प्लेटफार्मों के समान उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण सुधार किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार इस बदलाव से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांग यात्रियों को लाभ होगा, क्योंकि अब उन्हें स्टेशन के अंतिम छोर तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कई ट्रेनों को बीच के प्लेटफार्मों से प्लेटफार्म क्रमांक 1 अथवा 8 पर शिफ्ट किया गया है, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में आसानी होगी।




**प्लेटफार्मों का एक सा उपयोग-** इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करना, भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाना तथा स्टेशन संचालन को अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू बनाना है। प्लेटफार्म परिवर्तन के बाद यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में अधिक सुविधा होगी और उनका यात्रा अनुभव सुरक्षित एवं सहज बनेगा। इस नई व्यवस्था से प्लेटफार्म क्रमांक 1 तथा उससे जुड़े सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़भाड़ एवं कंजेशन कम होगा, साथ ही प्लेटफार्म क्रमांक 8 की उपयोगिता भी बढ़ेगी।

**रेलवे ने की तैयारी-** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली तथा स्टाफ की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि यात्रियों को समय पर सही जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सके। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान स्टेशन पर लगे सूचना बोर्ड एवं उद्घोषणाओं पर ध्यान दें तथा आवश्यकता होने पर रेलवे कर्मचारियों से संपर्क करें। यात्री रेलवन ऐप एवं एनटीईएस ऐप जैसे ऑनलाइन माध्यमों से भी ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान के प्लेटफार्म की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्लेटफार्म परिवर्तित ट्रेनें-**

इंदौर- शहीद कैप्टन तुषार महाजन सुपरफास्ट एक्सप्रेस,कामाख्या डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, नागपुर इंदौर सुपर फास्ट एक्सप्रेस,प्रयागराज-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस गांधीधाम-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस, इंदौर - दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर-मुम्बई सेंट्रल अवंतिका सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर असारवा एक्सप्रेस, मन्नारगुड़ी-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस,वाराणसी-इंदौर एक्सप्रेस, यशवंतपुर-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस, बरेली- इंदौर एक्सप्रेस, इंदौर ऊना हिमाचल एक्सप्रेस , मदुरै-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ग्वालियर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस, इंदौर-गांधीधाम एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरम उत्तर-इंदौर एक्सप्रेस, वाराणसी इंदौर एक्सप्रेस।

**पैसेंजर ट्रेनें-**

नागदा-उज्जैन पैसेंजर, उज्जैन-रतलाम मेमू, उज्जैन-इंदौर मेमू, उज्जैन-नागदा पैसेंजर,उज्जेन इंदौर पैसेंजर,भोपाल उज्जैन पैसेंजर, इंदौर-उज्जैन मेमू, इंदौर-उज्जैन मेमू, उज्जैन -भोपाल पैसेंजर, नागदा-उज्जैन पैसेंजर, रतलाम-उज्जैन मेमू, चित्तौड़गढ़ - उज्जैन मेमू

## छह माह तक संभाग की सीमा से बाहर रहेंगे 11 बदमाश

### अपराध नियंत्रण अभियान में जारी हुआ जिलाबदर आदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस विभाग की ओर से गुंडे-बदमाशों के खिलाफ सतत निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को 11 आदतन बदमाशों को संभाग की सीमा से छह माह के लिये (जिलाबदर) बाहर किये जाने के आदेश जारी किये गये।

एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पिछले कुछ माह से आदतन, कुख्यात, शांति भंग करने वाले बदमाशों की निगरानी कर जिले की पुलिस द्वारा उसकी अपराधिक गतिविधियों की फाइल तैयार की जा रही है, ताकि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये जिले को अपराध मुक्त बनाया जा सके। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे विशेष अपराध नियंत्रण अभियान में 11 ऐसे बदमाशों का चिन्हित किया गया जो लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल है। जिनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए उन्हे संभाग की सीमा से बाहर किये जाने के लिये कलेक्टर की ओर से जिलाबदर आदेश जारी कराये गये है। बदमाशों में छोटू उर्फ यादवेन्द्र उर्फ यश पिता जीतू उर्फ जितेन्द्र बुंदेला निवासी शिवशक्तिनगर उज्जैन, अकबर, पिता मोहम्मद हनीफ नागौरी निवासी टेंशन चौराहा महिदपुर, भरत उर्फ भरी पिता राजू गेहलोत किशनपुरा, उज्जैन, दिलीप, पिता रमेश बागडिया निवासी घट्टिया, रोहित उर्फ टल्ला पिता अशरफ शाह उर्फ राजा शाह निवासी जयसिंहपुरा उज्जैन, कालू उर्फ हैदर उर्फ रितेश पिता हेमराज बैरवा निवासी हीरामिल की चाल उज्जैन, मयूर उर्फ मदनूर, पिता शरद व्यास, निवासी अभिलाषा कॉलोनी उज्जैन, शूरा उर्फ आफिल उर्फ आतिल पिता शफीक खान निवासी गांधी नगर आगर रोड उज्जैन, दरवर पिता रतनलाल निवासी रसूलपुर मोहल्ला महिदपुर, मोहसिन पिता फखर मंसूरी निवासी मक्सी रोड और भूरा उर्फ भूरालाल पिता रामलाल मावी निवासी ग्राम रुनिजा शामिल है। पुलिस सभी से जिलाबदर आदेश की तामिली कराकर उन्हे सीमा से बाहर भेजते हुए हिदायत देगी कि उज्जैन, देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार और आगर मालवा की सीमाओं में प्रवेश किया तो राज्य सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## उमराना से हिरासत में आया लुटेरी दुल्हन गिरोह का सरगना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



लुटेरी दुल्हन गिरोह का सरगना 9 दिनों से फरार चल रहा था। शनिवार को उसे ग्राम उमराना से गिरफ्तार किया गया है। दुल्हन के साथ गिरोह के 2 साथी पूर्व में पकडे जा चुके थे। गिरोह के सरगना को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 29 जनवरी को ग्राम मसवाडिया के रहने वाले दिलीप धानुक ने शादी के 10 दिन बाद घर से भाग रही दुल्हन को पीछा कर पकडा था और उसके गिरोह की शिकायत दर्ज कराई थी। दुल्हन पायल क्षारिया निवासी भोपाल को हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल मुकेश पिता भेराजी निवासी ग्राम सरवना और जुनैद उर्फ अमन खान निवासी सुजानगढ राजस्थान को गिरफ्तार किया था। पूरे गिरोह का सरगना लखन पिता सीताराम निवासी ग्राम उमराना थाना बिरलाग्राम सामने आया था, जो दुल्हन और उसके साथियों के गिरफ्त में आने पर फरार हो गया था। 9 दिनों से उसकी तलाश में एएसआई वरसिंह चरपोटा, प्रधान आरक्षक परमिंदर यादव, राकेश मालवीय, राहुल अटोलिया, पुष्पराजसिंह की टीम लगी हुई थी। शनिवार को खबर मिली कि गिरोह का फरार सरगना लखन अपने गांव आया हुआ है। तत्काल भाटपचलाना से टीम बिरलाग्राम उमराना पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया गया। जिसे भाटपचलाना लाया गया है। जहां पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि उसके द्वारा पायल को लुटेरी दुल्हन बनाकर कितनों लोगों के साथ धोखाधडी की है। थाना प्रभारी के अनुसार रविवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जायेगा। संभावना है कि उसके गिरोह द्वारा की गई अन्य धोखाधडी भी उजागर हो सकती है।

**दिलीप के परिवार ने दिये थे 90 हजार**

लुटेरी दुल्हन गिरोह की शिकायत दर्ज कराने वाले दिलीप ने बताया था कि उसकी शादी के लिये परिवार लडकी तलाश कर रहा था। जनवरी माह में रिश्ते में लगने वाले जीजा मुकेश ने लखन से मिलवाया और शादी के लिये लडकी दिखाई। लडकी पायल गरीब परिवार की होने पर शादी के लिये 1.40 लाख मांगे गये। परिवार ने 90 हजार रूपये दिये और 19 जनवरी को ग्राम गजनीखेडी मंदिर में शादी कराई गई। शेष राशि 50 हजार नहीं मिलने पर पायल शादी के दूसरे दिन से मांग करने लगी थी। 10 दिन बाद उसने मुकेश को बुलाकर रात में भागने का प्रयास किया था।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से शुरुआत-USA को 29 रन से हराया

**मुंबई।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में यूएस को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में ू ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए। टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 84 रन की पारी खेली। उन्होंने कप्तानी करते हुए 8वां अर्धशतक लगाया है। इतना ही नहीं, सूर्या ने बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में एक हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। अमेरिका की ओर से शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इंडिया ने 46 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत ग्रुप-ए के पॉइंट टेबल में नंबर-1 है। जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। दोनों के पास 2-2 अंक हैं।

## इंदौर में गोली चलाने वालों को मिली जमानत

**उज्जैन।** गऊघाट कालोनी में रहने वाले राज बडगुर्जर ने अपने 2 साथी राहुल मालवीय और दीपक कहार के साथ मिलकर इंदौर भूतनाथ मंदिर पार्किंग में गोली चलाकर पार्किंग संचालक विनय पाटीदार को मारने का प्रयास किया था। इंदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। डेढ़ माह बाद तीनों आरोपियों को इंदौर न्यायालय से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## बंदर ने हमला कर वृद्धा का पैर किया लहूलुहान



**उज्जैन।** बाजार से घर लौट रही वृद्धा पर शनिवार शाम बंदर ने हमला कर दिया। पैर में गहरा जख्म होने पर वृद्धा को चरक अस्पताल लाया गया। बंदर ने 2 अन्य महिलाओं को घायल करने का प्रयास किया, लेकिन वह बच गई। मामला बडनगर तहसील के नयापुरा का है। 65 साल की नीराबाई पति शंकरलाल अकेली बाजार खरीददारी करने गई थी। शाम को वापस पैदल लौट रही थी, उसी दौरान घर से कुछ दूरी पर अचानक बंदर ने हमला कर दिया। नारीबाई गिर पडी, बदंर ने दांतों से उनका पैर पकड लिया, जिसके चलते पैर लहूलुहान हो गया। कुछ लोगों ने वृद्धा को बचाने का प्रयास किया तो बंदर ने वहां से 2 अन्य महिलाओं पर झपटा मारा, वह घायल तो नहीं हुई लेकिन गिरने पर दहशत में आ गई। घायल नीराबाई के परिजनों बंदर के हमले की खबर मिली तो वह मौके पर पहुंचे और बडनगर अस्पताल लेकर गये, जहां से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया और रेबिज वैक्सीन को डोज दिया।

# चौडीकरण के विरोध में एमआर-4 मार्ग पर लगे पोस्टर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में चल रहे सडक चौडीकरण कार्य में अब गाडी अड्डा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर मंदिर मार्ग तक चौडीकरण किया जायेगा। एमआर-4 मार्ग पर चौडीकरण से प्रभावित होने वालों ने विरोध स्वरूप पोस्टर लगा दिये है।

एमआर-4 मार्ग पर शनिवार को पोस्टर लगे दिखाई दिये। जिस पर लिखा था हम विकास के नहीं विनाश के खिलाफ है। हम सब व्यापारी और रहवासीगण 24 मीटर की जगह 15 मीटर का समर्थन करते है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका निगम की ओर से उज्जैन विकास योजना 2035 मध्यप्रदेश शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना में रहवासियों को नोटिस जारी किये है। जिसमें बताया गया है कि गाडी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर एम आर-4 मार्ग को 24 मीटर चौडा किया जाना है। मार्ग का मानक 45 मीटर निर्धारित किया गया है। उक्त मार्ग को व्यापक लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए और यातायात सुधार की दृष्टि से वर्तमान में 24 मीटर चौडा किया जायेगा। चौडीकरण में प्रभावित भाग को 7 दिनों में रिक्त कर देवें। निर्धारित अवधि में रिक्त ना करने की दशा में विधि अनुसार कार्रवाई कर भूमि के भाग को नगर निगम द्वारा रिक्त कराया जायेगा। नोटिस जारी होने के बाद रहवासियों ने अपनी दुकानों और घरों के बाहर पोस्टर लगा दिये है। उनकी मांग है कि मार्ग को 24 नहीं 15 मीटर चौडा किया जाये। शहर में मार्ग चौडीकरण को लेकर हर तरफ से विरोध के स्वर उठते रहे है। पूर्व में कंठाल क्षेत्र के व्यापारियों ने पोस्टर लगाये थे, वहीं हरिफाटक ब्रिज के नीचे रविशंकर नगर के रहवासियों ने भी पोस्टर लगाकर विरोध किया था। अन्य मार्गो पर ही विरोध प्रदर्शन देखा जा चुका है।





**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री अरविंद जैन पिता श्री राजकुमार जैन निवासी राजवाड़ा इंदौर से, उनके स्वत्व, स्वामित्व और आधिपत्य की ग्राम चिकली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन स्थित 1.430 हेक्टर कृषि भूमि जिसके सर्वे क्रमांक 30/3 एवं 30/4 हैं, जो कि प्रधानमंत्री सड़क पर स्थित है को क्रय करने का अनुबंध कर, बयाना राशि भुगतान कर दी है। अब सिर्फ बकाया राशि का भुगतान व विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार आदि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में मुझे मेरे कार्यालय में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा 15 दिन पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन श्री अरविंद जैन पिता श्री राजकुमार जैन निवासी राजवाड़ा इंदौर से अपने हित में करवा लिया जाएगा, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनांक - 08/02/2026

**आयुष गुप्ता एडवोकेट**
**कार्यालयः ऑफिस नंबर 11, 2 फ्लोर,**
**तुलसी कॉम्प्लेक्स, टॉवर चौक,**
**अंबेडकर प्रतिमा के पीछे, फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाइल. 9685166155**

# वही वासना मुक्त होगा



कर्मवाद का तात्पर्य यह है कि हमें अपने भले-बुरे कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है और सारे दर्शनशास्त्रों का एकमात्र उद्देश्य यह है कि मनुष्य अपनी महिमा को जान ले।

सभी शास्त्र मनुष्य की- आत्मा की -महिमा की घोषणा कर रहे हैं, फिर उसके साथ कर्मवाद का भी प्रचार कर रहे हैं। शुभ कर्मों का शुभ फल और अशुभ कर्मों का अशुभ फल होता है। यदि शुभ और अशुभ कर्म आत्मा पर प्रभाव डाल सकते हैं, तो फिर आत्मा तो कुछ भी नहीं रही। वास्तव में, अशुभ कर्म तो व्यक्ति के अपने स्वरूप की अभिव्यक्ति में बाधा भर डालते हैं और शुभ कर्म उन बाधाओं को दूर कर देते हैं। तभी मनुष्य की महिमा प्रकट होती है। स्वयं व्यक्ति में कभी परिवर्तन नहीं होता। तुम चाहे जो करो, तुम्हारी महिमा को, तुम्हारे अपने स्वरूप को कुछ भी नष्ट नहीं कर सकता; क्योंकि कोई भी वस्तु आत्मा पर प्रभाव नहीं डाल सकती। उससे आत्मा पर मानो एक आवरण भर पड़ जाता है, जिससे आत्मा की पूर्णता ढक जाती है। योगी जल्दी-जल्दी कर्म का क्षय कर डालने के लिए शरीर-समूह का सृजन करते हैं। फिर इन सब शरीरों के लिए वे अपनी अस्मिता या अहं-तत्व से बहुत से चित्त की सृष्टि करते हैं। इन निर्मित चित्तों का, मूल चित्त से भेद स्पष्ट करने को निर्माणचित्त कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में हम जो विभिन्न प्रकार के मन देखते हैं, उनमें वही मन सबसे ऊंचा है, जिसे समाधि की अवस्था प्राप्त हुई है। कुछ लोग औषधि, मंत्र और तपस्या के बल से कुछ शक्तियां प्राप्त कर लेते हैं, मगर उनकी वासनाएं बनी ही रहती हैं; लेकिन जो व्यक्ति योग द्वारा समाधि प्राप्त कर लेता है, केवल वही वासनाओं से मुक्त होता है।



सम्पादकीय

## जानलेवा भ्रष्टाचार

मेघालय में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में अठारह मजदूरों की मौत हो गई, एक गंभीर रूप से जख्मी मजदूर अस्पताल में भर्ती है और अंदेशा है कि कुछ अन्य मजदूर अभी भी खदान में फंसे हों। यह रैट होल खदान है, जिसमें इतनी संकरी सुरंगें बनाकर खनन किया जाता है, जिनसे मजदूर रेंगकर ही घुस या निकल सकते हैं। ये खदानें पर्यावरण के लिए भी बहुत घातक हैं। इनकी असुरक्षित व अमानवीय परिस्थिति की वजह से ही सुप्रीम कोर्ट और ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इनको प्रतिबंधित किया हुआ है, लेकिन पूर्वोत्तर भारत में ऐसी खदानें धड़ल्ले से चल रही हैं। अनुमान है कि सिर्फ मेघालय में लगभग 25,000 ऐसी गैर-कानूनी खदानें चल रही हैं। जाहिर है, इतने बडे पैमाने पर यह अवैध काम बिना प्रशासनिक मिलीभगत और भ्रष्टाचार के संभव नहीं है। इसके पहले मेघालय में ही 2018 में बड़ी दुर्घटना हुई थी, जिसमें पंद्रह मजदूर मारे गए थे। बहुत संभव है कि और भी दुर्घटनाएं इन खदानों में होती हों, जिनकी खबर तक बाहर नहीं आ पाती हो।

ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक नेकनीयती व सख्ती से ऐसे गैर-कानूनी और अमानवीय कारोबार पर रोक नहीं लगाई जा सकती, लेकिन प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचार का जाल इतना मजबूत है कि उसके आगे तमाम कानून और आदेश व्यर्थ हो जाते हैं। देश में कई बार भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन हुए, कुछेक बार इन आंदोलनों की वजह से सरकारें भी बदलीं, लेकिन भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत ही होती गईं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट से तो यही जाहिर होता है। भ्रष्टाचार कम करने के लिए जरूरी है कि सरकारी तंत्र और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता व सरलता लाई जाए, पर होता यह है कि भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर प्रक्रियाओं को ज्यादा जटिल और अपारदर्शी बना दिया जाता है, जिससे अधिकारियों व संस्थानों की जवाबदेही और कम हो जाती है। ऐसे में, भ्रष्टाचार की गुंजाइश बढ़ जाती है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने वाली संस्थाओं को स्वतंत्र व मजबूत बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने की इच्छा हमारी राजनीतिक संस्कृति में नहीं है, इसलिए इसमें पकड़े जाने की गुंजाइश जितनी कम है, पकड़े जाने पर सजा मिलने की गुंजाइश उससे भी कम है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत के आम नागरिक की गरिमा, उसके अधिकार, उसकी जान की परवाह भी हमारे तंत्र में कम ही है, बल्कि यह परवाह हमारे समाज में ही नहीं है, जो इन आम नागरिकों से बना है।

### भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ

# मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा



प्रहलाद सबनानी (दैनिक अवन्तिका)

दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दशार्ता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा।

भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है।

यूरोपीय यूनियन के 27 देश, जो विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं, में जन्म दर पिछले कई वर्षों से लगातार गिर रही है एवं कुछ देशों में तो यह शून्य के स्तर पर पहुंच गई है जिससे इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिकों का इन देशों में नितांत अभाव दिखाई देता है। अतः इन देशों में श्रमबल की भारी कमी है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात भारतीय नागरिकों को यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों में तकनीकी क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, आदि में रोजगार के भारी मात्रा में अवसर प्राप्त होंगे। इन समस्त देशों द्वारा भारतीय नागरिकों को वीजा प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। युनाईटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रान्स आदि जैसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे देशों में भारतीय इंजिनीयरों एवं डाक्टरों की भारी मांग है। उक्त देशों द्वारा भारतीयों के परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान करने के अवसर भी प्रदान करने सम्बंधी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। भारतीय विद्यार्थियों द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों के विश्वविद्यालयों में अपनी शिक्षा समाप्त करने के उपरांत 9 माह से 12 माह तक का समय रोजगार तलाशने के लिए प्रदान किया जाएगा। इस समयावधि तक भारतीय युवाओं को इन देशों में प्रवास की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## रीलपुरा का 'वायरल' उत्थान

भारत के हृदयस्थल में बसे 'रीलपुरा' के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आजकल शिक्षा का सूर्योदय नहीं, बल्कि रिंग-लाइट का उदय हो रहा था। यहाँ मास्टर गजाधर अब चॉक से ब्लैकबोर्ड पर 'अकबर की महानता' नहीं लिखते, बल्कि ट्राइपॉड पर फोन सेट करते हुए शिष्यों को 'हुक पॉइंट' और 'अटेंशन स्पैन' का मर्म समझाते हैं। रीलपुरा में सिर्फ और सिर्फ 'एल्गोरिदम' का बोलबाला है। यहाँ के प्रधानाचार्य अब 'कैरेक्टर सर्टिफिकेट' नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों का 'इंगेजमेंट रेट' देखकर उनकी बौद्धिक क्षमता का आंकलन करते हैं। जिस देश में कभी उपनिषदों की ऋचाएँ गूँजती थीं, वहाँ अब 'बैकग्राउंड म्यूज़िक' के 'बीट-ड्रॉप' पर भविष्य नाप-जोख रहा है। गजाधर बाबू का मानना है कि ज्ञान वह नहीं जो जीवन संवारे, बल्कि वह है जो एक्सप्लोर पेज पर जगह बनाए। अब क्लास में शांति का अर्थ अनुशासन नहीं, बल्कि 'ऑडियो सिंक' की तैयारी है।

कक्षा के भीतर का दृश्य किसी कबीलाई युद्ध और आधुनिक स्टूडियो का विचित्र मिश्रण जान पड़ता था। कल का वह बच्चा, जो 'छंद' और 'अलंकार' के नाम पर मुँह बिचकाता था, आज 'ट्रांजिशन' और 'कलर ग्रेडिंग' का ऐसा पंडित हो गया है कि साक्षात भरत मुनि भी उसे देखकर अपना नाट्यशास्त्र अपडेट कर लें। एक कोने में छात्र 'एजुकेशन विद एटीट्यूड' वाले हैशटैग की जुगाड़ में इस तरह स्लो-मोशन एंट्री ले रहा था जैसे साक्षात यमराज वीजा लेकर पृथ्वी पर पधारे हों। मास्टर जी ने उसे टोकने के बजाय 'लाइटिंग' ठीक करने की सलाह दी, क्योंकि 'अँधेरे में भविष्य भले रहे, चेहरा साफ दिखना चाहिए।' पुराने जमाने के मास्टर जी 'पाठ याद न होने' पर मुर्गा बनाते थे, पर आधुनिक मास्टर जी 'व्यूज कम आने' पर बच्चे को 'शैडो-बैन' होने का श्राप देते हैं। यहाँ सरस्वती की वीणा अब केवल प्रॉप की तरह इस्तेमाल होती है, ताकि 'स्पिरिचुअल' वाइब्स के साथ 'एस्थेटिक' कंटेंट तैयार किया जा सके।

होमवर्क का स्वरूप अब किसी क्रांतिकारी घोषणा-पत्र जैसा भयावह और हास्यास्पद हो गया है। प्रधानाचार्य ने नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया है कि 'गृहकार्य में दो रील देशभक्ति पर, तीन मोटिवेशन पर और एक डांस रील अनिवार्य है।'

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 08 फरवरी 2026 रविवार
सूर्योदय - 07:08 सूर्यास्त 18:15
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - स्वाति 05:03 उपरांत विशाखा
योग - गण्ड 24:08 उपरांत वृद्धि
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 19 तारिख

**मेष-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे।

**वृषभ-** कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं।

**मिथुन-** बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क-** मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ।

**सिंह-** अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा।

**कन्या-** प्रमाद न करें। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी।

**तुला-** आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। विरोधी परास्त होंगे।

**वृश्चिक-** लेन-देन में सावधानी रखें। पुरानी लेनदारी वसूल होगी। यात्रा सफल रहेगी।

**धनु-** प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। सोच-समझकर व्यय करें।

**मकर-** व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है। व्यापारिक निर्णय लेने में देरी नहीं करना चाहिए। लाभ होगा।

**कुंभ-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन-** व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। व्यापार अच्छा चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## अप्रकाशित किताब, बड़े दावे और खाली हाथ राहुल गांधी



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

2 फरवरी 2026 का दिन भारतीय संसदीय इतिहास में एक और तीखे और दुर्भाग्यपूर्ण टकराव के रूप में दर्ज हो गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की बहस, जो सामान्यतः सरकार की नीतियों पर गंभीर और मर्यादित विमर्श का अवसर होती है, उस दिन राहुल गांधी की आक्रामक राजनीति और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तथ्यपरक दृढ़ता की भेंट चढ़ गई। लोकसभा का वातावरण अचानक उग्र हो उठा, तर्कों की जगह शोर ने ले ली और संसद की गरिमा एक बार फिर कठघरे में खड़ी दिखाई दी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चीन, डोकलाम और गलवान का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन उनका तरीका, उनका स्रोत और उनकी प्रस्तुति ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आ गई।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देते हुए यह सनसनीखेज दावा कर दिया कि चार चीनी टैंक भारतीय सीमा में घुसे थे और डोकलाम की एक रणनीतिक रिज पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इसे सीधे-सीधे मोदी सरकार की विफलता करार दिया और चुनौती भरे लहजे में सवाल उछाला कि सरकार सच से डर क्यों रही है? पहली नजर में यह आरोप चौंकाने वाला था, लेकिन जैसे ही उसके स्रोत की सच्चाई सामने आई, पूरा तर्क खोखला और आधारहीन नजर आने लगा। संसद कोई मंच नहीं है, जहां अप्रमाणित और अप्रकाशित स्रोतों के सहारे गंभीर आरोप उछाल दिए जाएं। यहीं से राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे। संसद के नियम 349 के तहत किसी भी अप्रकाशित, असत्यापित या अप्रमाणिक स्रोत से उद्धरण देना सख्त रूप से निषिद्ध है। जनरल नरवणे की किताब न तो प्रकाशित हुई थी और न ही उसे किसी आधिकारिक प्रक्रिया के तहत संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके बावजूद राहुल गांधी ने कारवां मैगजीन के एक लेख को आधार बनाकर पूरे सदन को गुमराह करने का प्रयास किया। यह केवल संसदीय नियमों का उल्लंघन नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर घोर गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी परिचायक था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर बिना किसी हिचक के कड़ा और स्पष्ट ऐतराज जताया। शांत लेकिन सधे हुए शब्दों में उन्होंने सवाल किया कि राहुल गांधी आखिर किस किताब का उल्लेख कर रहे हैं, जिसे न उन्होंने स्वयं देखा है और न ही संसद के पास उसका कोई आधिकारिक संज्ञान है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि जनरल नरवणे के पास कोई नई या गंभीर जानकारी होती, तो वह संवैधानिक मर्यादाओं के तहत सीधे सरकार को अवगत कराते। उन्होंने यह भी दोहराया कि नरवणे ने कभी अपनी किताब के प्रकाशन को लेकर किसी तरह की कानूनी लड़ाई नहीं लड़ी। रक्षा मंत्री का यह तर्कपूर्ण जवाब न सिर्फ संसदीय नियमों पर आधारित था, बल्कि राहुल गांधी के पूरे राजनीतिक नैरेटिव की बुनियाद को ही हिला देने वाला साबित हुआ। बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह का हस्तक्षेप राहुल गांधी के लिए और अधिक असहज साबित हुआ। अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा कि जिस लेख का हवाला दिया जा रहा है, वह भी उसी अप्रकाशित किताब पर आधारित है, जिसे संसद में उद्धृत करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी से सीधा सवाल किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के बीच अचानक चीन का मुद्दा उठाने का उद्देश्य क्या है।

# देश की हॉस्पिटल व्यवस्था में मुनाफाखोरी



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

आज देश की हॉस्पिटल व्यवस्था जिस हालत में पहुँच चुकी है, वह किसी एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों आम नागरिकों का साझा अनुभव बनती जा रही है। इलाज, जो कभी सेवा और संवेदना का क्षेत्र माना जाता था, अब धीरे-धीरे मुनाफे का ऐसा संगठित उद्योग बन चुका है, जहाँ इंसान की बीमारी से ज्यादा उसकी जेब, उसका इंश्योरेंस और उसका सामाजिक दर्जा देखा जाता है। बड़े-बड़े निजी अस्पतालों की चमक-दमक, एयर-कंडीशन्ड गलियारे और आधुनिक मशीनें बाहर से भले ही तरक्की का भ्रम पैदा करती हों, लेकिन भीतर एक ऐसी व्यवस्था काम कर रही है जो आम आदमी के लिए किसी आर्थिक यातना से कम नहीं है।

आज अगर कोई साधारण व्यक्ति किसी बड़े अस्पताल में इलाज कराने जाता है, तो सबसे पहला सवाल उसकी बीमारी को लेकर नहीं, बल्कि उसकी भुगतान क्षमता को लेकर होता है। रिसेप्शन पर, एडमिशन काउंटर पर या डॉक्टर से मिलने से पहले ही यह पूछा जाता है कि आपके पास हेल्थ इंश्योरेंस है या नहीं, आप सरकारी नौकरी में हैं या प्राइवेट, कैश में भुगतान करेंगे या कैशलेस। इस एक सवाल के जवाब से मरीज का पूरा इलाज तय हो जाता है। जैसे ही यह स्पष्ट होता है कि मरीज इंश्योरेंस कवर में है या किसी सरकारी/कॉर्पोरेट स्कीम के अंतर्गत आता है, अस्पताल का रवैया पूरी तरह बदल जाता है। इलाज की जगह एक योजनाबद्ध कमाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

इंश्योरेंस होने का मतलब होना चाहिए सुरक्षा, लेकिन आज के समय में यह कई निजी अस्पतालों के लिए खुली छूट का लाइसेंस बन चुका है। जरूरत से ज्यादा महँगी दवाइयाँ लिख दी जाती हैं, जिनके सस्ते और समान प्रभाव वाले विकल्प आसानी से उपलब्ध होते हैं। ऐसे-ऐसे टेस्ट कराए जाते हैं जिनका न तो बीमारी से सीधा संबंध होता है और न ही इलाज की दिशा तय करने में कोई ठोस भूमिका। एमआरआई, सीटी स्कैन, बार-बार की ब्लड जाँच, स्पेशल पैनल टेस्ट–सब कुछ रूटीन के नाम पर जोड़ दिया जाता है। मरीज और उसके परिजन डॉक्टर की बात पर आँख मूँदकर भरोसा करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि डॉक्टर उनके भले के लिए ही ऐसा कर रहे हैं, जबकि हकीकत कई बार इससे उलट होती है।

सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब मरीज की हालत में सुधार हो जाने के बावजूद उसे अस्पताल में रोके रखा जाता है। जो मरीज सामान्य परिस्थितियों में चार-पाँच दिन में डिस्चार्ज हो सकता है, उसे जानबूझकर दस-पंद्रह दिन तक भर्ती रखा जाता है। कारण साफ है–जितने ज्यादा दिन भर्ती, उतना ज्यादा बिल। बेड चार्ज, नर्सिंग चार्ज, डॉक्टर विज़िट, दवाइयाँ, कंज्यूमेबल्स–हर दिन के साथ बिल फूलता चला जाता है। मरीज की सेहत से ज्यादा ध्यान अब इस बात पर होता है कि इंश्योरेंस क्लेम की सीमा पूरी तरह इस्तेमाल हो जाए।

इस पूरी प्रक्रिया में आम आदमी सबसे ज्यादा असहाय होता है। उसे न तो मेडिकल ज्ञान होता है और न ही अस्पताल की जटिल बिलिंग प्रणाली को समझने की क्षमता। अगर कोई सवाल करता है तो उसे डराया जाता है कि इलाज प्रभावित हो सकता है, या फिर तकनीकी शब्दों में ऐसा उलझा दिया जाता है कि वह चुप रह जाना ही बेहतर समझता है। कई बार मरीज के परिजन यह भी महसूस करते हैं कि उन्हें जानबूझकर भ्रम में रखा जा रहा है, लेकिन बीमार व्यक्ति की जान दाँव पर लगी हो तो विरोध करने का साहस बहुत कम लोग कर पाते हैं। सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी कोई बहुत संतोषजनक नहीं है। वहाँ इलाज सस्ता या मुफ्त तो है, लेकिन भीड़, संसाधनों की कमी और अव्यवस्था के कारण मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है।

धर्म-आस्था

# भाँग चलन एवं भांग से जुडी विभिन्न जानकारियाँ



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

शिवरात्रि पर भांग का सेवन और मंदिरों में भांग से श्रृंगार शास्त्रीय दृष्टि से भले ही आधारहीन हो किन्तु भक्तों की शंकरजी के प्रति श्रद्धा की दृष्टि अनुचित नहीं है। भांग का मूल शब्द संस्कृत का भृंग या भृंगी है। जिसका अर्थ होता है मादक पदार्थ. यहाँ शब्द प्राकृत में भंगा होकर हिंदी में भाँग बन गयोकैनाबिस इंडिका मादा पौधे से प्राप्त होने वाली पत्तियों को भांग,पुष्प को गांजा और रेजिन( दूध )को चरस कहते है भांग की पैदावार नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों में ज्यादा होती है। इसकी पत्तियां मादक होने से नशा लाने के लिए बादाम आदि के साथ पीसकर पीते है। इनका उपयोग करने पर प्यास ज्यादा लगती है। भूख भी लगती है। इसके नशे से क्षण भरको स्फूर्ति आती है। ० मनुष्य दुःख दर्द कुछ समय तक भूल जाता है इसकी तासीर ठंडी होती है। इसलिए इसके सेवन का चलन गर्मियों में ज्यादा देखा जाता है। समुद्र मंथन के समय जहर भी निकला था। भगवान शंकरजी ने स्वीकार कर पी लिया था.जहर उनके कंठ में रहने से उनका कंठ नीला हो गया और इसी कारण उन्हें नीलकंठेश्वर भी कहा जाता है। जहर शरीर में गर्मी पैदा करता होगा इसी कारण शंकरजी ने ठंडक हेतु गले में सर्प लपेट रखा है। सर्प का शरीर ठंडा होता है।समुद्र मंथन के दौरान विष भी निकला उसे शंकर जी ने पिया था पीते समय विष की बूंदे धरती पर गिरी उससे धतूरे और भांग की उत्पत्ति हुई` शंकरजी को गले में जलन हुई तो कुछ पंडितजी का मानना है कि शंकर जी ने वहां पड़ी भांग के पौधों को मसल कर अपने गले पर लगाया था। भाँग का श्रृंगार तब से चलन में आया और भक्तों का उदेश्य (शिव लिंग)के गले को ठंडा रखने की श्रद्धा से भांग का लेपन श्रृंगार हेतु कर ठंडक पहुंचाने का रहा होगा।वैसे शिवलिंग पर भस्म का लेप भी किया जाता है।सावन में आने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व है` पंडितजी के मत अनुसार शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, बेलपत्र, भाँग, धतूरा, शमी, दूध आदि चढ़ाने से भगवान भोले नाथ प्रसन्न होकर भक्तो को मनोवांछित फल प्रदान करते है। शिवलिंग पर भाँग के श्रृंगार को भक्तों ने प्रसादी स्वरुप खाना शुरू कर दिया होगा। तभी से शायद शिवरात्रि पर भांग का चलन होने लगा होगा। यहाँ सब जानते है कि भगवान शंकरजी सर्वश्रेष्ठ महायोगी ही नहीं योगेश्वर है तथ भगवान शंकरजी ज्यदातर बर्फीली पहाड़ियों में निवास करते थेकैलाश पर्वत आज भी उनके नाम को चरितार्थ कर रहा है। यहाँ सच है कि भांग का सेवन शंकरजी नहीं करते थे। उनको ठंडक पहुंचाने की श्रद्धा ने भांग के श्रृंगार को बढ़ावा दिया तथा भांग के शौकीनों ने शंकरजी की श्रद्धा की आड़ में भांग के सेवन की प्रथा को जन्म दिया।लोक गीतों में शंकरजी के बारे में भांग से संबंध गीत जरूर मिलते है। यह काफी अवार्चीन और भक्तों के द्वारा भांग सेवन को उचित बताने का प्रयास मात्र है।भगवान शंकरजी को भांग चढाने का अर्थ अशुभ व्यवसन रूप का त्याग करना भी रहा होगा।खेर , देखा जाए तो नशा नशा होता है,नशे का सेवन नहीं करना ही असली भक्ति होती है. भांग के संबंध में विभिन्न जानकारियाँ चलन में भी है। एक जानकारी के मुताबिक भगवान शिव को भाँग अतिप्रिय है हर शिव मंदिर में शिवलिंग पर भांग का लेप लगाया जाता हैं.जो शिवलिंग के क्षरण को रोकता हैं.भगवान शिव को केवल भांग ही नही पसंद अनेक वनस्पतियां उनकी प्रिय हैं और वो हर वनस्पति अपने आप मे अद्भुत ओर चौकाने वाली हैं. ।भांग के नर पौधे के पत्तों को सुखाकर भांग तैयार की जाती है.भांग के मादा पौधों की रालीय पुष्प मंजरियों से गांजा तैयार किया जाता है.भांग की शाखाओं और पत्तों पर जमे राल के समान पदार्थ को चरस कहते हैं. ।भांग की खेती प्राचीन समय से ही भारतवर्ष में की जाती रही है इसकी खेती करने वाले को पुराने समय में पणि' कहते थे.अगर आपको कहें कि भांग के पौधे से कपड़े ,प्लास्टिक, कागज, बिल्डिंग मटेरियल,और बायोडीजल भी तैयार किए जाते हैं, तो कम लोग ही विश्वास करेंगे? पर यह सच है लगभग 8 हजार पूर्व चीनियों ने भांग से कपड़े बनाने की विधि को विकसित कर लिया था .वर्तमान में चीनियों ने इससे बने कपड़ों का उपयोग फैशन के लिए शुरू कियो यही नहीं,भांग के पौधों से जूते और जीन्स भी तैयार किए जाते हैं। करीब 2 हजार वर्ष पूर्व से इस पौधे का इस्तेमाल कागज बनाने के लिए होता रहा है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी- टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर सघन अभियान

**नलखेड़ा।** बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से 06 फरवरी को गठित संयुक्त दल द्वारा ब्लॉक नलखेड़ा एवं ब्लॉक सुसनेर क्षेत्र का भ्रमण कर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान किसी भी बच्चे को बाल भिक्षावृत्ति अथवा बाल श्रम में संलग्न नहीं पाया गया। उल्लेखनीय है कि नलखेड़ा क्षेत्र में बाल श्रमिक होने संबंधी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन कंट्रोल रूम से प्राप्त हुई थी, जिस पर दल द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक सुसनेर अंतर्गत मोड़ी चैराहा एवं सोयत रोड स्थित ढाबों एवं होटलों में बाल श्रमिक होने की शिकायत प्राप्त होने पर दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित स्थलों पर भी कोई बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त सुसनेर के मंडी गेट के समीप स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में झाबुआ जिले की थांदला तहसील से आए तंबू में रह रहे परिवारों से दल द्वारा संवाद किया गया। इस दौरान परिवारों को बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, नियमित शिक्षा दिलाने तथा बाल भिक्षावृत्ति से दूर रखने के लिए समझाइश दी गई।
उक्त अभियान दल में श्रम निरीक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी संदीप चैहान, सामाजिक कार्यकर्ता जमील अहमद काजी, ममता एनजीओ के जिला प्रबंधक अनूप पटेल एवं अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के जिला समन्वयक रविंद्र जाट शामिल रहे।

## स्कूल बसों पर विशेष चेकिंग अभियान, 8 वाहनों पर जुर्माना



**आगर मालवा।** परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में जिला परिवहन कार्यालय के विशेष जांच दल द्वारा तहसील सुसनेर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विद्यालयों की पंजीकृत स्कूल बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत एक्सलेंस पब्लिक स्कूल, इन्वेंचर पब्लिक स्कूल, कैथोलिक पब्लिक स्कूल एवं ब्राइट पब्लिक स्कूल की कुल 32 स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना बीमा (इंश्योरेंस), बिना पीयूसी एवं बिना परमिट के संचालित पाए गए 8 वाहनों पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण 17,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान स्कूल बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों में सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्त नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा वाहनों के सभी वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही बसों का संचालन करें, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में वाहनों की चेकिंग कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## 5 वार्डों में सीसी रोड, पेवर्स ब्लॉक और सांस्कृतिक भवन की आधारशिला रखी



**देवास।** 80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार ने महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन और विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ इन कार्यों की आधारशिला रखी। यह भूमि पूजन शहर के वार्ड क्रमांक 4, 15, 16, 19 और 42 में हुआ। इन कार्यों में सी.सी. रोड निर्माण, पेवर्स ब्लॉक लगाना और सांस्कृतिक भवन का निर्माण शामिल है। वार्ड क्रमांक 4 में 10 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण होगा। वार्ड 16 और 15 में क्रमशः 20-20 लाख रुपए के पेवर्स ब्लॉक लगाए जाएंगे। वार्ड 19 में गौतम नगर स्थित शीतला माता मंदिर गार्डन की बाउंड्री वॉल और पेवर्स ब्लॉक के लिए 20 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं, वार्ड 42 के बालाजी नगर में सामाजिक-सांस्कृतिक भवन के निर्माण पर 10 लाख रुपए खर्च होंगे। इस अवसर पर विधायक पवार ने वार्डवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देवास के सभी 45 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य तेजी से जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा और शेष बचे कार्यों का भी शीघ्र भूमि पूजन किया जाएगा।

## राजगढ़ के खेतों में 'ड्रोन क्रांति' 2500 एकड़ में ऐतिहासिक स्प्रे

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर के निर्देशन में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों को पीछे छोड़ते हुए राजगढ़ जिले के किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई है। अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मऊ ने जिले में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर 2500 एकड़ भूमि पर फसलों का उपचार स्प्रे कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन का उपयोग केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की बड़ी समस्याओं का समाधान है। समान छिड़काव सेंसर आधारित तकनीक से पूरी फसल पर एक समान दवा का छिड़काव होता है, जिससे बर्बादी रुकती है। दुर्गम क्षेत्रों में सुगमता उन बड़ी फसलों या घने क्षेत्रों में भी स्प्रे संभव हो पाया जहाँ हस्तचालित पंप के साथ जाना मुश्किल था। किसान सुरक्षा खेतों में छिड़काव के दौरान किसानों को जहरीले जीवों सांप-बिच्छू और कीटनाशकों के सीधे शारीरिक संपर्क से होने वाले खतरों से सुरक्षा मिली है।

# आयुर्वेदिक पद्धति को जन जन तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य- परमार

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुजालपुर मण्डी का भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को जिला आयुष कार्यालय के अंतर्गत 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुजालपुर मण्डी का भूमि पूजन किया। मंत्री परमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सबसे प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पद्धति हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जटिल से जटिल बीमारियों का ईलाज भी किया जाता हैं। मंत्री परमार ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से गांव-गांव में आमजनों तक सस्ता ईलाज पहुंचाना एवं आने वाले समय में आयुर्वेदिक पद्धति को जन जन तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के प्रारंभ होने से सभी को प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच एवं परामर्श की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के साथ.साथ दुनिया के लोग आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य में 8 आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जायेंगे, जिसमें एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय शाजापुर जिले के शुजालपुर में बनाया जायेगा। जिसमें 50 बिस्तरीय सर्वसुविधायुक्त वेल्नेस सेंटर एवं 50 बिस्तरीय अस्पताल भी बनाया जायेगा।

मंत्री परमार ने कहा कि शुजालपुर को शिक्षा के सभी क्षेत्रों में आगे बढाने का काम किया जा रहा हैं। जिसमें सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर, जेएनएस महाविद्यालय के साथ-साथ आने वाले समय में शुजालपुर में लॉ महाविद्यालय भी बनकर तैयार होने वाला हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आरजीपीवी का इंजीनियरिंग कॉलेज भी बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं। साथ ही शाजापुर जिला मुख्यालय पर चिकित्सा महाविद्यालय भी स्वीकृत हुआ हैं। इसके साथ ही अत्याधुनिक प्रकार से सिविल अस्पताल शुजालपुर सिटी का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिसमें नए स्वरूप में आमजनों को आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री परमार ने सिविल अस्पताल शुजालपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और मरीजों को फल भी वितरित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगर पालिका शुजालपुर अध्यक्ष बबीता परमार, कलेक्टर शाजापुर ऋतु बाफना, अशोक नायक, राजेन्द्र शास्त्री, विजय बैस, रामचन्द्र पाटोदिया, जेपी परमार, कैलाश सोनी, विजयसिंह खिची, देवेन्द्र तिवारी, यशवंतसिंह मेवाडा, अशोक मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर एवं आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पार्षद प्रतिनिधियों ने नगर निगम पर पक्षपात के आरोप लगाए

# देवास में बिना बुलाए सेन महाराज की प्रतिमा पर माला चढ़ाने पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में सेन समाज से जुड़े तीन पार्षदों प्रतिनिधियों ने नगर निगम पर पक्षपात का आरोप लगाया है। यह आरोप सिविल लाइन में स्थापित सेन जी महाराज की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित न किए जाने के बाद लगाया गया है। नाराज पार्षदों प्रतिनिधियों ने आज स्वयं मूर्ति पर माल्यार्पण और पूजन किया।

नगर निगम ने मूर्ति स्थापित करने के बाद अनावरण कार्यक्रम की घोषणा की थी, जो 10 फरवरी को होना है। हालांकि, सेन समाज के प्रतिनिधियों और संबंधित पार्षदों प्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम की कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। इसी बात से आक्रोशित होकर प्रतिनिधियों ने यह कदम उठाया।

रूपेश वर्मा ने बताया कि उन्हें कार्यक्रम की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा सेन जी महाराज हमारे आराध्य हैं। उनकी पूजा के लिए हमें नगर निगम या किसी नेता की आवश्यकता नहीं है। यदि 10 फरवरी के कार्यक्रम की सूचना दी जाती है तो हम अवश्य शामिल होंगे।

पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा ने आरोप लगाया कि गुजराती सेन समाज के लोगों द्वारा आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में समाज से जुड़े जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर दूर रखा गया। उन्होंने इसे राजनीतिक कारणों से किया गया बताया। नाराज पार्षदों ने आज स्वयं मूर्ति का पूजन कर अनावरण भी कर दिया।

अन्य पार्षदों द्वारा भी इस मामले पर नाराजगी जताई जा रही है। नगर निगम की ओर से आमंत्रण न मिलने के कारण समाज में इस मुद्दे पर चर्चा का माहौल है और पार्षद प्रतिनिधि अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

## शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात, 12 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार के सतत प्रयासों से क्षेत्र के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े आवश्यक कार्यों के लिए 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। स्वीकृत राशि से विद्यालय भवनों के सौंदर्यकरण, पुस्तकालयों, शौचालयों एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों का निर्माण करना नहीं, बल्कि बच्चों को ऐसा वातावरण देना है जहाँ वे आत्मविश्वास के साथ सीख सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। ब्यावरा विधानसभा में स्वीकृत यह राशि इसी सोच का प्रमाण है।

## बोर्ड परीक्षा: जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंधित

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा अभियान डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक की वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का 20 से 28 फरवरी, 2026 तक आयोजन होना है एवं साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षायें माह फरवरी व मार्च में आयोजित हो रही है। परीक्षा अवधि के दौरान जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर प्रतिबंधित उपयोग की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिला परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयानुसार जिले में बनाये गये कक्षा 5वीं व 8वीं के 310 परीक्षा केंद्रो पर छात्र अपने शिक्षक पालक के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होगे।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

एकीकृत बागवानी विकास मिशनयोजनांतर्गत वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन 06 फरवरी 2026 को नवीन कम्युनिटी हाल, आगर में संपन्न हुआ।

कार्यशाला के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ. मनीष कुमार द्वारा संतरा एवं अन्य उद्यानिकी फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण, प्याज एवं लहसुन की उन्नत उत्पादन तकनीक तथा रोग प्रबंधन पर जानकारी दी गई। (कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ. राजीव गवली ने उद्यानिकी फसलों में सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में नेटाफिम इरिगेशन नरेन्द्र धांधरे द्वारा माइक्रो इरिगेशन के उपयोग एवं महत्व, नारायण माली (नेटाफिम इरिगेशन) द्वारा ड्रिप संयंत्र के साथ ऑटोमेशन तकनीक की जानकारी दी गई। एग्रोनोमिस्ट, ग्रीन टेक कंपनी सुशांत डकाते ने संरक्षित खेती की आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में उप संचालक उद्यान अर्जुन सिंह राजपूत द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जबकि ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अशोक झंकारे द्वारा विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम स्थल पर पुष्प प्रदर्शनी, सूक्ष्म ड्रिप सिंचाई, सब्जी, फल, मसाला फसलें, प्राकृतिक खेती एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित उत्पादों की सजीव प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में अनोखीलाल चैहान, सुरेन्द्र यादव, श्रीमती ललिता वर्मा, अरविंद परमार, धीरज गोयल, भारत सिंह चौहान, दिव्या शाह, अर्जुन यादव सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी प्रेमसिंह चैहान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## समाजसेवी बालुसिंह प्रजापति का निधन



**सारंगपुर।** सारंगपुर से तीन किमी दूर स्थित कांकरिया मीना के गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं किसान बालुसिंह प्रजापति का 59 वर्ष की आयु में ह्दयघात होने से दुखद निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। स्वर्गीय प्रजापति हंसमुख, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवत्ति के सरल व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके स्वनिवास से मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके पुत्र मनोहर प्रजापति ने मुखाग्नी दी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती मुन्नाबाई बेवा उंकारलाल बाबूलाल पिता उंकारलाल लाबुबाई पुत्री उंकारलाल, तोफानसिंह पिता रतनसिंह सर्व जाति राजपूत निवासी ग्राम आवर तहसील आगर जिला आगर मालवा की स्वामित्व भूमि / सर्वे नंबर 106, 149, 160, 107, 108, कुल किता 05 कुल रकबा 2.37 हेक्टर भूमि स्थित है ग्राम आवर तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. को बेचने के इच्छुक हैं।

उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का हक, दावा, आपत्ति, बंधक, ऋण, लीज, वसीयत अथवा विवाद हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि 04/02/2026 से 14/02/2026 के भीतर लिखित रूप में प्रमाण सहित नीचे दिए गए पते पर सूचित करे ।

अतः निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह माना जाएगा कि किसी को कोई दावा/आपत्ति नहीं है, और विक्रेता को भूमि विक्रय का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक- 07/02/2026

**सर्विस प्रोवाइडर जितेश शर्मा पिता भेरुलाल शर्मा**
**अभिषेक कंप्यूटर बड़ोद रोड चोराह आगर मालवा म.प्र. मो. 99266533199, 9165006377**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार - तबस्सुम बी पति मोहम्मद अय्युब, निवासी-69/1, रामप्रसाद भार्गव मार्ग, जामा मस्जिद रोड, उज्जैन म०प्र० ने भवन स्वामी 1) शकुर खां पिता गफुर खां, 2) सलीम खां पिता गफुर खां, मार्ग, जामा 3) फिरोज खां पिता गफुर खां, निवासीगण 48/63, रामप्रसाद भार्गव मार्ग, मस्जिद रोड, उज्जैन म०प्र०, के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 70 व 71 का उत्तरी दिशा वाला भाग स्थित रामप्रसाद भार्गव मार्ग, गली नं0 02, उज्जैन (म.प्र.) में हैं को क्रय करने का तय किया हैं।

जल्द ही दस्तावेज विक्रय पत्र का संपादन एवं निष्पादन होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय / अर्द्धशासकीय / अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 01-एक सप्ताह में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति अर्थात उक्त संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके संबंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 06/02/2026, स्थानः उज्जैन

**शमीम एहमद खान एडवोकेट**
**पता - 120/1, हरिफाटक महाकाल रोड, शफी की मस्जिद के पीछे, उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नं. 98262 32535**



## 600 किलोग्राम लाहन नष्ट किया आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**शुजालपुर।** अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही शाजापुर के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए वृत्त क्रमांक 2 शाजापुर अंतर्गत रुलकी कंजर डेरे में थाना सुंदरसी, थाना बेरछा व आबकारी बल द्वारा सामूहिक दबिश के दौरान लगभग 1600 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया व मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 03 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही मे बेरछा थाना प्रभारी भरत सिंह किराड, सुंदरसी थाना बल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी बबीता शिंदे, आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल, मीनाक्षी बोरदिया, महेंद्र परमार, आबकारी आरक्षक लखन सिंह सिसोदिया, राकेश जमरा, अमित शर्मा तथा सैनिक देवकरण, बाबूलाल का विशेष योगदान रहा।

## फूलमाली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 27 मार्च को

**शुजालपुर।** सकल पंच फू लमाली समाज पंचायत समिति एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति शुजालपुर नगर द्वारा समाज के युवक-युवतियों के लिए सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च को शुजालपुर सिटी स्थित फूलमाली समाज धर्मशाला, रायकनपुरा हनुमान मंदिर के पीछे आयोजित होगा। विवाह सम्मेलन में पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। सम्मेलन का आयोजन सकल पंच फूलमाली समाज समिति शुजालपुर नगर द्वारा किया जा रहा है।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष पर विशाल चल समारोह आज



**महिदपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के जन्मोत्सव पर विधान सभा महिदपुर के रविदास समाज द्वारा आज प्रातः 10 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण से विशाल चल समारोह ओर कलश यात्रा निकाली जाएगी । चल समारोह में बैंड, डीजे, घोड़ी,बग्गी के साथ आकर्षक झांकी भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी । चल समारोह कृषि उपज मंडी से होता हुआ नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगा पुराने बस स्टैंड पर विशाल आमसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं न्याय मंत्रालय डॉक्टर सत्य नारायण जटिया,विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल अध्यक्षता कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी, विशेष अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना रहेगें। रविदास समाज समिति ने समस्त नगर वासियों से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है । सभा की समाप्ति के पश्चात विशाल महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है ।

## 64 वर्ष की आयु में यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर शर्मा बने युवाओं के लिए प्रेरणा



**जीरापुर।** कहते हैं सीखने और आगे बढ़ने की कोई उम्र नहीं होती–इस कथन को साकार कर दिखाया है कृषि विस्तार अधिकारी पद से सेवानिवृत्त रमेश चंद्र शर्मा ने। 64 वर्ष की आयु में भारत की कठिनतम परीक्षाओं में से एक यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणादायक संदेश दिया है।भारत में कॉलेजों/ विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (प्राप्त करने के लिए ठळअ द्वारा साल में दो बार आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। यह परीक्षा 80 से अधिक विषयों में कंप्यूटर आधारित माध्यम से होती है, जिसमें 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर आवश्यक है। रमेश चंद्र शर्मा ने यह परीक्षा लोक प्रशासन (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) विषय से 88.77 पर्सेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण भाव से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करे, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी नेट परीक्षा में प्रतिवर्ष लगभग 9 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित होते हैं, जिनमें से मात्र 6 प्रतिशत ही सफलता प्राप्त कर पाते हैं। लगभग 40 वर्षों की शासकीय सेवा के दौरान भी वे शिक्षा से निरंतर जुड़े रहे और जीरापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहे। उनके मार्गदर्शन में अध्ययन करने वाले लगभग 500 विद्यार्थी वर्तमान में विभिन्न शासकीय एवं निजी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं।

### जाहिर सूचना

मनीष एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण फर्म स्वराज इंडिया रियल स्टेट लिमिटेड रजिस्टर्ड ऑफिस खन्ना टॉवर, 3 फ्लोर, 41, कमलानेहरू मार्ग उज्जैन के रजिस्टर्ड संचालक है उक्त फर्म स्वराज इंडिया रियल स्टेट लिमिटेड एक रजिस्टर्ड संस्था है, तथा उक्त फर्म स्वराज इंडिया रियल स्टेट लिमिटेड में चार संचालक है जिसमें एक शिवकुमार तिवारी तथा जीवन विश्वकर्मा व अमित कुमार पाण्डे एवं मनीष रघुवंशी संचालक है तथा मेरे पक्षकारगण जीवन विश्वकर्मा व अमित कुमार पाण्डे के द्वारा उक्त फर्म स्वराज इंडिया रियल स्टेट लिमिटेड की कृषि भूमि सर्वे नबंर 2882/1 मीन, 2883/1 मीन रकबा 2.467 हेक्टयर, सर्वे नबंर 2882/2 रकबा 04.18 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/1 मीन रकबा 0.209 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/1 मीन रकबा 0.209 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/1 मीन रकबा 0.209 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2882/1 मीन रकबा 0.018 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/1 मीन रकबा 0.046 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/1 मीन रकबा 0.032 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 2883/2 मीन रकबा 0.085 हेक्टयर कुल किता 09 कुल रकबा 3.693 हेक्टयर स्थित ग्राम जियापुरा कस्बा उज्जैन बडनगर रोड जिला उज्जैन में स्थित है जिसको मेरे पक्षकारगण के जाली व कुटरचित हस्ताक्षर के आधार पर कंपनी अधिनियम के विपरित जाकर शिवकुमार तिवारी स्वयं के लाभ प्राप्ति हेतु कुटरचित दस्तावेज के आधार पर अन्य को उक्त भूमि विक्रय आंतरित करने का प्रयास कर रहा है जबकि उक्त भूमि में स्वराज इंडिया लिमिटेड के खातेदारों की जमा पूंजी से उक्त भूमि क्रय की गई है जिसमें खातेदारों का भी स्वत्व हित अधिकार है उक्त भूमि का इस जाहिर सूचना के पश्चात शिव कुमार तिवारी किसी को आंतरित हस्तांतरित करता है तो ऐसा दस्तावेज मेरे पक्षकारगण की बिना सहमति व बिना अनुमति के व कंपनी के अधिनियम के विपरित निष्पादित व पंजीकृत दस्तावेज माना जावेगा, जो मेरे पक्षकारगण व कंपनी के खातेदारों पर बंधनकारक नही होगा शून्यवत प्रभावहीन माना जावेगा। ताकिद जानो। दिनांक 07.02.2026 स्थान उज्जैन

**योगेश गोस्वामी, एडवोकेट**
**कार्यालय : इंदिरा गाँधी चौराह, फीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 93022-39964**

## न्यूज कॉलम

### अब बड़नगर में सड़कों पर नजर नहीं आएंगे मवेशी



**बड़नगर।** शहर में लावारिस पशुओं की समस्या से मुक्ति के लिए नगर पालिका ने योजना बना ली है। नगर पालिका द्वारा समीपस्थ ग्राम रणवा में स्थित गौशाला आवारा पशुओं को शिफ्ट करने की योजना बनाई है। शनिवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, जल सभापति अजय दौराया एवं ग्राम रणवा के सरपंच महेंद्रसिंह भाटी ने श्री राम राज्य गौपाल गोशाला का निरीक्षण किया और कार्य योजना तैयार की। बड़नगर शहर में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ने से शहर वासियों को परेशान होना पड़ रहा है। वहीं, सड़कों पर आवारा पशुओं की वजह से यातायात व्यवस्था भी बिगड़ रही है। पशुओं को पकड़ने के लिए नगर पालिका के पास संसाधन तो हैं लेकिन इन मवेशियों के पुनर्वास के लिए शहर में पर्याप्त गौशाला नहीं होने से शहर में पशुओं की समस्या बनी हुई थी। बीते दिनों आवारा पशु के हमले से शहर में वृद्ध घायल भी हुए है। नगर पालिका ने आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत रणवा स्थित श्री राम राज्य गौशाला शिफ्ट करने की योजना बनाई है। इसके बाद अब शहर से आवारा मवेशियों को पड़कर इस गौशाला में शिफ्ट किया जा सकेगा।

**गौशाला में शिफ्ट होंगे लावारिस पशु-** नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने बताया कि इससे पूर्व शहर से पकड़े जाने वाले पशुओं को दूरस्थ क्षेत्र में स्थित गौशालाओं में छोड़ा जाता था लेकिन अब शहर के पास ही स्थित गौशाला में पशुओं को छोड़ा जा सकेगा। जिससे अधिक मात्रा में आवारा पशुओं को शहर की सड़कों और कॉलोनी से निकलकर गौशाला में शिफ्ट किया जा सकेगा। जिसके बाद अब शहर वासियों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिल सकेगी।

### घर के बाहर खेल रही मासूम को कुत्तों ने नोचा, मां ने बचाई जान

**शाजापुर।** राजगढ़ जिले में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला छापीहेड़ा क्षेत्र का है, जहां घर के आंगन में खेल रही महज डेढ़ साल की मासूम बच्ची को आवारा कुत्तों के झुंड ने अपना शिकार बना लिया। कुत्तों के इस जानलेवा हमले में बच्ची बुरी तरह जख्मी हो गई, जिसे गंभीर हालत में शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना शनिवार की है जब डेढ़ वर्षीय भव्या अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी अचानक तीन आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर घर के अंदर काम कर रही मां बदहवास होकर बाहर दौड़ी। वहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। मां ने हिम्मत दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और अपनी बेटी को उनके चंगुल से छुड़ाया। परिजन बच्ची को लेकर पहले छापीहेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन वहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शाजापुर जिला अस्पताल के डॉ. अरुण पाटीदार ने बताया कि जब बच्ची को यहां लाया गया, तो उसकी हालत काफी गंभीर थी। कुत्तों ने बच्ची के सिर और चेहरे पर गहरे घाव किए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया गया है और मेडिकल टीम लगातार उसकी सेहत पर नजर रख रही है। परिजनों ने बताया कि इलाके में कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले भव्या के बड़े भाई पर भी आवारा कुत्तों ने हमला किया था, जिसके बाद उसका इलाज करवाना पड़ा था। एक ही परिवार में यह दूसरी घटना है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति रोष और बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है।

### लाईब्रेरी शुरू करने की मांग

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बंद पड़ी लाइब्रेरी को लेकर विरोध दर्ज कराया। एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा को ज्ञापन सौंपते हुए लाइब्रेरी को जल्द शुरू करने की मांग की।

### जनगणना 2027 के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**शाजापुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऋजु बाफना ने शाजापुर जिले में जनगणना 2027 के सुचारू रूप से कार्य संपादन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की हैं, जो अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत जनगणना का कार्य करेंगे। जारी आदेश अनुसार कलेक्टर स्वयं प्रमुख जनगणना अधिकारी रहेगी। इसी तरह अपर कलेक्टर को जिला जनगणना अधिकारी, जिला योजना अधिकारी को अतिरिक्त जनगणना अधिकारी, सभी अनुविभगीय अधिकारियों को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, सभी तहसीलदारों व नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को चार्ज जनगणना अधिकारी एवं सभी नायब तहसीलदारों को अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आगर की बालिकाओं ने बढ़ाया जिले का मान



**आगर मालवा।** भोपाल में 28 से 31 जनवरी तक आयोजित राज्यस्तरीय एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में आगर मालवा जिले की दो बहनों पूनम जायसवाल एवं बुलबुल जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवांवित किया है। दोनों खिलाड़ियों ने रोइंग खेल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर दोनों बालिकाओं ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत भी उपस्थित रहीं। पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी ने दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अन्य खिलाड़ियों को भी इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने भविष्य को संवारने एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पूरी : गोपनीय दस्तावेजों को अलग-अलग थानों में सुरक्षित रखवाया

# पुलिस के कड़े पहरे में 12 बसों से थानों तक पहुंची गोपनीय सामग्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण पूरी सुरक्षा के बीच किया गया। प्रश्न-पत्रों और अन्य गोपनीय दस्तावेजों को पुलिस सुरक्षा के साये में जिले के अलग-अलग थानों में सुरक्षित रखवाया गया है।

उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए दो चरणों में सामग्री का वितरण संपन्न हुआ। सभी केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों ने अपनी निगरानी में गोपनीय सामग्री प्राप्त कर उसे पेटियों में सील किया। इसके बाद प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई 12 बसों के माध्यम से, पुलिस बल की मौजूदगी में इन सीलबंद पेटियों को संबंधित परीक्षा केंद्रों के नजदीकी पुलिस थानों तक सुरक्षित पहुंचाया गया।

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले भर में कुल 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इनमें से 4 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां विशेष निगरानी रहेगी। इसके अलावा आपात स्थिति के लिए 4 रिजर्व परीक्षा केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं।

**22,497 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

10 फरवरी से 7 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं में जिले के कुल 22,497 विद्यार्थी अपने भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें हाई स्कूल (10वीं) के 12,885 और हायर सेकेंडरी (12वीं) के 9,612 परीक्षार्थी शामिल हैं। वितरण प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर अंकिता पाटकर, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह शिप्रे, सहायक संचालक पुष्पेंद्रसिंह सस्तिया, जिला परीक्षा प्रभारी राजेश वर्मा, मूल्यांकन अधिकारी हेमेंद्र यादव, संकलन अधिकारी दिनेश चंद्र सोनी एवं सियाराम पाटीदार ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म धर्म परिवर्तन का दबाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। लगभग 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जामनेर शुजालपुर निवासी असद अंसारी पिता समद अंसारी एवं उसके भाई फरीन अंसारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2025 में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान असद अंसारी से हुई। बातचीत के दौरान असद ने शादी का भरोसा दिलाया और जान-पहचान बढ़ी। 12वीं कक्षा की पढ़ाई के दौरान वह कई बार जामनेर गांव गया, जहां आरोपी ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए।

पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे भोपाल, उज्जैन सहित अन्य स्थानों पर ले गया, जहां अलग-अलग जगहों पर शारीरिक शोषण किया गया। जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में आरोपी ने उससे धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने का दबाव बनाया और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के भाई फ रीन अंसारी ने भी उसे डराया धमकाया और पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया। घटना से मानसिक रूप से प्रताड़ित पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्वर के फेर में उलझा राशन वितरण

## दो दिन से खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला राशन पिछले 48 घंटों से तकनीकी खामियों की भेंट चढ़ गया है। शाजापुर जिले में कंट्रोल दुकानों पर लगी पीओएस मशीनों के सर्वर ठप होने से वितरण व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। हालात यह हैं कि डिजिटल इंडिया के दौर में गरीब उपभोक्ता अनाज के लिए दिन भर कतार में लगने के बाद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। सर्वर न चलने का सीधा असर उन दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ रहा है, जिनके घर का चूल्हा इसी राशन से जलता है।

**दोहरी मार, न राशन मिला, न मजदूरी-** राशन दुकानों के बाहर सुबह से ही भीड़ जमा हो जाती है। कतार में खड़ीं महिला हितग्राही का दर्द सिस्टम की लापरवाही को बयां करता है। उन्होंने बताया, साहब, दो दिन से मजदूरी पर नहीं गई हूं, यह सोचकर कि आज राशन मिल जाएगा, लेकिन घंटों इंतजार के बाद मशीन न चलने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। एक तरफ मजदूरी का नुकसान हो रहा है, दूसरी तरफ घर में राशन का संकट खड़ा हो गया है।



**सिस्टम पर सवाल 5जी के युग में 2जी की रफ्तार**

तकनीकी बदइंतजामी से नाराज वार्ड क्रमांक 5 के उपभोक्ता ने विभागीय कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया 5जी की स्पीड से चल रही है, लेकिन हमारा राशन वितरण सिस्टम अभी भी 2जी के जमाने में अटका है। वार्ड के सैकड़ों लोग दो दिन से चक्कर काट रहे हैं। सरकार को चाहिए कि मशीनों को अपग्रेड कर 5जी तकनीक से जोड़े, ताकि गरीबों की फजीहत न हो।

**जिम्मेदार बोले समस्या पूरे प्रदेश में**

सर्वर डाउन होने से केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि दुकान संचालक भी हलाकान हैं। कंट्रोल संचालक का कहना है कि मशीनें साथ नहीं दे रही हैं, जिससे वितरण संभव नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं के गुस्से का सामना संचालकों को करना पड़ रहा है। वहीं, खाद्य अधिकारी देवेंद्र प्रताप ने इसे स्थानीय समस्या न बताकर प्रदेश स्तरीय तकनीकी खामी बताया है। उन्होंने कहा, सर्वर की दिक्कत पूरे मध्य प्रदेश में आ रही है। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, उम्मीद है जल्द ही सिस्टम सुचारू हो जाएगा।

## यूजीसी के काले कानून के खिलाफ लामबंद हुआ सवर्ण समाज

### आज शाजापुर में गूंजेंगे विरोध के स्वर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए प्रावधानों को लेकर सवर्ण समाज में आक्रोश गहरा गया है। समाज ने इसे छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात बताते हुए अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इसी कड़ी में आज रविवार को शाजापुर की सड़कों पर सवर्ण एकता मंच का बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जहां समाजजन रैली निकालकर इस कानून को पूरी तरह समाप्त करने की हुंकार भरेंगे।

सवर्ण एकता मंच के दिलीप शर्मा ने बताया कि रविवार दोपहर 1 बजे बस स्टैंड पर समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होंगे। यहां से एक विशाल रैली शुरू होगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। रैली का रूट बस स्टैंड से नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक, सोमवारिया, मगरिया और स्टेशन चौराहा तय किया गया है। शहर का भ्रमण करने के बाद रैली वापस बस स्टैंड पहुंचेगी, जहाँ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यूजीसी का नया बिल एक काला कानून है। मंच के पदाधिकारियों ने दो टूक कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिल पर रोक लगाना राहत की बात जरूर है, लेकिन यह समस्या का स्थायी हल नहीं है। समाज चाहता है कि इस कानून को जड़ से खत्म किया जाए। पदाधिकारियों ने कहा, यह कानून देश के भविष्य यानी मेधावी छात्रों के पैरों में बेड़ियां डालने जैसा है। आज स्थिति यह है कि सामान्य वर्ग के बच्चों के लिए न तो कॉलेज-यूनिवर्सिटी में जगह बची है और न ही सरकारी नौकरियों में प्रतिस्पर्धा के अवसर। सरकारी योजनाओं से भी उन्हें वंचित रखा जा रहा है। ऐसे में हम इस विनाशकारी नियम को कतई स्वीकार नहीं करेंगे। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सवर्ण समाज ने पूरी ताकत झोंक दी है। पिछले कई दिनों से बैठकों का दौर जारी है। इंटरनेट मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म्स पर भी पोस्ट साझा कर समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं से रैली में शामिल होने की अपील की जा रही है।

## महाविद्यालय शुजालपुर में पीएम उषा के तहत प्रयोगशाला प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान पीएम उषा योजना के अंतर्गत भौतिक विज्ञान एवं भूगोल विषयों पर प्रयोगशाला परिचालन एवं उपकरण संचालन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भूगोल एवं भौतिकी विभाग द्वारा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा में प्रायोगिक दक्षता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पीएम उषा योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पीएम उषा एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. बी के त्यागी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ. डीपी चतुर्वेदी ने भूगोल विषय से संबंधित आधुनिक प्रायोगिक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सागर सेन ने भौतिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में प्रयुक्त उपकरणों का लाइव प्रदर्शन करते हुए उनके शैक्षणिक एवं शोध उपयोगों पर प्रकाश डाला।

## संगठन मजबूत करने की दिशा में ग्राम पंचायतों का गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयालक्ष्मी तवर के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल की अगुवाई में सर्वसम्मति से गठन हुआ। जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयालक्ष्मी तवर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों का गठन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कसाई देहरिया एवं ग्राम पंचायत बिजना खेड़ी का सर्वसम्मति से गठन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्राम स्तर पर




संगठन को सशक्त करने और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि ग्राम पंचायतों के गठन से कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर गौरीशंकर सूर्यवंशी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह चैहान, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष पालीवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर सकारात्मक संदेश के साथ किया गया। उक्त जानकारी गौरीशंकर सूर्यवंशी ने दी।

## हाईस्कूल और हायरसेकंडरी बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हो रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

हाईस्कूल/हायरसेकंडरी बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्र साल भर मेहनत करते है।लेकिन फिर भी अच्छे अंक प्राप्त नहीं कर पाते है इसका सबसे बड़ा कारण प्रश्न पत्र को सही तरीके से हल न करना है। सांदीपनि शा कन्या उ मा विद्यालय नलखेड़ा के बोर्ड परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए जो कि बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होंगे।

- बोर्ड की परीक्षा में छात्रों को पेपर पढ़ने के लिए अतिरिक्त समय(10 से 15 मिनट) समय दिया जाता है। इसका सही उपयोग करे।
- बोर्ड परीक्षा में प्रश्न हल करते समय छात्र गति का भी ध्यान रखें। ताकि तय समय में प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नो के उत्तर लिख सके।



- छात्र सरल प्रश्नों को हल करने के बाद कठिन प्रश्नों की ओर जाएं।
- छात्र प्रश्नों के उत्तर सटीक लिखे।
- अनुपयोगी जानकारी का वर्णन करने वाले बड़े-बड़े पैराग्राफ न लिखें।
- कठिन शब्दों का उपयोग न करे।
- बोर्ड परीक्षाओं नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है। ऐसे में सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करना चाहिए।
- कुछ प्रश्न विकल्प में दिए जाते हैं। इन प्रश्नों को हल करने में जल्दबाजी न करें, समझदारी से प्रश्न का चुनाव करें।
- छात्र प्रत्येक प्रश्न को पढ़ें और समझ लें कि प्रश्न में क्या पूछा गया है और क्या लिखना है।
- छात्र हाईलाइटर्स या मार्करों का उपयोग करने से बचे।केवल नीले और काले बॉलपेन का उपयोग करे।
- परीक्षा के अंतिम समय में समय शेष रहने पर लिखे गए प्रश्नों के उत्तर सरसरी नजर से देखे।
- इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये जा सकते हैं।

### वरिष्ठ पेंशनर्स व कल्याणी बहन का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सेवा निवृत्त शिक्षक आनंदीलाल सोनानिया एवं लालजी राठौड़ के संयोजन में वरिष्ठ पेंशनर्स एवं कल्याणी बहन का सम्मान समारोह अरनियाकलां में आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र के प्रदेश जनसंपर्क मंत्री गंगाधर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वर्मा के नेतृत्व में 98 वर्षीय सेवा निवृत्त शिक्षक बाबूलाल उपाध्याय को शॉल व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि मैं इस्माइल खां, पिता स्व. इब्राहिम खां, आयु 66 वर्ष, निवासी मकान नंबर 23, वार्ड नंबर 01, चाकरोद तहसील कालापीपल, जिला शाजापुर (म.प्र.) ने अपने नाम का परिवर्तन किया है। पूर्व में मेरा उपनाम अभिलेखों में अंसारी / अंसारी खान दर्ज था, जिसे अब विधिवत शपथपत्र द्वारा परिवर्तित कर इस्माइल खां (Ismail Khan) कर लिया गया है। भविष्य में मेरे समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम इस्माइल खां ही माना जाए।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने गोकुलसिंह पिता स्वर्गीय श्री गणपतसिंह जाति-राजपूत निवासी ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1224/1 रकबा 0.67 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-1229/3 रकबा 0.39 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 1.06 हेक्टर व 1- दरबारसिंह पिता स्वर्गीय श्री तकेसिंह जाति-राजपूत 2-श्रीमती सुगनबाई पति स्वर्गीय श्री तकेसिंह जाति-राजपूत 3-जयपालसिंह पिता स्वर्गीय श्री तकेसिंह जाति-राजपूत 4-सायरबाई पुत्री स्वर्गीय श्री गणपतसिंह जाति-राजपूत 5-गीताबाई पुत्री स्वर्गीय श्री गणपतसिंह जाति-राजपूत 6- गोकुलसिंह पिता स्वर्गीय श्री गणपतसिंह जाति-राजपूत 7-भवरबाई पुत्री स्वर्गीय श्री गणपतसिंह जाति-राजपूत निवासीगण ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1229/1 रकबा 0.20 हैक्टर संयुक्त कुल किता-3 संयुक्त कुल रकबा 1.26 हेक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश पटवारी हल्का नम्बर-46 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो ।
दिनांक-07.02.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत**
**सर्विस प्रोवाईडर-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. नं. 9826887494**

न्यूज-कॉलम

## रणजीतसिंह राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी नियुक्त.

**नीमच।** राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी संरक्षक एवं मुख्यमंत्री उ.प्र. श्री योगी आदित्यनाथजी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी श्री अजयजी शेरोके, महिला प्रदेश अध्यक्ष पार्वतीबाई साहू, नीमच जिला अध्यक्ष महिला दिया गोयल द्वारा रणजीतसिंह उर्फ रंजन स्वामी को जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर रंजन स्वामी ने कहा कि मै सदैव संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये कार्य करता रहूंगा एवं गौमाता की रक्षा, हिन्दू धर्म को हमेशा आगे बढ़ाने और समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहूंगा। और संगठन में सदैव ईमानदारी और सक्रियता से कार्य करूंगा। सदैव संगठन के हित में अनुशासन पूर्वक कार्य करूंगा, सदैव हिन्दुत्व ही हमारा प्राण है तथा राष्ट्र रक्षा ही मेरी प्रथत प्राथमिकता होगी। संगठन के सिद्धांतों पर चलकर पूरी ईमानदारी से कार्य करता रहूंगा।

## आज पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रैली व ज्ञापन

**मन्दसौर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्याम मीणा ने बताया कि प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर आज 8 फरवरी 2026 को पुरानी पेंशन बहाली एवं इ अटेंडेंस के विरोध में व अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित 21 मांगो के समर्थन में रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्थानीय अभिव्यक्ति स्थल महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर दोपहर 12 बजे जिले के बड़ी संख्या में शिक्षक साथी एकत्रित होकर रैली में भाग लेंगे। दोपहर 1.30 पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत, दो अन्य घायल

**मंदसौर।** बीती रात को नईआबादी थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंदसौर में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में मंगल (22) पिता राधेश्याम निवासी इन्द्रा कॉलोनी मंदसौर की मृत्यु हो गई जबकि इरफान खान और रोहित राठौर घायल हो गये। पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया।

## अभिव्यक्ति स्थल पर आज लगेगा जैविक हाट बाजार

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में आज 8 फरवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे से जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रविंद्र मोदी ने बताया कि इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री हेतु यह एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध होंगे।

## कुत्तों की नसबंदी उनकी बढ़ती आबादी का समाधान है - श्री शर्मा

**नीमच।** शहर में आवासीय क्षेत्र में बढ़ते कुत्तों की संख्या पर चिंता तो व्यक्त करते है कुछ घटनाओं में हालांकि बच्चे और बड़े उनके हमले का शिकार भी हुए हैं ह्यलेकिन समाज में इन बेजुबान जीवों के प्रति भय और नफरत भी पैदा करना ठीक नहीं है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता और पशु जगदीश शर्मा ने करते हुए बताया श्वान मनुष्य के शत्रु नहीं, बल्कि उसके सबसे पुराने और सबसे वफादार मित्र रहे हैं। जो बहादुरी और स्वामी-भक्ति के उदाहरण हमारे आसपास ही मौजूद हैं। सीमाओं पर तैनात डॉग स्क्वॉड, आपदाओं में लोगों की जान बचाने वाले रेस्क्यू डॉग्स और गली-मोहल्लें में रात भर पहरा देने वाले श्वान ये सभी समाज की अनकही सुरक्षा पंक्ति हैं। इनको को पकड़कर हटाना या मारना समस्या को और विकराल बनाता है।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार रखेगा : सांसद श्री गुर्जर

## मोदी जी ने 2014 के बाद बजट की अवधारणा को बदला : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

### जिला भाजपा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को लेकर शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इसमें राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि 2026-27 का केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार रखेगा। यह बजट हर वर्ग के कल्याण की कल्पना पर आधारित है। इसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की दिशा निहित है।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इससे पूर्व बजट के आर्थिक और औद्योगिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि 2014 में सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने बजट की अवधारणा को बदल दिया है। इसमें केवल आय-व्यय की बातें ही नहीं होती अपितु सम्पूर्ण विकास के साथ देश को आगे ले जाने का उद्देश्य पूरा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, बजट टोली के संयोजक जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी एवं सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन रहे। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने केन्द्रीय बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने लगातार नौवीं बार संसद में जो बजट प्रस्तुत किया है वह भी भारत के संसदीय इतिहास में गौरव के पल के रूप में दर्ज हुआ है। इसे केवल बजट कहना न्यायसंगत नहीं है अपितु यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला विजन पत्र है।

उन्होंने बताया कि इस बजट से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए दवाओं पर शुल्क में कटौती की है और कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क 0 या बहुत कम कर दिया है। मध्यम वर्ग परिवारों को गुणवत्ता पूर्ण इलाज के लिए जिला स्तर पर आयुष केन्द्रों को 10 हजार करोड़ का कोष आवंटित किया गया है। महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में एक छात्रावास का प्रस्ताव कर 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है और महिलाओं में रोजगार अवसर बढ़ाने हेतु डेढ़ लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

श्री गुर्जर ने बताया कि किसानों के लिए भी बजट अत्यंत सकारात्मक है। इस बजट के माध्यम से भारत के भविष्य को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। बजट को राजनीति के चश्मे से देखने के बजाए राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए, क्योंकि इससे भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पर्यावरण के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक प्रावधान है। पर्यटन क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइड़ों के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में भी बदलाव का प्रावधान बजट में किया गया है। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए भी 10 हजार करोड़ का आवंटन किया गया है। एमएसएमई क्षेत्र में महिलाओं के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। लखपति दीदी योजना को भी आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले बजट में कीमतों के कम-ज्यादा होने का अनुमान लगाते थे, मोदी जी ने बजट को एक दिशा-निर्देश प्रपत्र बनाया है। 2026 का पूरा बजट आगामी 25 वर्षों का बजट है, जिसमें 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना की जा रही है।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि बजट युवा केंद्रित है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर है।



## कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं का अंबार, बाहर वाहनों की लंबी कतार

**मल्हारगढ़।** एशिया की जानी मानी लहसुन की कृषिउपज मंडी पिपलिया में इन दिनों अव्यवस्थाओ का अंबार है,मंडी के अंदर लहसुन के शेड खाली पड़े है और बाहर मनासा मार्ग पर हमेशा जाम लगता है।शनिवार को किसान जगदीश कछावा, श्यामलाल, गोकुल अनिल,करण, कुशाल सहित अन्य किसानों ने शनिवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसनेता अनिल शर्मा को कृषिउपज मंडी बुलवाया ओर बताया की हम रात्रि में 12 बजे के परेशान हो रहे है गेट पर तैनात गार्ड ने हमसे बदतमीजी की इधर लहसुन के शेड खाली पड़े है फिर भी हमे लहसुन खाली नही करने दी जा रही है। शर्मा किसानों के साथ मंडी कार्यालय पहुंचे व मंडी निरीक्षक कमल जैन से अव्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की। शर्मा ने कहा कि मंडी प्रशासन की लापरवाही से पिपलीया-मनासा मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है और कई बार जाम में एम्बुलेंस भी फस जाती है। कई बार मंडी भारसाधक व मंडी प्रशासन को भी इस समस्या के स्थाई समाधान को लेकर लिखित में व मौखिक रूप से भी अवगत करवाया पर मंडी प्रशासन के कानों पर जु तक नही रेंगी। शर्मा ने कहा कि मंडी में एक सप्ताह में सुधार नही होने पर किसानों के साथ कांग्रेस आंदोलन करेगी।

## करणी सेना प्रमुख जीवनसिंह ने भागवताचार्य विरेन्द्र शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**पिपलिया मंडी।** श्री कृष्ण गौशाला बरखेड़ा पंथ परिसर में पत्रकारो द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के 7 फरवरी को समापन समारोह में करणी सेना प्रमुख कुं.जीवनसिंह शेरपुर ने कथा में पहूंच कर भागवताचार्य विरेन्द्र शास्त्री का स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कुं शेरपुर गौशाला में शेड निर्माण के लिए शेड लगाएं जाने की घोषणा करी जिस पर पं शास्त्री ने सिर पर पाग पहनाकर जीवन सिंह का स्वागत किया।इस अवसर पर आपके साथ करणी सेना तहसील अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सोनगरा, भवरसिंह झाला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसी मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ें श्यामलाल जोकचंद भी अपने समर्थकों के साथ कथा में पहूंचे और पं शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात श्री जीवन सिंह शेरपुर श्यामलाल जोगचंद की प्रतिष्ठा पर पहुंचे जहां पर जनपद सदस्य के प्रत्याशी रहे दरबार सिंह कुमारी के नेतृत्व में उपस्थित बड़ी संख्या में जोगचंद मित्र मंडल द्वारा पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया।





### मंदसौर में गोवंश के अवशेष मिलने का मामला-

## प्रशासन की कार्यप्रणाली से खफा हिंदू संगठनों ने भगवान को सौंपा ज्ञापन, मंदसौर दोपहर तक रहा बंद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर






स्थानीय जीवागंज में गोवंश के अवशेष मिलने की घटना के विरोध में शनिवार का विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के आह्वान पर दोपहर 2 बजे तक शहर के बाजार बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने इस बार प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय नेहरू बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठकर भगवान के चरणों में अपना ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।

हिंदू संगठनों का कहना है कि वे बार-बार प्रशासन को ज्ञापन देकर थक चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। विहिप जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडोई ने बताया कि पिछले 4-6 महीनों में शहर में यह चौथी घटना है। हेमंत मूलचंदानी ने कहा, हम बार-बार आवेदन देकर थक चुके थे, इसलिए अब हम बालाजी की शरण में आए हैं ताकि भगवान ही प्रशासन को सद्बुद्धि दें। सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद भगवान को प्रतीकात्मक ज्ञापन अर्पित किया गया।

शनिवार सुबह से ही सर्व हिंदू समाज, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर निकले। कार्यकताओं ने रैली निकालकर व्यापारियों से सहयोग की अपील की। शहर के व्यापारियों ने भी शादी-ब्याह के सीजन के बावजूद स्वेच्छा से दोपहर 2 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर समर्थन दिया। बंद के दौरान कहीं भी अप्रिय स्थिति या विवाद की खबर नहीं मिली और स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

ये था मामला- आक्रोश की शुरूआत गुरुवार दोपहर को जीवागंज क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने के बाद हुई थी। उस समय प्रदर्शनकारियों ने माहेश्वरी धर्मशाला के यहां धरना देने के उपरांत अवशेषों को हाथ में लेकर घंटाघर तक रैली निकाली थी और प्रशासन को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। तय समय सीमा में पुलिस द्वारा किसी निष्कर्ष पर न पहुँच पाने के कारण शनिवार को मंदसौर बंद का निर्णय लिया गया।

## होली व अन्य त्यौहार पर रेलवे की 6 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

**नीमच।** क्षेत्र के रेल यात्रियों की सुविधा एवं आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने रतलाम रेल मंडल से होकर गुजरने वाली 6 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये सभी स्पेशल ट्रेनें विशेष किराये पर संचालित की जा रही हैं। रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनसझअजमेर साप्ताहिक स्पेशल के फेरे 30 मार्च 2026 तक बढ़ाए गए हैं। वहीं, 09621 अजमेर बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 29 मार्च 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, 09625 अजमेर दौंड साप्ताहिक स्पेशल 26 मार्च तक तथा 09626 दौंड अजमेर साप्ताहिक स्पेशल के फेरे 27 मार्च 2026 तक बढ़ाए गए हैं। 09627 अजमेर सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल 25 मार्च 2026 तक एवं 09628 सोलापुर अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 26 मार्च 2026 तक संचालित रहेगी। इसके अलावा, 04715 बीकानेर साई नगर शिरडी साप्ताहिक स्पेशल 28 मार्च 2026 तक तथा 04716 साई नगर शिरडी बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल 29 मार्च 2026 तक चलेगी। 04725 हिसार खड़की साप्ताहिक स्पेशल 29 मार्च 2026 तक एवं 04726 खड़की हिसार साप्ताहिक स्पेशल 30 मार्च 2026 तक विस्तारित की गई है। वहीं, 04727 हिसार वलसाड साप्ताहिक स्पेशल 25 मार्च 2026 तक तथा 04728 वलसाड हिसार साप्ताहिक स्पेशल के फेरे 26 मार्च 2026 तक बढ़ाए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन की समय-सारिणी एवं उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें।

## प्रतिदिन चल रहा है शिवना शुद्धिकरण अभियान, एक ट्राली कचरा निकला



**मन्दसौर।** शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण जनअभियान का सिलसिला शनिवार को 89वें दिन भी निरंतर जारी रहा। इस दौरान श्रमदानियों द्वारा शिवना नदी में फैली काई, कचरा व गंदगी को निकालकर नदी को स्वच्छ किया गया। साथ ही नदी के आसपास फैले प्लास्टिक, पन्नी, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को भी एकत्र कर साफ-सफाई की गई। अभियान के तहत लगभग १ ट्राली कचरा नदी से बाहर निकाला गया। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि च्स्वच्छ नदी से ही स्वस्थ जीवन संभव है। यदि हम अपनी नदियों को गंदा करेंगे तो उसका दुष्परिणाम बीमारियों के रूप में हमारे घरों तक पहुंचेगा। श्री जैन ने अपील की कि नदी को कूड़ादान न बनाएं तथा नदी में प्लास्टिक, गंदा कचरा, पूजा-पाठ की सामग्री या अन्य अपशिष्ट पदार्थ न डालें, जिससे जल प्रदूषण रोका जा सके । श्रमदान में हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, विजय आनंद, कैलाश कुमावत, हरीश मीणा, श्रवण मीणा, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, कौशल्या त्रिवेदी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, संजय नाहर, दिलीप देवड़ा, रमेश सिंगार, साबिर इलेक्ट्रीशियन आदि ने श्रमदान किया।

## मशरूम कल्टीवेशन के क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावना

**पी.जी. कॉलेज में आयोजित हुए व्याख्यान**

**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में च्मशरूम कल्टीवेशन- ए स्टार्टअप अप्रोचज विषय पर लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के. व्यास की ने मशरूम कल्चर के महत्व को समझाया। इसके पश्चात प्राणिकी विभाग के विभागाध्यक्ष सिद्धार्थ बरोडा ने व्याख्यान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बाया कि मशरूम कल्टीवेशन के क्षेत्र में भारत छठे स्थान पर है एवं इसमें स्वरोजगार की अपार संभावनाएं है। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा मित्रा ने विद्यार्थियों को मशरूम के विभिन्न प्रकारों और उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उद्यानिकी महाविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. आर.पी. पटेल ने बताया कि कैसे छात्र मशरूम उत्पादन को एक बेहतर स्वरोजगार और स्टार्टअप के रूप में अपना सकते हैं। उन्होंने इसकी तकनीकी बारीकियों और व्यावसायिक संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। सत्र के दौरान विभाग की पूर्व छात्रा प्रियांशी बघेलवाल, जिन्होंने हाल ही में मशरूम उत्पादन शुरू किया है। कार्यक्रम का संचालन एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी के छात्र रवींद्र रावल ने किया एवं आभार सहायक प्राध्यापक संदीप सोनगरा ने माना।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

### बर्थ वेटिंग रूम का उपयोग कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली का रोस्टर निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाए देखी एवं आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं की प्रसव की अनुमानित तिथि के आधार पर महिलाओं को परामर्श प्रदान कर बर्थ वेटिंग रूम में समय पर भर्ती कराया जाए जिससे प्रसव संबंधी खतरों में कमी आ सके तथा प्रसव का उचित प्रबंध करते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी हो। विभाग की सब इंजीनियर कामिनी देवड़ा में बताया कि अस्पताल में ऊपरी तल पर बी एम ओ ऑफिस और लेबोरेटरी आदि के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मरीज की जांच हेतु सैंपल कलेक्शन ग्राउंड फ्लोर पर ही लिए जाएं और निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाए। उन्होंने दवाईंयां के स्टोर कक्ष के निरीक्षण के दौरान नियर एक्सपायरी दवाईंयां की अच्छी व्यवस्था को गुड प्रैक्टिस मानते हुए सभी केंद्रों पर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश मंडलोई ने बताया कि केंद्र पर चार कर्मचारियों के माध्यम से सफाई कराई जा रही है। कलेक्टर ने सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी रोस्टर भी चस्पा करने के निर्देश दिए। डॉक्टर के ड्यूटी रोस्टर अनुसार लगे हुए पाए गए । कलेक्टर ने डॉक्टर ड्यूटी रोस्टर को बड़े रूप में प्रदर्शित करने तथा सीएमएचओ, एसडीएम और एसडीओपी के फोन नंबर भी प्रदर्शित करने को कहा।

कलेक्टर ने टीकाकरण केंद्र में गर्भवती माता एवं शिशुओं के टीकाकरण ड्यू लिस्ट का सूक्ष्म अवलोकन किया और सभी गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं को समस्त प्रकार के टीकाकरण की सूचना एवं परामर्श प्रदान करते हुए कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकताओं के माध्यम से विवाह की सही उम्र तथा गर्भधारण की सही उम्र के बारे में परामर्श प्रदान किया जाए। दवाईंयो की सूची का हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में लेवल करने तथा अस्पताल के विभिन्न कक्ष में दी जाने वाली सुविधाओं के लिए कलर कोडेड व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे कलर के आधार पर मरीज सेवा प्राप्त कर सके।

## माय भारत बजट क्विज में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**मन्दसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि एन.एस.एस. इकाई द्वारा माय भारत पोर्टल के सौजन्य से आयोजित माय भारत बजट क्विज में भाग लेने हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। यह क्विज 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए है, जिसमें उन्हें केंद्रीय बजट 2026-27 से जुड़े सवालों के जवाब देने होंगे। उन्होंने बताया कि क्विज का उद्देश्य युवाओं को बजट के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने विचार प्रधानमंत्री जी के साथ साझा करने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि इस क्विज में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 17 फरवरी है। विजेता युवाओं को प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद में भाग लेने का मौका मिलेगा। क्विज के बाद, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित टॉप प्रदर्शनकताओं को निबंध लेखन राउंड में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसमें उन्हें केंद्रीय बजट से संबंधित आठ प्रमुख विषयों पर निबंध लिखने होंगे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नपा सीएमओ ने स्वास्थ्य अमले की बैठक ली

### स्वच्छता गैंग करेगी सिर्फ बड़े नालों की सफाई, कचरा प्वाइंटों से कचरा समय से उठाने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में अच्छी रैंक प्राप्त करने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है! शनिवार 7 फरवरी को नगर पालिका कार्यालय स्थित सीएमओ कक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने स्वास्थ्य अधिकारी,स्वच्छता निरीक्षको व स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए!

समीक्षा बैठक में श्रीमती बामनिया ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि तीनों स्वच्छता गेंग को वार्ड में न लगाकर उनसे बड़े नालों की सफाई करवाई जाए व शहर में निर्धारित कचरा पॉइंट सहित अन्य स्थानों से समय पर कचरा उठाया जावे !साथ ही श्रीमती बामनिया ने शहर के नागरिकों को रीसायकल व थ्री आर पद्धति अपनाने हेतु प्रेरित करने व स्वयं अपने यहां भी उक्त पद्धति को अपनाने, नगर में प्रत्येक संरचना पर गिला व सूखा कचरा पृथक पृथक एकत्रित करने तथा नागरिकों को कचरा वाहन में गीला व सुखा कचरा अलग-अलग डालने हेतु प्रेरित करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षको व स्वच्छता पर्यवेक्षकों को दिए! श्रीमती बामनिया ने सुचना के बावजूद बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले स्वच्छता निरीक्षक व स्वच्छता पर्यवेक्षकों का तीन दिवस का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए! श्रीमती बामनिया ने सफाई अमले की छुट्टी पर प्रतिबंध लगाते हुए आपात स्थिति में सीएमओ से अवकाश स्वीकृत करवाने एवं सफाई कार्य के दौरान ड्रेस कोड में रहने के निर्देश भी दिए!

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री दीपक सरसवाल, श्री सुनील कल्याणी, श्री दीपक गौहर, श्री निर्मल गोडाल,श्री ऋषि कलोसिया,श्री संजय सुल्तान, श्री रणजीत चौहान आदि उपस्थित थे।

## विकास नगर एवं हुडको कॉलोनी के मध्य राजयोग साधना केन्द्र का शुभारंभ

**नीमच।** वर्तमान समय में आज सामान्यतः प्रत्येक व्यक्ति तनावग्रस्त दिखाई देता है और देखा गया है कि डिप्रेशन का रोग तेजी से बढ़ रहा है । टेंशन के कारण अनिद्रा, उदासी, चिड़चिड़ापन, हायपरटेंशन और कब्ज आदि अनेक रोग दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं । कई व्यक्ति टेंशन से छुटकारा पाने के लिए नशे का सहारा लेकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं । इन्हीं सब बातों के निवारण हेतु ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं तथा निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है,



## जैन संगीतकार पारस गढ़ा ने किए 2300 वर्ष प्राचीन आदिनाथ दादा के दर्शन

**महिदपुर।** महिदपुर स्थित ऐतिहासिक किला मंदिर एक बार फिर आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना, जब सुप्रसिद्ध जैन संगीतकार पारस गढ़ा प्रभु दर्शन हेतु यहां पहुंचे। मंदिर में संप्रतिकालीन 2300 वर्ष प्राचीन प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव (आदिनाथ) भगवान की प्रतिमा विराजमान है। साथ ही यहां विश्व के सर्वप्रथम 108 आदिनाथ भी प्रतिष्ठित है, जो इस स्थल को विशेष धार्मिक महत्व प्रदान करती है। पारस गढ़ा ने श्रद्धाभाव से प्रभु के दर्शन किए तथा मंदिर परिसर में स्थापित शत्रुंजय की प्रतिकृति के माध्यम से पावन श्री शत्रुंजय गिरिराज यात्रा का पुण्य लाभ भी प्राप्त किया। इस आध्यात्मिक अवसर पर उनके साथ प्रसिद्ध ढोल एवं तबला वादक रोहित परमार भी उपस्थित रहे। विशेष रूप से, इस पावन अवसर पर पारस गढ़ा ने अपना विश्व प्रसिद्ध भजन नेम रस भी भक्तिभाव से प्रस्तुत किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया और उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दर्शन उपरांत मंदिर समिति द्वारा पारस गढ़ा का पारंपरिक रूप से शाल, माला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। समिति सदस्यों ने जैन संगीत के माध्यम से जिनशासन की प्रभावना और अभिवृद्धि में उनके योगदान की सराहना करते हुए अनुमोदना व्यक्त की। इस अवसर पर राजेश रूनवाल, महेश सुमन, पारस मूणत, प्रमोद कोचर, अर्पित नवलखा, अमित नवलखा, अभिवर्धन स्तुत्य छजलानी सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण और उल्लास का दृश्य देखने को मिला।

## कथावाचक मीरा दीदी की कथा के प्रभाव से क्षेत्र में हुआ मंदिरों का जीर्णोद्धार



**महिदपुर।** सतीमाता मंदिर मुंजाखेड़ी में पिछले 4 वर्ष से श्री राम कथा (संगीतमय) का आयोजन आयोजक समिति द्वारा कराया जा रहा है। कथा में क्षेत्रवासियो द्वारा सामर्थ अनुसार सहयोग प्रदान कर रहे है। श्रद्धालुओं ने बताया कि मीरा दीदी की कथा प्रारम्भ होंने के बाद क्षेत्र के हर धार्मिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। युवा पीढ़ी धर्म संस्कृति की मूल विचारधारा की और बढ़ रही है। क्षेत्र में अपराध का स्तर गिरा है। हिंदुत्व का भाव गांव गांव में जाग रहा है इसी के साथ साध्वी श्री मीरा दीदी की कथा के प्रभाव से क्षेत्र के गांव सतीमाता मंदिर व गोगाखेड़ा, मोड़ी, मुंजाखेड़ी व ढाबलासिया के मंदिरो का जीर्णोद्धार हो रहा है एवं मंदिर को भव्य दिव्य रूप देने का कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन कथा में हजारो की संख्या में युवाओ के साथ श्रद्धालु आ रहे है।

## गैस सिलेंडर चोरी एवं अवैध हाथभट्टी की कच्ची शराब बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तथा अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब का विक्रय करने वाले 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली कि काली माता मंदिर के पास दो व्यक्ति अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने हेतु खड़े है सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा दबिश दी गई, जहां से आरोपियों के कब्जे से लगभग 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 हजार रु को बरामद की। आरोपियों के विरुद्ध थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा एसबीआई बैंक, उदावत परिसर से गैस सिलेंडर चोरी करना स्वीकार किया, जिसे आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया। फरियादी नारायण सिंह यादव निवासी सीलखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गत दिनों फरियादी गांव से गैस सिलेंडर लेकर एसबीआई बैंक, उदावत डीडी जमा करने गए थे। बैंक के बाहर मोटरसाइकिल पर गैस सिलेंडर बंधा हुआ था। बैंक से बाहर आने पर गैस सिलेंडर गायब मिला, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी आशीष साहू पिता चतरू साहू 19 वर्ष निवासी राजकुमार पैलेस, अनुराग जाटव पिता महेश जाटव 20 वर्ष, निवासी बगुची को गिरफ्तार किया

## जाटव ब्रजवासी समाज कल्याण समिति संघ चौरासी मप्र के मीडिया प्रभारी बने सोनवार



**गुना।** जाटव ब्रजवासी समाज कल्याण समिति संघ चौरासी मप्र की विगत दिवस एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति के निर्वाचित सदस्यों व निर्वाचन अधिकारियों ने संयुक्त रूप से समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए सामाजिक कर्तव्य देने का निर्णय लिया। इसके साथ ही संघ के प्रदेशाध्यक्ष कैलाशचंद्र की अनुशंसा पर प्रदेश सचिव देवेंद्र विजयपुरिया ने मीडिया प्रभारी नरेन्द्र सोनवार गुना को नियुक्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजबंधुओं और उनके शुभचिंतकों सहित इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

खेती में नवाचारः सारंगपुर के खेतों में 'ड्रोन क्रांति नई तकनीक से 2500 एकड में ऐतिहासिक स्प्रे

# पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग, फसलों का उपचार कर किया एक नया कीर्तिमान स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर क्षेत्र में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों को पीछे छोडते हुए किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में एक बडी उपलब्धि हासिल की है। अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ), मऊ ने क्षेत्र में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर 2500 एकड भूमि पर फसलों का उपचार (स्प्रे) कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन का उपयोग केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की बडी समस्याओं का समाधान है।



### यह हो रहे लाभ, समय की बचत

ड्रोन से स्प्रे के माध्यम समय की भारी बचत होगी और घंटों का काम अब चंद मिनटों में पूरा हो रहा है सेंसर-आधारित तकनीक से पूरी फसल पर एक समान दवा का छिडकाव होता है, जिससे बबार्दी रुकती है। इससे उन बडी फसलों या घने क्षेत्रों में भी स्प्रे संभव हो पाया जहाँ हस्तचालित पंप के साथ जाना मुश्किल था। खेतों में छिडकाव के दौरान किसानों को जहरीले जीवों (सांप-बिच्छू) और कीटनाशकों के सीधे शारीरिक संपर्क से होने वाले खतरों से सुरक्षा मिली है।

इस रबी सीजन में टीम ने 3 अत्याधुनिक ड्रोन्स की मदद से सरसों, चना और मसूर जैसी फसलों को कवर किया है। 2500 एकड़ का यह सफर तो महज एक शुरूआत है। हमारा लक्ष्य अगले साल 10 हजार एकड़ तक पहुंचना है। रबी के साथ-साथ खरीफ सीजन में सोयाबीन और मक्का जैसी फसलों पर भी ड्रोन स्प्रे के परिणाम काफी उत्साहजनक होने वाले हैं।

कृषि ड्रोन का उपयोग केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की बडी समस्याओं का समाधान है। मऊ ने क्षेत्र में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर 2500 एकड भूमि पर फसलों का उपचार (स्प्रे) कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कृषि ड्रोन तकनीक का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन उत्साहजनक है। खेतों में ड्रोन से फसलों पर छिडकाव के काफी सकारात्मक और प्रभावी परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इससे न केवल कीटनाशकों का सटीक उपयोग सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है। अंकुरण एफपीओ जैसे संगठनों का यह प्रयास सराहनीय है।

> **इनका कहना है**
>
> जिले में ड्रोन तकनीक के माध्यम से किया जा रहा यह नवाचार कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति ला रहा है। तकनीक के इस समावेश से निश्चित ही हमारे जिले के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। शासन की मंशा के अनुरूप यह कदम किसानों की आय बढाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा।
>
> **सचिन जैन, उपसंचालक कृषि, जिला राजगढ।**

कठिन तपस्या और संयम के साथ तय की वैराग्य की सीढ़ियां

# छुल्लक चर्या के बाद मुनि बन रचा इतिहास, समाधि के बाद पंचतत्व में विलीन हुए मुनिश्री

अंतिम समय में पूर्ण त्याग और नमोकार मंत्र के जाप के साथ त्यागी देह





दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

80 साल के जैन मुनि विश्व सिद्वी जी महाराज जिन्होंने आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज से 2 साल पहले 16 जून 2024 को कारंगा महाराष्ट में छुल्लक दीक्षा ली थी। ऐसे संत को शुक्रवार को अपनी जिंदगी के अंतिम समय का अहसास हो गया, इसलिए उन्होंने मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज से मुनि दीक्षा धारण की तथा नवकार के उच्चारण के साथ मुनि दीक्षा धारण करने के 25 मिनट बाद सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर अपना देह त्याग दिया। देह त्यागने से पूर्व अपने जीवन की सभी वस्तुओं को छोड़कर व्रत (संलेखना) ले ली। समाधि के बाद उनकी अंतिम यात्रा शहर में निकली और अंतिम संस्कार के समय जैन साध्वी और मुनियों सहित धर्मजनों ने उनकी चिता की परिक्रमा लगाकर अंतिम विदाई दी। महाराज की विदाई में आसपास के क्षेत्र के बडी संख्या में समाजजन अन्तिम यात्रा डोल में शामिल हुए। बता दें कि ऐसी परंपराएं हैं अगर कोई संत समाधि या संथारा लेता है तो देह त्याग करने के बाद उसकी अंतिम यात्रा में ऐसे ही देह को समाधि की मुद्रा में ही बैठाते हैं। इसलिए इसे डोल निकालना भी कहा जाता है। जैन धर्म में परंपरा है कि यदि कोई संत समाधि की मुद्रा में देह त्याग करता है तो उसे मोक्ष भी उसी मुद्रा में मिलेगा। इसलिए मुनि विश्व सिद्वी जी महाराज की अंतिम यात्रा भी ऐसे ही निकाली गई।

### वो 25 मिनट का समय

समाधि से पूर्व सुबह 9 बजे मुनिश्री को शरीर में कुछ असहजता महसुस हुई तो उन्होनें अपने संघ के गुरू विवर्धन सागर जी महाराज को बुलाया। मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज ने सुबह 10 बजे छुल्लक विश्व सिद्वी जी तबीयत खराब होने पर उन्हे मुनि दीक्षा देकर 28 मूलगुण, आहार, पानी का त्याग करवाकर समाधिमरण सुनवाया। समाधिमरण सुनते सुनते ही 10:40 बजे उन्होंने देह त्याग दिया।

### अंतिम सत्य है मुत्यु

मुनिश्री विवर्धन सागर जी महाराज ने कहा जीवन का अंतिम सत्य है मुत्यु है किन्तु समाधि धारण कर मृत्यु को प्राप्त करना बहुत बडी बात है। मुनिश्री विश्व सिद्वी जी महाराज अपने जीवन में पूरे समय संयम के पथ पर चलकर साधना में लीन रहे। लगभग 2 वर्षो से वे एक दिन छोडकर निर्जल उपवास कर रहे थें। जिस गांव में जिस परिवार के व्यक्ति की समाधि होती है उस गांव एवं परिवार के लोगों के लिए यह शुभ है।

### ऐसे हुआ अंतिम संस्कार

अंतिम संस्कार के लिए यात्रा त्रिमूर्ति मंदिर पहुंचने पर प्रदीप कुमार लुहाडिया ने पूजन की बोली लेकर महाराज की पूजा कर अर्घ्य चढाए। फिर उनका जलाभिषेक हुआ। चिता को अग्नि देने की बोली कोमलचंद जैन छत्रीवाले ने ली। पूजन के बाद शांतिपाठ व धार्मिक क्रियाएं अशोक जैन मामा ने की। मुखाग्नि देने की बोली लेने वाले कोमलचंद जैन छत्रीवाला परिवार ने अन्तिम संस्कार की क्रियाएं की। उनकी चिता को सजाकर जैन मुनियों ने चिता की परिक्रमा लगाई और बाद में समाजजन चिता के चारों ओर घूमकर मुनि को अंतिम विदाई दी।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की वाहन रैली आज, ई-अटेंडेंस का करेंगे बहिष्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा दिनांक 8 फरवरी रविवार को जिले में पेंशन की मांग और अटेंडेंस के बहिष्कार करने के लिए एक वाहन रैली (मोटरसाइकिल) निकाली जाएगी। संघ के आरोन ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी ने बताया कि संगठन अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में 8 फरवरी रविवार को एक साथ पेंशन रैली एवं इ अटेंडेंस के बहिष्कार हेतु रैली का आयोजन कर रहा है इसके पश्चात 12 अप्रैल 2026 को भोपाल में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। इसी के क्रम में इस रैली का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त रैली चाचौड़ा विकासखंड के खटकिया चौराहे पर 12:00 बजे प्रारंभ होगी जो राघोगढ़, बमोरी से आने वाले शिक्षकों के साथ चिंताहरण चौराहे पर एकत्रित होकर 4 बजे न्यू कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचेगी, यहां कलेक्टर को ज्ञापन सोपा जाएगा। इसके लिए गुना, राघोगढ़ एवं चाचौड़ा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अनुमति ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी भोपाल में आयोजित एकदिवसीय धरने में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल द्वारा सरकार को 5 फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया था जिसमें बताया था कि यदि 5 फरवरी तक विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी अटेंडेंस लगाते हैं तो ही शिक्षक ईअटेंडेंस लगाएंगे अन्यथा 5 फरवरी से ई अटेंडेंस का पूरे प्रदेश में बहिष्कार किया जाएगा। इस ज्ञापन के माध्यम से पुनः शासन को स्मरण कराया जाएगा। संघ आरोन ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी ने जिले में सेवारत अध्यापक संवर्ग के समस्त शिक्षकों से अपील की है कि वह इस वाहन रैली में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर अपनी 21 सूत्री मांगों को सरकार से पूर्ण कराने का प्रयास करें।

# ए मेरे वतन के लोगों राष्ट्रकवि प्रदीप जयंती पर व्याख्यान एवं रचना पाठ का हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल विभाग द्वारा गीत ऋषि प्रदीप के जन्मदिन की पूर्व संध्या गुरुवार को व्याख्यान एवं रचना पाठ का भव्य आयोजन बड़नगर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जितेन्द्रसिंह पंड्या, विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाज सेवी हरिकिशन मेलवानी ने की। इस अवसर पर विधायक पंड्या ने वन्देमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदीपजी के लिखे गीत आओ बच्चों तुम्हे दिखाए झांकी हिन्दुस्तान की वन्दे मातरम का जिक्र करते हुवे कहा कि इस गीत को सुनकर देश के क्रांतिकारियों और देश के युवाओं में देश की प्रति सर्वस्य न्योछावर करने का जोश जागृत हो जाता था।



कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादमी भोपाल के निर्देशक डॉ. विकास दवे ने स्वागत भाषण देते हुवे कार्यक्रम की संपूर्ण रूप रेखा एवं जानकारी उपस्थित श्रोताओं को प्रदान की। आपने कहा बड़नगर जैसे छोटे से शहर ने राष्ट्र को एक महामना प्रदान किया जिसके गीतों ने संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया। प्रदीपजी के पारिवारिक सदस्य नितेश जोशी जय ने अपने व्याख्यान में रामचंद्र द्विवेदी से फिल्म दुनियां के मुखर गीतकार प्रदीप तक के सफर को एवं पारिवारिक छोटे छोटे प्रसंगों को बड़े ही आत्मीयता से बताया। भोपाल से पधारे फिल्म पत्रकार राजेश गाबा ने आपके फिल्मी सफर के हर पहलू की समीक्षा बड़े ही रोचक शब्दों में सुना सबका दिल जीत लिया। रचनाकार अतुल ज्वाला इंदौर, राजेश शर्मा तलेन, रमेश चंद्र चांगेसिया प्रभात, राहुल शर्मा उज्जैन, गोपाल कावड़िया बदनावर, राम शर्मा परिंदा मनावर, संध्या मिश्रा मयूरी महू एवं पुष्पेंद्र जोशी पुष्प ने एक से बड़के एक रचनाओं का पाठ कर खूब दाद बटोरी। अध्यक्षीय उद्बोधन में मेंलवाणी ने कहा कि रचना धर्मियो को प्रदीप के साहित्य का गहराई से मनन करना चाहिए, आपके संपूर्ण काव्य में एक अलग ही चेतना बसी जो मन को अंदर तक झंकृत करती है। नगर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रेमचंद त्रिवेदी द्वितीय की किताब व्यंग्य संग्रह व्यंग्य भए क्वारंटाइन का वितरण भी किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के साहित्यकार, पत्रकार एवं सुधि श्रोताओं ने शिरकत की। सफल संचालन अंकित त्रिवेदी ने किया। उक्त जानकारी एवं आभार स्थानीय कार्यक्रम संयोजक प्रमोद पंचोली प्रीतेश द्वारा प्रदान की गई।



## पीएमश्री भ्याना में 12वीं के छात्रों को दी विदाई

**सारंगपुर।** कस्बे के विद्यालय शासकीय पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना में कक्षा12वी के छात्रों को विदाई दी गई। 11वी के छात्रों ने 12वीं के छात्रों की पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। विद्यालय की शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद विभिन्ना सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार पालीवाल व हुकम सिंह पाटीदार का मार्गदर्शन विद्यार्थी को मिला और परीक्षा में रखी जाने वाली सावधानियां को बताया गया। इसके बाद कक्षा 12 वी के छात्रों का 11 वी के छात्रों ने तिलक लगाकर स्वागत किया और उपहार देकर विदाई दी। वहीं शिक्षक संजय चौहान ने अवसर पर बच्चों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। शिक्षिका रेशमा खान ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने एक साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षको ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन गोपाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## होली उत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति की बैठक सम्पन्न



**सारंगपुर।** आगामी होली पर्व को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर की बैठक गुरुवार रात्रि को अम्बे माता मंदिर परिसर में समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में होली के अवसर पर पांच दिवसीय रंगारंग उत्सव मनाने को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक का संचालन वैभव पुष्पद ने किया। बैठक में तय किया गया कि 2 मार्च सोमवार को अम्बे माता मंदिर से बाल्मीकि समाज के द्वारा समरसता का संदेश देते हुए रामायण जी लेकर चल समारोहों निकाल कर बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। 3 मार्च मंगलवार को गमी वाले घरों पर सामूहिक रूप से रंग डालने का कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 4 मार्च बुधवार को मुखर्जी चौक में संगीत निशा का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 5 मार्च गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा 6 मार्च शुक्रवार को रात्रि में बस स्टैंड पर कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके पश्चात 8 मार्च रविवार को बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से रंग पंचमी पर सामूहिक गैर निकाली जाएगी। बैठक में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, मुक्तिधाम अध्यक्ष अनिल बारकिया, अशोक साहू, महेश पाटीदार, सतीश राठौर, नितेश मिश्रा, मांगीलाल पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश मिश्रा, दिनेश सिसौदिया सहित हिन्दू उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नवीन रुण्डवाल ने दी। बैठक के अंत में सुशील व्यास ने आभार व्यक्त किया।

## वीबी जीरामजी की बूढ़े बालाजी मंडल कार्यशाला आयोजित



**गुना।** भाजपा बूढ़े बालाजी मंडल द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण एक्ट) वी.बी. जी-राम-जी के अन्तर्गत जनजागरण अभियान के निमित्त मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं द्वारा अधिनियम के बारे कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी एवं कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए प्रेरित किया। जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश अहिरवार ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वी.बी. जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। 'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव ने कहा कि वी.बी. जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सुनील शर्मा, योगेश परसोलिया, गोविंद रजक, कार्तिक चंदेल, विनोद धाकड़, मोनू कुशवाहा, किशोर लोधा जी राजा पंत, अमन शिवहरे कार्यशाला में भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण, पार्षदगण, मातृशक्ति सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साउथ सुपरस्टार रजनीकांत बताया 'नकली समाजसेवी'



पिछले दिनों रजनीकांत ने एक सफाई कर्मचारी पद्मा से मुलाकात की। इस महिला को सफाई करते हुए लाखों की सोने की ज्वेलरी मिली, जिसे उसने अपने सीनियर्स और बाद में पुलिस को सौंपा था। पद्मा की सच्चाई, ईमानदारी से रजनीकांत खुश हुए। उन्होंने सफाई कर्मचारी पद्मा को अपने घर बुलाया और सोने की चेन तोहफे में दी। यह खबर सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। इसी खबर पर लेनिन भारती ने रिएक्शन देते हुए रजनीकांत को नकली समाजसेवी कहा। साथ ही ऐसा कहने के पीछे की वजह भी साझा की है। आखिर रजनीकांत पर इस तरह के आरोप लगाने वाला शख्स कौन है? जानिए।

## लेनिन भारती ने पोस्ट के जरिए रजनीकांत पर लगाया आरोप

लेनिन भारती दक्षिण भारतीय अभिनेता और फिल्ममेकर हैं। हाल ही में उन्होंने रजनीकांत को निशाना बनाते हुए एक ट्वीट किया। इसमें वह लिखते हैं, 'आप कहां थे रजनीकांत? जब सफाई कर्मचारी रिपन बिल्डिंग के गेट पर अपने अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे? क्या आप उन्हें सिर्फ उनकी यूनिफॉर्म से पहचानेंगे जिससे आप अपनी तथाकथित दरियादिली दिखा सकें, आप नकली समाजसेवी हैं?

## रजनीकांत के फैंस ने किया लेनिन को ट्रोल


जब लेनिन भारती ने रजनीकांत को नकली परोपकारी और समाजसेवी कहा तो फैंस नाराज हो गए। लेनिन भारती को सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। साथ ही कुछ लोगों ने रजनीकांत के काम को पूरी तरह से सपोर्ट किया।

## इन फिल्मों के लिए चर्चित हैं लेनिन भारती

लेनिन भारती के करियर फ्रंट की बात करें तो वह तमिल फिल्मों के नामी कलाकार हैं, कई फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। साथ ही बतौर डायरेक्टर, राइटर भी काम करते हैं। साल 2018 में बतौर निर्देशक उन्होंने पहली फिल्म ह्यमेर्कु थोडार्ची मलाईह्र बनाई थी। फिल्म में एंटनी और गायत्री कृष्णा ने अहम किरदार निभाए थे। फिल्म एक सोशल इश्यू को उठाती थी, इसे बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रेस्पॉन्स मिला था।

# शालिनी पांडे ने बिकनी में दिए पोज, लिया सर्दी की धूप का आनंद

**शालिनी पांडे ने अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह काफी बोल्ड लग रही हैं। इन पर यूजर्स ने कमेंट किए हैं।**





अभिनेत्री शालिनी पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अपनी जिंदगी से जुड़ी कई अपडेट साझा करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है। तस्वीरों के जरिए उन्होंने दिखाया है कि उन्होंने अपनी छुट्टियां कैसे बिताई हैं।

## शालिनी पांडे की पोस्ट में क्या है?

शालिनी पांडे ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह काफी ग्लैमरस दिख रही हैं। एक तस्वीर में वह बीच पर पोज दे रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में वह बिकनी में हैं और सर्दियों की धूप का आनंद ले रही हैं। एक और तस्वीर में वह एक सफर पर हैं। एक तस्वीर में वह मिरर सेल्फी ले रही हैं।

## यूजर्स को पसंद आई तस्वीरें

शालिनी की तस्वीरों पर कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बहुत अच्छी तस्वीरें हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'इस पोस्ट को मैंने 100 बार लाइक किया है।' एक और यूजर ने उन्हें बहुत खूबसूरत बताया है। एक और यूजर ने उन्हें रानी कहा है।

## कौन हैं शालिनी पांडे?

शालिनी पांडे ने साल 2017 में तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी और तमिल फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो 'क्राइम पेट्रोल' का भी हिस्सा रही हैं। 23 सितंबर 1993 को जन्मी शालिनी का ताल्लुक मध्य प्रदेश के जबलपुर से है।

## शालिनी पांडे का वर्कफ्रंट

शालिनी पांडे हाल ही में सीरीज 'डब्बा कार्टेल' और धनुष-नित्या मेनन स्टारर फिल्म 'इडली कढ़ाई' में अपनी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ बटोर चुकी हैं। हाल ही में, वह फेंटेसी कॉमेडी 'राहु केतु' में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा के साथ नजर आईं।

# डांसर सपना चौधरी ने कंटेस्टेंट को दी पीटने की धमकी; शो 'द 50' में जमकर हुआ हंगामा

**जियो हॉटस्टार ने शो से जुड़ा एक और प्रोमो रिलीज किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा-जब दो स्ट्रॉन्ग पर्सनालिटी टकराएंगी, तो कलेश होगा ही। साथ ही प्रोमो में सपना चौधरी और दिव्या अग्रवाल का एक वीडियो शेयर किया है**

रियलिटी शो 'द 50' में अलग-अलग फील्ड से जुड़े 50 कंटेस्टेंट्स शामिल हैं। 'बिग बॉस' की ही तरह इसमें भी कंटेस्टेंट के बीच नोंक-झोंक और लड़ाई देखने को मिल रही है। हालांकि लड़ाई के मामले में इस शो को बिग बॉस से ऊपर माना जा रहा है। यहां एंटरटेनमेंट कम, लड़ाई-झगड़े ज्यादा हो रहे हैं। हाल ही में डांसर सपना चौधरी और एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल के बीच खूब घमासान हुआ।

## कौन किसे मारेगा थप्पड़?

जियो हॉटस्टार ने शो से जुड़ा एक और प्रोमो रिलीज किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा-जब दो स्ट्रॉन्ग पर्सनालिटी टकराएंगी, तो कलेश होगा ही। साथ ही प्रोमो में सपना चौधरी और दिव्या अग्रवाल का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो की शुरूआत में सपना दूसरे कंटेस्टेंट से कह रही हैं, कब तक रोक लोगे, मैं इसे (दिव्या) को मारूंगी।' जिसके बाद दिव्या इसके जवाब में सपना से कह रही हैं, 'अगर मुझे थप्पड़ मारेगी, तो मेरा एमएमए का मुक्का पड़ेगा।' वीडियो के बीच में दोनों के बीच जबरदस्त कहा-सुनी देखने को मिलती है। प्रोमो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपकमिंग एपिसोड में जबरदस्त एंटरटेनमेंट दर्शकों को देखने को मिलने वाला है।

## बीते दिनों भी सपना का हुआ था झगड़ा

बीते दिनों भी सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर अदनान शेख के बीच जमकर झगड़ा देखने को मिला था। इस झगड़े में अदनान ने सपना चौधरी को लेकर बदजुबानी की थी। इस पर वह भड़क गई थी और उन्हें मारने-पीटने की धमकी दे डाली थी।

## क्या है शो 'द 50' का कॉन्सेप्ट?

यह एक अलग तरह का गेम शो होगा। इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हैं। शो में एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन जैसे कई लोग शामिल हैं। 'द 50' में युविका चौधरी, प्रिंस नरुला, रजत दलाल, करण पटेल जैसे एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं। यह शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।





रोमारियो शेफर्ड ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले ही मैच में दमदार प्रदर्शन किया और हैट्रिक ली जिससे वेस्टइंडीज विजयी शुरूआत में सफल रहा।

# शेफर्ड ने ळ20 विश्वकप में ली हैट्रिक, वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराया; हेत्मायर भी चमके

**कोलकाता।** शिमरॉन हेत्मायर के बल्लेबाजी के बाद रोमारियो शेफर्ड की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने ग्रुप सी के मुकाबले में स्कॉटलैंड को 35 रनों से हराया। वेस्टइंडीज ने इस तरह टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की। दिलचस्प बात यह है कि शेफर्ड ने पहले ही मैच में हैट्रिक ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 18.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई।



## स्कॉटलैंड की पारी

स्कॉटलैंड के लिए जॉर्ज मुंसे और माइकल जोंस ने पारी का आगाज किया, लेकिन टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही।

स्कॉटलैंड को पहला झटका जोंस के रूप में लगा जो पांच गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अच्छी लय में नजर आ रहे ब्रेंडन मैकमुलन 12 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में तीसरा झटका स्कॉटलैंड को मुंसे के रूप में लगा जो 15 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए।

रिची बेरिंगटन और टॉम ब्रूस ने चौथे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी निभाई। दोनों के बीच 46 गेंदों पर 78 रनों की साझेदारी हुई। कप्तान बेरिंगटन के आउट होने के साथ ही इस साझेदारी का अंत हुआ। बेरिंगटन 24 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गुडाकेश मोती ने टॉम ब्रूस को अपना शिकार बनाया जो 28 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 35 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

वेस्टइंडीज के लिए शेफर्ड ने पांच विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर को तीन सफलता मिली। शमार जोसेफ और गुडाकेश मोती को एक-एक विकेट मिला।

## हेत्मायर का पचासा

दो विकेट गिरने के बाद शिमरॉन हेत्मायर और रोवमैन पोवेल ने टीम की पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान हेत्मायर ने दमदार बल्लेबाजी की और आक्रामक अंदाज में खेलते नजर आए। हेत्मायर ने अपना अर्धशतक पूरा किया। हेत्मायर और पोवैल के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, पोवैल अपना विकेट गंवा बैठे और 14 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। हेत्मायर हालांकि, 19वें ओवर में जाकर आउट हुए। हेत्मायर ने 36 गेंदों पर दो चौकों और छह छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। फिर शेरफाने रदरफोर्ड 13 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के सहारे 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रोमारियो शेफर्ड छह और मैथ्यू फोर्ड एक रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड के लिए ब्रैड करी ने दो विकेट लिए, जबकि सैफयान शरीफ, ओलिवर डेविडसन और माइकल लिएस्क को एक-एक सफलता मिली।

## शेफर्ड की हैट्रिक

वेस्टइंडीज के लिए तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड ने टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में पहली हैट्रिक पूरी की। 17वां ओवर डालने आए शेफर्ड ने दूसरी गेंद पर क्रॉस को पवेलियन भेजा। इसकी अगली गेंद पर उन्होंने लिएस्क को खाता खोले बिना आउट किया। चौथी गेंद पर शेफर्ड ने ओलिवर डेविडसन को अपना शिकार बनाया और हैट्रिक पूरी कर ली। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर शेफर्ड ने सैफयान शरीफ को आउट किया। इस तरह उन्होंने ना सिर्फ हैट्रिक पूरी की, बल्कि ओवर से चार विकेट भी झटके।

## वेस्टइंडीज की अच्छी शुरूआत

वेस्टइंडीज के लिए ब्रेंडन किंग और शाई होप बल्लेबाजी के लिए उतरे। इन दोनों ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और पावरप्ले तक स्कॉटलैंड को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। वेस्टइंडीज ने छह ओवर की समाप्ति तक बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए। हालांकि, लिएस्क ने होप को आउट कर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया जो 22 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। फिर ब्रेंडन भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और 30 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए।

# कार्रवाई से बचने के लिए पाक ले रहा इस नियम का सहारा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है। पाकिस्तान ने यह निर्णय तो ले लिया है, लेकिन उसे भी पता है कि इसके क्या परिणाम उसे भुगतने पड़ सकते हैं। पाकिस्तान आईसीसी की संभावित कार्रवाई से बचने के लिए सभी विकल्प तलाश रहा है। वहीं, क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने भी पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैच नहीं खेलने को सही ठहराने के लिए फोर्स मेज्योर के प्रावधान को कैसे लागू किया जा सकता है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) फोर्स मेज्योर लागू करना चाहता है। यह एक ऐसा प्रावधान है जो अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति में लागू होता है। पीसीबी ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी। लेकिन अब आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है।

फोर्स मेज्योर एक कानूनी प्रावधान है, जो किसी पक्ष को असाधारण परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों से हटने की छूट देता है। इसमें युद्ध, प्राकृतिक आपदा, सरकारी आदेश या सार्वजनिक आपातकाल जैसी स्थितियां शामिल होती हैं। इसका इस्तेमाल तभी मान्य होता है जब प्रभावित पक्ष साबित करे कि घटना अनपेक्षित, अपरिहार्य थी और उसने सभी संभव प्रयास किए ताकि नुकसान को कम किया जा सके। इसके लिए सिर्फ असुविधा या राजनीतिक पसंद पर्याप्त नहीं होती।

आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि उन्होंने मैच नहीं खेलने का फैसला करने से पहले स्थिति को संभालने के लिए क्या कदम उठाए। इसके लिए विकल्प तलाशे या छूट मांगी। सूत्रों के अनुसार आईसीसी ने फोर्स मेज्योर लागू करने की वैध शर्तें, मैच से हटने के लिए जरूरी सबूत और इसके खेल, व्यावसायिक और प्रबंधन पर पड़ने वाले व्यापक असर की जानकारी पीसीबी को दी है। फोर्स मेज्योर का इस्तेमाल अगर अवैध पाया गया तो आईसीसी संभावित हजार्ने की मांग भी कर सकता है। आईसीसी ने यह भी कहा कि चयनात्मक भागीदारी वैश्विक टूर्नामेंट के मूल सिद्धांत के खिलाफ है और इससे पीसीबी को अनुबंध उल्लंघन और नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# आयुष म्हात्रे अंडर-19 विश्वकप जीतने वाले छठे भारतीय कप्तान

**हरारे।** भारत ने एक बार फिर अंडर-19 क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया। 6 फरवरी को खेले गए आईसीसी अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ आयुष म्हात्रे अंडर-19 विश्व कप जीतने वाले भारत के छठे कप्तान बन गए। जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेले गए इस टूर्नामेंट में युवा भारतीय टीम ने पूरे अभियान में संतुलित प्रदर्शन किया। मोहम्मद कैफ से लेकर पृथ्वी शॉ और अब आयुष म्हात्रे तक, भारत की चैंपियन कप्तानी की परंपरा और भी मजबूत हुई। भारत इस टूर्नामेंट की दिग्गज टीम है। भारत ने सबसे ज्यादा छह बार यह खिताब जीता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया चार बार, पाकिस्तान दो बार और वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड एक-एक बार चैंपियन रहे हैं। पिछला संस्करण 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर जीता था। अब म्हात्रे ने भारत को एक और खिताब दिलाकर युथ वनडे के महान कप्तानों में अपना नाम शुमार कर लिया।


| | | |
|---|---|---|
| **आवश्यकता है**<br>कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की<br>पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की<br>शीघ्र संपर्क करे<br>श्री हरि पेपर इंडस्ट्री<br>8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन<br>मोबाइल 9425358095 | **कर्मचारी की आवश्यकता**<br>क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर<br>किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है<br>पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808 | **तुरंत लोन**<br>होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.<br>पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन<br>मो. 9981248359 |
| **प्लाट बेचना है**<br>गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।<br>मो. 9131720147, 9424045696 | **आवश्यकता है**<br>मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार<br>(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)<br>नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता<br>पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा<br>संपर्क मो.9575477077 | **आवश्यकता है**<br>कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की<br>संपर्क करें 9300405252 |
| **अवश्यकता है**<br>पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।<br>मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)<br>मो. 9425094114 | **आवश्यकता**<br>होटल हिमालया ग्रीन<br>खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)<br>1- तवा रोटी बनाने वाले<br>2- वेटर<br>3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ<br>10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)<br>मो. 9575279117 | **रद्दी बेचना है**<br>अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है<br>संपर्क 7773077762 |
| **रेंट पर देना/आवश्यकता**<br>1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए<br>2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए<br>संपर्क 9826398272 | **कर्मचारियों की आवश्यकता है**<br>इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग<br>सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर<br>मोबा. +91 89629 44070 | **वॉटर प्रुफिंग**<br>करवाएं काफी कम रेट में<br>विजीट चार्ज 499/-<br>ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।<br>बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें<br>9977140280 |

## न्यूज कॉलम

### महापौर ने आयोजन में श्रमदान कर कहा-पहले समझाइश देंगे फिर होगी चालानी कार्रवाई



**इंदौर।** इंदौर के सरवटे बस स्टैंड और राजवाड़ा परिसर से शनिवार को शहर में क्लीन रेड स्पॉट अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान अब हर शनिवार चलाया जाएगा। नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में नया कदम उठाते हुए शहर से रेड स्पॉट खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बनने वाले रेड स्पॉट को पूरी तरह समाप्त करना है। अभियान के शुभारंभ के मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव स्वयं सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र और राजवाड़ा के मुख्य गेट पहुंचे और सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए श्रमदान किया। इस दौरान महापौर ने लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर इधर-उधर थूकने से रोकते हुए स्पीट कप और स्पीट बॉक्स का उपयोग करने की समझाइश दी। साथ ही लोगों को स्पीट कप भी वितरित किए।

### वाहन ना चलाने की बात को लेकर विवाद के बाद युवक के साथ की हाथापाई

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में वाहन ना चलाने की बात को लेकर एक युवक के साथ हाथपाई की घटना हुई। घटना के बाद युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया। इधर, पुलिस ने युवक की शिकायत पर कायमी की है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक विशाल (22) पिता बृजेंद्र त्रिपाठी निवासी गोविंद कॉलोनी की शिकायत पर गुलशन पाठक निवासी गौरी नगर के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज किया गया है। विशाल ने पुलिस को बताया कि गुलशन ने वाहन चलाना छोड़ने की बात को लेकर उससे कहा कि मेरा वाहन क्यों नहीं चला रहा है। इस पर विशाल ने कहा कि वह उसकी गाड़ी नहीं चलाएगा, इस बात पर गुलशन ने विशाल के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की और हाथापाई कर दी, जिसमें विशाल की आंख में चोट आई। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और विशाल को पास के अस्पताल में भर्ती किया।

### स्नेहधाम के ठेकेदार ने बुजुर्गों को खाली करने का नोटिस थमाया

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण का स्नेहधाम अचानक बुजुर्गों के लिए कठोर बन गया है। इसमें रहने वाले बुजुर्गों को कॉन्ट्रैक्टर ने जगह खाली करने का नोटिस दे दिया है। एकाएक हटने का नोटिस मिलने से कुछ बुजुर्गों की तबीयत भी बिगड़ गई है। कॉन्ट्रैक्टर का कहना है कि यहां 108 सीनियर सिटीजन को रहना था, पर 4-5 ही रह रहे हैं। ऐसे में स्नेहधाम चलाना मुश्किल हो रहा है। वहीं, आईडीए ने कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैक लिस्ट करने और उसकी अर्नेस्ट मनी सीज करने की चेतावनी दी है। प्राधिकरण का कहना है कि स्नेहधाम को यदि मौजूदा कॉन्ट्रैक्टर नहीं चलाता है तो दूसरे एनजीओ को मौका दिया जाएगा। कॉन्ट्रैक्टर का नोटिस बुजुर्गों के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। ये सीनियर सिटीजन अपना घर छोड़कर यहां रहने आए थे। किसी ने घर किराए से दिया तो किसी ने अपना घर खाली कर दिया था। स्नेहधाम को ही अपना घर मान बैठे थे। कॉन्ट्रैक्टर ने यहां रहने वाले बुजुर्गों को 28 फरवरी तक खाली करने का नोटिस थमा दिया है। खुद सीएम डॉ. मोहन यादव ने 25 जून, 2025 को यह भवन शुरू किया था और इसे बुजुर्गों के लिए बड़ा कदम बताया गया था।

### युग कार्स मारुति शोरूम में प्री बुकिंग महोत्सव शुरू, 50 प्रतिशत की छूट भी

**उज्जैन।** प्रिय ग्राहक मारुती सुजुकी एरीना- युग कार्स पर 7 फरवरी से 12 फरवरी तक प्री बुकिंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में आप अपनी पसंद की मारुती सुजुकी कार बुक करा कर विक्रम व्यापार मेले में मिलने वाली रोड टैक्स में 50% की छूट का लाभ ले सकते हैं तो आज ही आईये युग कार्स - उज्जैन और बुक कराइये अपने सपनो की मारुती सुजुकी कार। मारुती सुजुकी कार बुक करा कर अपनी कार की डिलीवरी सुनिश्चित करे और पाए विक्रम व्यापार मेले में रोड टैक्स में 50% की छूट के साथ मारुती सुजुकी कार्स पर अन्य लाभ का फायदा।

### कार की टक्कर से घायल युवक की मौत, फरार चालक की तलाश जारी

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र सड़क हादसे में बाइक सवार घायल की मौत हो गई। घटना 27 जनवरी की है, जब तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सर्वेश गौतम (42) पिता देवकीनंदन के रूप में हुई है, जो अपनी ड्यूटी से घर लौट रहे थे। सेक्टर-1 थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल रूपराव तानपुरे से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बेलमेश कंपनी के पास घटी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सर्वेश गौतम बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्हें राहगीरों ने इंदौर के एम वाय अस्पताल भिजवाया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए और बीएनएस की धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है। कार का नंबर एमपी 09 सीजे 1416 बताया गया है। मृतक के शव का आज इंदौर के एम वाय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस फरार कार चालक और कार की तलाश में जुटी हुई है।


जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

भागीरथपुरा हादसा: 33 मौतें, जिसे माना, उसे मदद; जिसे न माना, उसे कुछ नहीं

# 13 परिवारों का सवाल- हमारा क्या कसूर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 33 मौतें हो चुकी हैं। खास बात यह कि शासन अब तक 21 मौतें स्वीकार चुका है, जबकि 22वीं मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग किसी भी मौत को नहीं मान रहा है। यहां तक कि कुछ मौतों के मामलों में तो बकायदा खंडन किया है कि मृतक व्यक्ति या महिला की मौत दूसरी बीमारी (कोमार्बिड) के कारण हुई है।


खास बात यह कि किसी परिवार में एक नहीं बल्कि दो मौतें भी हुई हैं। अब तक 21 जो मौतें मानी गई है, उनमें से 20 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। वह भी शासन की ओर से नहीं बल्कि रेडक्रॉस सोसायटी से यानि दानदाताओं की राशि से। ऐसे में अब बाकी 13 परिवारों का सरकार से सवाल है कि आखिर हमारा कसूर क्या है। हमारे परिवार का व्यक्ति तो उल्टी-दस्त के कारण एडमिट हो गया था फिर हालत बिगड़ने पर मौत हुई है। गुरुवार रात बुजुर्ग अलगूराम यादव की अरबिंदो हॉस्पिटल में मौत हो गई थी । उन्हें उल्टी-दस्त के कारण 9 जनवरी को एडमिट किया गया था और करीब एक माह बाद मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने सफाई दी है कि वे पूर्व से ही लकवे के मरीज थे और दायी जांघ की हड्डी में भी फैक्चर हो गया था। साथ ही अन्य बीमारियां भी थी। जबकि बेटे संजय यादव का कहना है कि पिता 8 जनवरी तक अच्छे थे। दुःखद यह कि एक माह पहले उनकी पत्नी उर्मिला की भी मौत उल्टी-दस्त के बाद हुई थी। इसके लिए परिवार रेडक्रॉस सोसायटी से 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई थी।

#### 19 मौतों में दी गई 2-2 लाख रुपए की सहायता

हादसे में मृत अन्य लोगों को अलग-अलग दौर में 2-2 लाख की सहायता दी गई। इनमें हीरालाल, नंदलाल पाल, अव्यान साहू, अरविंद लिखार, श्रवण, सीमा, उमा, मंजूला, गोमती, जीवनलाल, गीताबाई, अशोक पंवार, संतोष बिगोलिया, शंकर भाया, सुमित्रा बाई, रामकली, हरकुंवर बाई और भगवानदास के परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी से 2-2 लाख रु. की सहायता दी गई। 21 मौतों के बाद तो प्रशासन ने किसी मौत को दूषित पानी से होना ही नहीं माना। चौंकाने वाली बात यह कि कुछ मौतों जैसे सुभद्रा बाई पंवार, हेमंत गायकवाड, एकनाथ सूर्यवंशी आदि की मौत को दूषित पानी से सीधे इनकार किया। दूसरी ओर जीबीएस जैसी गंभीर बीमारी से एक माह से अधिक समय से एडमिट रही पार्वती बाई की बीमारी से साफ इनकार किया गया।

# अप्रैल से शुरू होगी आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के व्यस्त पलासिया क्षेत्र में पार्किंग संकट से जल्द राहत मिलने वाली है। आदर्श रोड पर बन रही मल्टीलेवल पार्किंग को अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था जरूरी है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है। आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर तैयार हो रही मल्टीलेवल पार्किंग को अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है। इससे आदर्श रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। निर्माणाधीन पार्किंग में करीब 150 कारों और लगभग 150 दोपहिया वाहनों के लिए जगह रहेगी। पार्किंग शुल्क नगर निगम की निर्धारित दरों के अनुसार लिया जाएगा। महापौर ने माना कि निर्माण की गति कुछ धीमी है, लेकिन हाल ही में सभी पार्किंग परियोजनाओं में काम तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि लोगों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के चालान भी बनाए जाएंगे, क्योंकि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना निगम की प्राथमिकता है। शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों को काम तेज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राकेश जैन, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, नगर निगम आयुक्त अभय राजांगांवकर और संबंधित एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

भारत की सबसे पुरानी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
रामेश्वरम, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, मदुरई, तिरुपति बालाजी यात्रा
प्रबंधक - राजेश पोरवाल एवं अनिल पोरवाल
समय 10 दिन
• आवास हेतु 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
• कंपनी द्वारा 15 व्यक्तियों से अधिक के समूह में भोजन एवं चाय नाश्ते की सुविधा
विशेष प्रस्थान - 10 मार्च 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर से त्रिवेंद्रम के लिए ट्रेन से प्रस्थान
• तीसरा दिन : विख्यात पद्मनाभ स्वामी मंदिर दर्शन, रात्रि विश्राम त्रिवेन्द्रम
• चौथा दिन : कन्याकुमारी मंदिर दर्शन, संगम स्नान रात्रि कन्याकुमारी
• पांचवा दिन : रामेश्वरम दर्शन, रामेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन रात्रि रामेश्वरम
• छठा दिवस : मदुरई स्थित मिनाक्षी देवी मंदिर दर्शन रात्रि बस अथवा ट्रेन
• आठवां दिन : तिरुपति बालाजी दर्शन (दर्शन हेतु आधार कार्ड साथ लाये)
• नवा दिन : भोपाल होते हुए इंदौर प्रस्थान
• दसवा दिन : इंदौर आगमन
यात्रा शुल्क मात्र 19,500 प्रति सवारी
पूर्ण AC यात्रा शुल्क 28,000 रु प्रति सवारी
ग्रुप बुकिंग पर विशेष छूट

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़

कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com